इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00

# दैनिक विनय उजाला

RNI. Reg. MPHIN/2016/68363

उज्जैन
मंगलवार, 08 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष - 11
वर्ष : 10 | अंक : 78
कुल पृष्ठ : 12



मैड्रिड में होगा खेल सितारों का जमावड़ा... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

मुख्यमंत्री ने राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# अधिकारी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक पूरा करें : डॉ.यादव

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय समाज स्व-नियंत्रित और सुसंस्कृत समाज है। राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को प्रशासन अकादमी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का महानिदेशक प्रशासन अकादमी श्री सचिन सिन्हा द्वारा पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण शुभारंभ पर अकादमी संकल्प गान की प्रस्तुति हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों का ग्रुप फोटो भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं से कहा कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

## उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार के कुल 83 प्रशिक्षु लेंगे सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण



हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें।

### उत्तरदायी-जवाबदेह-पारदर्शी और संवेदनशील भूमिका का निर्वहन करें

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी से विकास और जनकल्याण की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। चयनित अधिकारियों को स्वयं के परिश्रम और ईश्वर की कृपा से जनसेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने सबसे अपेक्षा की कि प्रशिक्षण उपरांत अधिकारी, मैदानी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आत्मविश्वास और सकारात्मक मानसिकता के साथ सुशासन और गुणवत्तापूर्ण लोक सेवाओं के लिए उत्तरदायी-जवाबदेह-पारदर्शी-स्वच्छ और संवेदनशील भूमिका का निर्वहन करें।**

### 83 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण शुरू

**शुभारंभ सत्र को अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, महानिदेशक प्रशासन अकादमी सचिन सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजा बाबू सिंह ने भी संबोधित किया। संचालक प्रशासन अकादमी मुजीबुर्रहमान खान ने आभार माना। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में चयनित वर्ष 2020 और 2021 बैच के उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार पद के लिए चयनित कुल 83 प्रशिक्षुओं के सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 23 मई 2025 तक प्रशासन अकादमी में संचालित होगा।**



# ट्रंप टैरिफ से कांप रहा शेयर बाजार

## भारत से लेकर अमेरिकी मार्केट तक में भूचाल

नई दिल्ली

**भारतीय शेयर बाजार में करीबन 4000 अंकों की भारी गिरावट के बाद अब अमेरिकी मार्केट भी कारोबार के लिए ओपन हो गया है। सोमवार को भी लगातार तीसरे दिन यूएस मार्केट में भारी गिरावट देखी जा रही है।**

वॉल स्ट्रीट के मुख्य इंडेक्स सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ खुले। सुबह 09:40 बजे डॉव जोन्स 1,408.94 अंक (-3.68प्रतिशत) गिरकर 36,796.99 पर आ गया था। एसएंडपी 500 214.44 अंक (-4.23 प्रतिशत) गिरकर 4,855.28 पर आ गया और नैस्डैक 709.40 अंक (-4.55प्रतिशत) गिरकर 14,850.11 पर आ गया।

बता दें कि सोमवार को प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजारों में गिरावट आई, जैसे कि यू.के. का एफटीएसई 100 सूचकांक, जो 7 अप्रैल को ब्रिटेन के लिए बाजार खुलने के बाद 5 प्रतिशत से अधिक गिर गया। यूरोपीय बाजारों के साथ-साथ एशियाई बाजारों में भी गिरावट आई, जिसमें हांगकांग स्थित हैंग सेंग सूचकांक को सबसे अधिक झटका लगा, जिसमें 3,000 से अधिक अंक की गिरावट आई। सूचकांक पिछले बाजार बंद के समय 22,849.81 अंक की तुलना में 13.22 प्रतिशत गिरकर 19,828.30 अंक पर बंद हुआ। जापान का निक्केई 225 सूचकांक भी 2,600 अंक से अधिक टूटकर 31,136.58 अंक पर बंद हुआ, जबकि पिछली बार यह 33,780.58 अंक पर था।

( व्यापार पेज भी देखें )

### यूरोपीय बाजारों में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट

वहीं यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स इंडेक्स करीब 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,590 के स्तर पर आ गया है, ये शुरूआती कारोबार में करीब 10प्रतिशत तक गिर गया था। यूएस मार्केट 100 इंडेक्स में करीब 4 प्रतिशत की गिरावट है।

### एशियाई बाजारों में 13 प्रतिशत की गिरावट रही

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 7.83प्रतिशत, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 5.57प्रतिशत, चीन का शंघाई इंडेक्स 7.34प्रतिशत गिरा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 13.22प्रतिशत की गिरावट रही। भारतीय बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 2.95प्रतिशत गिरकर 73,137 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी में भी 742 अंक (3.24प्रतिशत) की गिरावट रही। ये 22,161 के स्तर पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत

**जोधपुर, (हि.सं)।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है। हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा- गुजरात हाईकोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर आसाराम को अंतरिम जमानत देने से पहले तमाम तथ्यों की जांच की। ऐसे में उन्हीं मेडिकल ग्राउंड्स की दोबारा जांच की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने कहा- अंतरिम जमानत नहीं देने के लिए भी कोई ठोस आधार सामने नहीं आ रहा है।

### अमित शाह ने शहीद हुए 10 पुलिसकर्मियों और इंजीनियर के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**जम्मू, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में पिछले साल विभिन्न आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले 10 पुलिसकर्मियों और एक इंजीनियर के परिवारों से मुलाकात की और परिजनों को नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे। केंद्र शासित प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आए गृह मंत्री ने यहां राजभवन में शहीद जवानों के परिवारों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री से मिलने वाले परिवारों में हाल ही में कठुआ जिले में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ ही भीषण मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति देने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजन भी शामिल थे। 23 मार्च से जिले के वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है, जब पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से घुसपैठ करने वाले पांच आतंकवादियों के एक समूह को रोका था।




### नड्डा ने दी विश्व स्वास्थ्य दिवस की बधाई, स्वस्थ जीवनशैली पर दिया जोर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोगों को बधाई दी है। सोमवार को नड्डा ने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि यह दिन हमें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सभी को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने के लिए कई पहल शुरू की हैं।

उन्होंने कहा कि प्राचीन प्रथाओं और आधुनिक चिकित्सा दोनों के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में भारत की गहरी समझ दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा समाधानों को तैयार करने में सहायक रही है। हमें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ डॉक्टरों, नर्सों और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त करना चाहिए। हर साल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य सेवाओं की अहमियत समझाने को समर्पित है। आज के दौर में हमारी जीवनशैली बीमारियों और मानसिक तनाव को तेजी से बढ़ा रही है। ऐसे में विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व और भी जायदा हो गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है।

# मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर रोक नहीं लगेगी

## सुप्रीम कोर्ट ने की याचिका खारिज

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने में कोई न्यायिक अड़चन नहीं है। 27 फिसदी आरक्षण को लागू करने के ऑर्डर को चुनौती देने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया है।**

यूथ फॉर इक्केलिटी संगठन के वकील राहुल प्रताप ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता यूथ फॉर इक्केलिटी संगठन को कहा कि अगर आपको आपत्ति है तो कानून को चैलेंज कीजिए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि पहले ही हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देने वाली याचिका लगा रखी है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम आपकी याचिका को यहां बुलवाएंगे। कमलनाथ सरकार ने 2019 में ओबीसी वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया था। इसके खिलाफ यूथ फॉर इक्केलिटी संगठन ने विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। इसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के कोर्ट नंबर 8 में न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने इस एसएलपी पर सुनवाई की। ओबीसी महासभा की ओर से एडवोकेट वरुण ठाकुर एवं एडवोकेट रामकरण के माध्यम से न्यायालय के सामने पक्ष रखा गया।

# छत्तीसगढ़ की नई धमनी बनेगी खरसिया-परमलकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन, मिलेगा बंपर रोजगार : अश्विनी वैष्णव

रायपुर, (हि.स.)

**केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूर खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेल प्रोजेक्ट के बारे में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दिल्ली में रेल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को बदलने वाला है। इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा।**

रेल मंत्री ने कहा कि खरसिया-परमलकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है। यह ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मंजूर किए गए इस परियोजना के लिए खुशी जाहिर करते हुए समस्त छत्तीसगढ़ के निवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार का धन्यवाद किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि यह भारत के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चाँपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे। इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे, 48 बड़े ब्रिज और साथ ही 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा। स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी निर्मित किए जाएंगे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 278 किलोमीटर रूट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी। इस रूट के निर्माण के बाद 8 से ज्यादा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस रेल नेटवर्क के निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल बचेगा और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपये के डीजल की बचत होगी। रेल मंत्री ने कहा कि भगवान राम के वनवास के दौरान माता शबरी के प्रसंग से जुड़े लक्ष्मी नारायण मंदिर का भी इस रेल नेटवर्क से संपर्क स्थापित होगा। बलौदा बाजार और खरसिया जैसे सीमेंट उत्पादन के बड़े इंडस्ट्रियल हब भी इस नेटवर्क से जुड़ेंगे।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे अब बायपास पद्धति को अपना रही है। इसके तहत मालगाड़ी को शहर के बाहर से निकालने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों को शहर के अंदर एंट्री दी जाएगी। इस रेल लाइन के निर्माण के दौरान भी इस पर फोकस रहेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाके भी रेल लाइन के जरिए जुड़ेंगे। इसके चलते 2 करोड़ मानव दिवस रोजगार उत्पन्न होगा।

### माड़ डिवीजन में सक्रिय पांच लाख की इनामी पांच महिला नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सली संगठन माड़ डिवीजन में सक्रिय पांच महिला इनामी पांच महिला नक्सलियों ने सोमवार को आत?समर्पण कर दि?या है। सभी महिला नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति के तहत 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया।

नक्यल उन्मूलन अभियान के तहत महिला नक्सली लक्ष्मी वंजामी (नेलनार एलओएस सदस्य), सन्नी उर्फ जमली पोड़ियाम (नेलनार एलओएस सदस्य), अनिता उसेण्डी (नेलनार एरिया कमेटी रिकरूट), सुकाय पोड़ियाम (कुतुल एलओएस सदस्य) व कुम्मे पोड़ियाम (परलकोट जन मिलिशिया सदस्य) ने आज आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला लिया। यह सभी महिला नक्सली कुतुल, नेलनार और परलकोट एरिया कमेटी के तहत सक्रिय थीं और इन पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# छत्तीसगढ़ में तीन इनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

रायपुर

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की कमर तोड़ने की मुहिम जारी है। हाल के दिनों में बड़ी संख्या में नक्सली या तो मारे गए हैं या तो उन्होंने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। इसी सिलसिले में आज प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले मेंतीन इनामी नक्सलियों सहित कम से कम 26 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि इन कैडरों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया और इसकी वजह खोखली,अमानवीय माओवादी विचारधारा,कठोर वन जीवन और प्रतिबंधित संगठन के भीतर आपसी लड़ाई से मोहभंग होना बताया।

उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली माओवादियों के जनमिलिशिया, क्रांतिकारी पार्टी कमेटी (आरपीसी) और जनताना सरकार विंग और उनके अग्रिम संगठन जैसे दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन और चेतना नाट्य मंडली से संबंधित थे।

अधिकारी ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में से राजेश कश्यप आमदाई क्षेत्र जनमिलिटिया कमांडर के रूप में सक्रिय था और उस पर 3 लाख रुपये का इनाम था,जबकि जनताना सरकार दस्ते के प्रमुख कोसा मदवी और सीएनएम के सदस्य छोटू कुंजम पर क्रमश: 1 लाख और 50,000 रुपये का इनाम था।

एडीआर ने 2023-24 में राजनीति दलों को मिले दान की रिपोर्ट जारी की

# चंदे से मालामाल राजनीतिक दल, भाजपा को मिले 2243 करोड़

नई दिल्ली

**चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने साल 2023-24 में राजनीति दलों को मिले दान की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों में भाजपा को सबसे अधिक चंदा मिला। भाजपा को 8358 दानदाताओं की ओर से कुल 2,243 करोड़ रुपये से अधिक राशि चंदे में मिली।**

राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को चंदे में मिली रकम की जानकारी सौंपी है। राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को उन दान राशियों की जानकारी दी है, जो 20 हजार रुपए से अधिक थीं। राष्ट्रीय दलों को 12,547 कुल दान मिले हैं। इन चंदों की कुल राशि 2,544.28 करोड़ रुपये है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 199 प्रतिशत अधिक है।



सभी राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे का सिर्फ 88 फीसदी भाजपा को मिला है। कांग्रेस ने 1994 चंदों के जरिए कुल 281.48 करोड़ रुपये जुटाए और दूसरे स्थान पर रही। आम आदमी पार्टी (आप), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), और नेशनल पीपल्स पार्टी छोटे चंदे मिले। पिछले 18 सालों की तरह इस बार भी बहुजन समाज पार्टी को 20 रुपए से अधिक की राशि को कोई चंदा नहीं मिला है।

भाजपा का चंदा 2022-23 वित्तीय वर्ष में 719.858 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। जोकि 211.72 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी तरह, कांग्रेस को 2022-23 में 79.924 करोड़ रुपये दान मिले थे। जो 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गए। कांग्रेस के दान में 252.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### आप के चंदे में आई गिरावट

वहीं आम आदमी पार्टी के चंदे में 70 फीसदी (26.038 करोड़ रुपये) तक की कमी आई है। नेशनल पीपल्स पार्टी के दान में 98.02 प्रतिशत या 7.331 करोड़ रुपये की कमी आई है। इसी अवधि में राष्ट्रीय पार्टियों को 3755 कॉर्पोरेट क्षेत्रों से 2262.55 करोड़ रुपये (कुल दान का 88.92 प्रतिशत) का दान मिला। जबकि 8493 व्यक्तिगत दाताओं से 270.872 करोड़ रुपये (कुल दान का 10.64 प्रतिशत) चंदे में दिए। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा को 3478 दान के जरिए 2,064.58 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। वहीं कांग्रेस को कॉर्पोरेट क्षेत्रों से 190.3263 करोड़ रुपये और व्यक्तिगत दानदाताओं से 90.899 करोड़ रुपये मिले। दानदाताओं ने प्रूडेंट इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट ने भाजपा और कांग्रेस को मिलाकर कुल 880 करोड़ रुपये दान में दिए। जिसमें से 723.675 करोड़ रुपये भाजपा को और 156.4025 करोड़ रुपये कांग्रेस को दिए गए।

# मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में बनाएंगे अग्रणी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाया जाएगा। इस दिशा में प्रदेश में निरंतर कार्य हो रहा है। सरकार के साथ समाज को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय करना है।**

शासकीय, अशासकीय और अर्द्धशासकीय स्तर पर नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में अनेक प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर होटल कोर्टयार्ड मैरियट में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस अभिनव कार्यक्रम की रचना के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का भारत है और पूरी दुनिया इसे देख रही है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता सामने आई, जब आपदा के अवसर के मंत्र पर काम करके भारत ने वैक्सीन तैयार की और अपने राष्ट्र के नागरिकों के साथ ही अनेक राष्ट्रों को भी सहायता दी।

अथक अनुसंधान से देश की नागरिकों को निःशुल्क वैक्सीन मिल जाने से जहां उनके स्वास्थ्य को ठीक करने में सहायता मिली, वहीं यह वैक्सीन सभी का मनोबल बढ़ाने में भी उपयोगी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वह काफी कठिन दौर था, जब हमारी जनता कष्ट में थी, लेकिन श्रेष्ठ प्रबंधन से राष्ट्र में टीकाकरण का प्रभावी कार्य हुआ और रोग पर नियंत्रण हुआ। पूरा विश्व सशंकित होकर भारत को देख रहा था। उस कठिन दौर में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समाधान की राह निकाल ली थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अनमोल 2.0 पोर्टल प्रारंभ करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दो मंत्रालय विभाग होते थे, जिन्हें एकीकृत कर आम जनता के हित को सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या निरंतर बढ़ रही है। साल दर साल नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीपीपी मॉडल अपनाकर अस्पतालों के संचालन में सुधार करने की पहल की गई है। इस दिशा में अनुकूल वातावरण भी तैयार हुआ है।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर नागरिक तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित यह कार्यक्रम सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएमआर और एमएमआर में सुधार मध्यप्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण चुनौती है। पूर्व में भी प्रयास हुए हैं। विगत 20 वर्षों में एमएमआर 400 से 173 हो गयी है। आईएमआर 80 से 43 हो गयी है। एनएमआर 60 से घटकर 31 हुई है। इन सभी प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, परंतु लक्ष्य अभी दूर है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशानुरूप सतत विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये मध्यप्रदेश पुरज़ोर प्रयास कर रहा है। वर्ष 2030 तक एमएमआर को 100 से कम करने और आईएमआर को 20 से कम करने के योजनाबद्ध प्रयास करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि प्रदेश में सिर्फ 60 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया जा रहा है। इनमें से 20 प्रतिशत गर्भवती महिलायें समय से अपनी जांच नहीं करवा रही हैं। इसके लिए महिलाओं के साथ-साथ परिजन को भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि गर्भवती महिलायें लापरवाही न कर आवश्यक रूप से समय अनुसार नियमित रूप से एएनसी जांच करवायें।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ अनमोल 2.0 का शुभारंभ



### मेडिकल पर्यटन बढ़ाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मध्यप्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना है। इन संभावनाओं को सागर करने के लिए प्रयास बढ़ाए जाएंगे। प्रदेश में जो रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई हैं, उसमें सेवा क्षेत्र को भी जोड़ा गया है। प्रारंभ में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े नगरों में निजी क्षेत्र में अस्पतालों को भी प्रमोट करेंगे। इसमें 'ए' श्रेणी में बड़े नगर शामिल होंगे। नए अस्पताल प्रारंभ करने पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी। तीन श्रेणियों में अस्पतालों को सब्सिडी प्रदान कर लाभान्वित किया जाएगा। इससे अस्पतालों के संचालन में सहयोग मिलेगा। सब्सिडी के प्रावधान से अस्पताल समर्थ होंगे और नागरिकों के उपचार के कार्य में व्यापक स्तर पर सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एयर एंबुलेंस का संचालन भी दो स्तर पर हो रहा है। प्रदेश में जहां हवाई पट्टियां हैं, वहां जहाज की व्यवस्था कर गंभीर और दुर्घटनाग्रस्त रोगियों को बड़े चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है और जहां हेलीपैड हैं वहां से हेली सेवा प्रारंभ की गई है।

### संजीवन मिशन रोड मैप बनाया

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इन परिणामों में अपेक्षित सुधार लाने के लिए विषय विशेषज्ञों और रिसर्च प्रोफेशनल्स द्वारा समस्याओं का चिन्हांकन कर उनमे सुधार के लिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संजीवन मिशन रोड मैप बनाया गया है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के पंजीयन और उनके स्वास्थ्य की सघन निगरानी के लिए अनमोल 2.0 (एएनएम ऑनलाइन 2.0) ऐप और वेब पोर्टल लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें लगभग 20 हज़ार एएनएम को मैप किया गया है। एयर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आगामी समय में आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी मैप करने के प्रयास किये जाएँ। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के शत प्रतिशत पंजीयन और नियमित एएनसी जांच से हाई रिस्क प्रेगनेंसी का समय से चिन्हांकन कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के सही समय में प्रदाय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

---

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कंपनी ने करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने किया आगाह

**भोपाल, निप्र।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम जनता तथा खेतों में काम करने वाले किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों और घास की ढेरियां हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपनी फसलों को रखें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी तूफान में खंबे, तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912, उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। जमीन पर पड़े तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें। साथ ही पार करने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे /स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। सावधानी बरतें क्योंकि बारिश के दौरान करंट लीकेज की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी को बिजली के खम्बे, स्टे वायर इत्यादि से न बांधें। कपड़े सुखाने के लिये जी.आई. तार अथवा रस्सी, सर्विस लाईन के पाईप या बिजली के खम्बों से कभी न बांधें। इसमें करंट आने की संभावना बनी रहती है। घर की दीवार, उपकरण, नल आदि में लीकेज करंट आने पर प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से तत्काल ठीक कराएं। खेतों में लोहे के कटीले तारों की फेंसिंग को आपस में शार्ट कर कई स्थानों पर अर्थिंग कराएं। इन तारों में असावधानीवश करंट आने की संभावना बनी रहती है। इससे जान-माल के नु?कसान का खतरा रहता है। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित एवं अनुभवी इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें।

---

# स्वास्थ्य और स्वच्छता के बीच गहरा संबंध है : प्रो. (डॉ.) अजय सिंह

## एम्स में बाल स्वास्थ्य, पर्यावरणीय चेतना और डाक टिकट विरासत पर हो रहे आयोजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में 7 से 11 अप्रैल तक विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जन-जागरूकता और शैक्षणिक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस वर्ष का थीम स्वस्थ शुरुआत, आशावान भविष्य है।**

इन आयोजनों का उद्देश्य जीवन के प्रारंभिक चरण में स्वास्थ्य, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को उजागर करना है। 7 अप्रैल को कौटिल्य भवन से एम्स भोपाल के ओपीडी परिसर तक एक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



यह रैली स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें प्लास्टिक न जलाएं और पृथ्वी बचाएं जैसे संदेशों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस रैली में संकाय सदस्य, नर्सिंग छात्र-छात्राएं, सफाईकर्मी, रेजिडेंट डॉक्टर तथा अन्य कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के बीच गहरा संबंध है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हम न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरणीय स्वास्थ्य की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। प्लास्टिक का जलाया जाना पर्यावरण और श्वसन स्वास्थ्य दोनों के लिए अत्यंत हानिकारक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से एम्स भोपाल सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए जन-जागरूकता को बढ़ावा देता आ रहा है।

7 से 9 अप्रैल के मध्य एम्स भोपाल की टीमें स्थानीय स्कूलों का दौरा कर रही हैं, जहाँ बच्चों और किशोरों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी और स्वास्थ्य जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

### डाक टिकट प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

इस आयोजन की एक प्रमुख विशेषता 7 अप्रैल को एम्स भोपाल में भारत सरकार के डाक विभाग के सहयोग से आयोजित डाक टिकट नहीं प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. डॉ. बर्था रथिनम प्रभारी निदेशक, एम्स भोपाल, पवन कुमार डालमिया निदेशक, डाक सेवाएं, मप्र तथा कर्नल अजीत कुमार उप निदेशक, प्रशासन, एम्स भोपाल द्वारा किया गया। मध्य भारत के प्रतिष्ठित फिलेटेलिस्ट जैसे डीआर मंडल, प्रो. डॉ. रजनीश जोशी, एसएच खान, आशीष जैन, एससी जैन एवं रंजीत झा ने अपने डाक टिकट संग्रह इस प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध कराए हैं, जो जनस्वास्थ्य, वैश्विक कल्याण एवं संवाद से जुड़े प्रमुख विषयों को दर्शाते हैं। यह प्रदर्शनी 7 से 11 अप्रैल तक आमजन के लिए खुली रहेगी। 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्कूल गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

---

# राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 1530 अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण : कृषि मंत्री कंषाना

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खेती की आधुनिक पद्धतियों, कृषि यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर दी जा रही है, जिससे कि वे क्षेत्र में जाकर किसानों को उनसे अवगत करा सकें। राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 में 57 प्रशिक्षणों के द्वारा 1530 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान बरखेड़ी कला, भोपाल कृषि की आवश्यकता अनुसार विभिन्न विषयों पर विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कृषि एवं संवर्गीय विभाग के अधिकारियों के 54 प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिससे 1338 प्रशिक्षणार्थियों को लाभ मिला। आत्मा योजना क्रियान्वयन के लिए 2 रिव्यू वर्कशॉप के माध्यम से 155 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। स्टेट लेवल वर्कशॉप ऑन ट्रेनिंग नीड असेसमेंट के प्रशिक्षण द्वारा 37 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि पिछले एक वर्ष में 30 विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इनमें सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट, एग्रो फॉरेस्ट्री फॉर इंक्रीजिंग फार्मर्स इनकम, फार्म मैकेनाइजेशन, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट इन एग्रीकल्चर एंड हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स, ऑर्गेनिक फार्मिंग एंड सर्टिफिकेशन इश्यूज एंड स्ट्रेटजीज, इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर फॉर क्वालिटी कंट्रोल एंड लीगल एस्पेक्ट्स, ओरिएंटेशन ऑन फ्लैगशिप स्कीम्स।

---

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे नवनिर्मित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) को मंगलवार 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। चंद्रबदनी नाका से न्यू कलेक्ट्रेट मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-418 पर विवेकानंद नीडम के समीप लगभग 42 करोड 80 लाख रूपए की लागत से यह आरओबी बनकर तैयार हुआ है। लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह तथा ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी शामिल होंगे। मंगलवार 8 अप्रैल को अपरान्ह 3.30 बजे यहाँ नाका चंद्रबदनी की ओर संभाग आयुक्त कार्यालय के समीप आरओबी का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा।

---

## आरबीआई कॉलोनी के प्रांगण में सारिका ने लगाई ग्रहों की पाठशाला

# खगोलविज्ञान के अनुसार तय होते हैं विभिन्न पर्व और त्यौहार : सारिका

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पृथ्वी से 3लाख 88 हजार 673 किमी की दूरी से अपनी 66 प्रतिशत चमक के साथ चमकते चंद्रमा और 82 करोड़ 76 लाख 50 हजार किमी दूर स्थित जुपिटर का दो विशाल टेलिस्कोप की मदद से अवलोकन कराने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। आरबीआई कॉलोनी भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासी अधिकारियो एवं उनके परिवारों ने खगोलीय पिंडों का अवलोकन कर उनकी वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त की।





सारिका ने अलग'-अलग तारामंडल में स्थित ग्रहों की जानकारी देते हुये इनके अवलोकन के लिये उपयुक्त माह तथा समय को बताया। बीते साल तथा वर्तमान रामनवमी का उदाहरण देते हुये आने वाले साल में संभावित दिनांक का खगोलीय गणना सूत्र बताया। प्रतिदिन चंद्रोदय का संभावित समय निकालने के लिये भी खगोलीय जानकारी दी। राशि तारामंडल तथा उनमें स्थित नक्षत्रों का उपयोग किस प्रकार एक आकाशीय घड़ी के रूप में किया जाता है को समझाया। इस समय सूर्यास्त के कुछ पहले ही चंद्रदर्शन हो रहे हैं इसे देखते हुये यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से आरंभ होकर रात्रि 9 बजे तक चला।

---

# जल संरचनाओं के संरक्षण और भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सशक्त कदम



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान सफलतापूर्वक जारी हैं। यह अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक कदम है। इसमें हर नागरिक को जोड़ने का उद्देश्य है, जिससे हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित बना सकें और भावी की पीढ़ी को जल संकट से मुक्ति दिला सकें। यह अभियान जल संरचनाओं के सतत संरक्षण और भविष्य की जल आवश्यकतों की पूर्ति के लिये एक सशक्त कदम है। राज्य में अभियान अन्तर्गत स्थनीय जनप्रतिनिधियों, आमजनों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जल बचाव के लिये विभिन्न गतिविधियाँ की जा रही हैं।

बैतूल जिले में जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जनभागीदारी से एक प्रेरणादायी पहल की गई। बैतूल के जयप्रकाश वार्ड स्थित माचना नदी के दामादैयात घाट पर एक वृहद नदी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें इस विशेष अभियान में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बैतूल सांसद श्री डी.डी.




उइके सहित जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके ने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नगर परिषद शाहपुर द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों नाचनखेड़ा फाटा, बस स्टैंड क्षेत्र, बम्भाडा फाटा आदि स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस सुनियोजित व्यवस्था से राहगीरों, नगरवासियों, व्यवसायियों को शीतल पेयजल की सुविधा मिल रही है।

---

## खेलों के सकारात्मक माहौल के लिये हुई बैठक

# प्रदेश में खेलों के उन्नयन के लिये मंत्री सारंग ने ली सभी महापौरों की बैठक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में खेलों के उन्नयन के लिये प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने, नगरीय निगम के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद खेल मैदानों व अधोसंरचना का उन्नयन कर खेल गतिविधियों को गति दी जा सकती है। बैठक में नगरीय निकायों और खेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया,



जिससे राज्य भर में खेलों का व्यापक प्रसार और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न पहल की जा सकती हैं। इसमें फिट इंडिया क्लब की स्थापना तथा सामुदायिक स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन प्रमुख है। उन्होंने उपस्थित सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन के लिये क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। इससे खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ एवं सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकेंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि देश में पहली बार प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में खेल परिसरों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। यह पहल युवाओं को खेलों से जोड़ने, प्रतिभाओं को तराशने और खेल के प्रति सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में उपस्थित महापौरों ने अपने नगरीय निकाय क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिये सुझाव भी दिये। भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता यादव, बुरहानपुर महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम सिंह अहके, मुरैना महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी, उज्जैन महापौर श्री मुकेश टेटवाल, रतलाम महापौर श्री प्रहलाद पटेल, देवास महापौर श्री गीता दुर्गेश अग्रवाल, सागर महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, रीवा महापौर श्री अजय मिश्रा बाबा, सिंगरौली श्रीमती रानी अग्रवाल उपस्थित थे।

### हर जिले में फिट इंडिया क्लब, हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आधुनिक खेल परिसर

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि भोपाल में प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब स्थापित किया गया है, जिसका द्वितीय चरण वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। इन क्लबों में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन क्लबों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें।

### खेल विभाग के नवाचारों पर हुई चर्चा

बैठक में खेल विभाग द्वारा प्रारंभ किये गये नवाचार- खेलो बढ़ो अभियान, पार्थ, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान पर भी चर्चा हुई। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ने के लिये खेलो बढ़ो अभियान की शुरूआत की गई है। इसके साथ ही युवाओं को पुलिस, सेना व पैरा मिलिट्री की शारीरिक व लिखित परीक्षाओं की तैयारी के लिये पार्थ योजना प्रारंभ की गई है। इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों द्वारा दीवार लेखन एवं शपथ दिलाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति किया जा रहा जागरूक




**इन्दौर, नप्र।** इंदौर जिले में मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के तहत जल संरक्षण हेतु जनजागरूकता पहुँचाने के लिए नियमित कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। नागरिक द्वारा श्रमदान कर बावड़ी, कुँओं और तालाबों को संवार रहे हैं। इसी सिलसिले में जिले के विकासखंड महू के मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत सोशल वर्क के विद्यार्थियों द्वारा दीवार लेखन एवं जल संरक्षण हेतु शपथ दिलवाकर जागरूक किया जा रहा है।ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति सिमरोल के सदस्यों ने भी जल संरक्षण की शपथ ली। जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु समाज का हर वर्ग आगे आ रहा है। सभी अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

### चेक बाउंस के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए पांच विशेष न्यायालय गठित

**इंदौर, नप्र।** इंदौर न्यायालय मुख्यालय पर चैक अनादरण के लगभग 50 हजार प्रकरण लंबित होने पर उनके शीघ्र निराकरण हेतु पांच विशेष न्यायालय गठित किये गये हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय इंदौर के सचिव ने बताया कि इंदौर जिला मुख्यालय पर चैक अनादरण के मामलों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी होने के कारण उनके शीघ्र निराकरण हेतु रजिस्ट्री के निर्देशानुसार पांच विशेष न्यायालय गठित किये गये हैं। जिससे चैक बाउंस के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण में तेजी आयेगी।

# शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, ग्लोबल एक्पोजर का एमओयू

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शासकीय स्वशासी (आदर्श) होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर औरओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत,हरियाणा के मध्य शैक्षणिक गुणवत्ता,शोध तथा विद्यार्थियों के लिए ग्लोबल एक्पोजर हेतु 7 अप्रैल 2025 को एम ओ यू किया गया।






महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका जैन एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि 7 अप्रैल को महाविद्यालय का एक अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी ओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत हरियाणा से महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत उन्हें अंतरराष्ट्रीय एक्स्पोज़र देने के लिए एम ओ यू किया गया। इस एम ओ यू से महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों को शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी और विद्यार्थी भविष्य में इंदौर एवं प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अनामिका जैन ने बताया कि इसके लिए ओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत हरियाणा से 7 अप्रैल को महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों से मिलने लिए डॉ.उपासना महंता, डीन एडमिशन एवं आउटरिच तथा डॉ.निशा नायर, वाइस डीन एडमिशन एवं आउटरिच विशेष रूप से इंदौर आई। महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने डॉ. उपासना महंता एवं डॉ. निशा नायर का स्वागत किया। डॉ.उपासना महंता एवं डॉ. निशा नायर ने इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जिंदल यूनिवर्सिटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।साथ ही विद्यार्थियों को जिंदल यूनिवर्सिटी के अंतराष्ट्रीय एक्पोजर के बारे में बताते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन को प्रमोट करने के लिए एवं उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसरों की भी चर्चा की। कार्यक्रम में जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की और से सीनियर मैनेजर समृद्धि सोहनी, विशाल वामनाचार्य, चीफ मैनेजर मुंबई तथा होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर की आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ स्वागता गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डगांवकर तथा डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. संजय व्यास, डॉ. विनोद राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वागता गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार डॉ नागेश डगांवकर द्वारा व्यक्त किया गया।

# आईएमए इंदौर शाखा का वार्षिक दिवस समारोह संपन्न

## 70 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) इंदौर शाखा का वार्षिक दिवस समारोह रविवार सायं 7:00 बजे गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस भव्य अवसर पर इंदौर नगर निगम के माननीय महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत शहर के तीन प्रमुख मेडिकल कॉलेज इंडेक्स मेडिकल कॉलेज, अरविंदो मेडिकल कॉलेज एवं एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज - के लगभग 70 मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान के साथ हुई। इन विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत रावत ने स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा संगठन की वर्षभर की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सचिव डॉ. अक्षत पांडे द्वारा सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें ढ्ढ्रू इंदौर शाखा की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।

चिकित्सा क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले निम्न चिकित्सकों को सम्मानित किया गया:-

डी. एस. राव अवार्ड - डॉ. भरत रावत

- लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड - डॉ. सतीश शुक्ला

आईएमए मिड लाइफटाइम अचीवमेंट (अशोक माहेश्वरी अवार्ड) - डॉ. सुनील राजन

- आईएमए आउटस्टैंडिंग मेंबर अवार्ड - डॉ. अंकुर अग्रवाल एवं डॉ. आशा बक्शी

- आईएमए एक्सेमप्लेरी सोशल सर्विस ( मुरलीधर गुप्ता अवार्ड) - डॉ. सुनंदा जैन

- रीजनल एक्सेमप्लेरी वर्क अवार्ड- डॉ. राजेंद्र एरन

- डॉ. एस. एन. गोयल डायनामिक लीडर अवार्ड - डॉ. अजय पारीक एवं डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

ढ्ढ्रूइंदौर की नई कार्यकारिणी इस प्रकार है:

- अध्यक्ष : डॉ. वल्लभ मूंदड़ा
- उपाध्यक्ष: डॉ. सौरभ मालवीय एवं डॉ. सुनीता हरलालका
- मानव सचिव : डॉ. सुनील बांठिया

ज़सह-सचिव : डॉ. राजकुमार सिसोदिया डॉ. जितेंद्र गुप्ता

- कोषाध्यक्ष : डॉ. प्रमोद कुमार जैन
- क्लीनिकल सेक्रेटरी: डॉ. रवि दोषी
- संपादक: डॉ. रूपेश मोदी
- जॉइंट डायरेक्टर (छ्त्क्क) : डॉ. राकेश जैन
- जॉइंट सेक्रेटरी (छ्त्क्क) : डॉ. हेमेन्द्र सिंह खींची
- जॉइंट डायरेक्टर (छ्त्क्क) : डॉ. राकेश जैन
- जॉइंट सेक्रेटरी (छ्त्क्क) : डॉ. हेमेन्द्र सिंह खींची
- कार्यकारिणी सदस्यगण: डॉ. ज्योति बंग्लोवाला, डॉ. सोनाली मित्तल, डॉ. विवेक अग्निहोत्री, डॉ. राहुल माथुर, डॉ. प्रणव महाजन, डॉ. दीपक गवली, डॉ. ऋषभ श्रीवास्तव, डॉ. रमन शर्मा, डॉ. कमलजीत सभरवाल, डॉ. धवल बक्षी IMA इंदौर के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य डॉ. निर्मल लखोटिया, डॉ. नटवर शारदा, डॉ. सतीश जोशी एवं डॉ. अनिल भदौरिया ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

महापौर श्री भार्गव ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में IMA द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए स्वस्थ इंदौर के लक्ष्य में सहभागिता हेतु नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने एक देश, एक चुनाव के समर्थन में IMA इंदौर शाखा से समर्थन पत्र राष्ट्रपति को प्रेषित करने का अनुरोध किया, जिसे सदन द्वारा ध्वनि मत से पारित किया गया।

कार्यक्रम का समापन डॉ. सुनील बांठिया द्वारा आभार प्रदर्शन एवं उपस्थितजनों को रात्रि भोज हेतु आमंत्रण के साथ किया गया।

### स्कूल शिक्षा विभाग का एजुकेशन पोर्टल-3.0

## शत प्रतिशत नामांकन के लिए पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं प्रयास

विनय उजाला

**इन्दौर, नप्र।** स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिये डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। इस प्लेटफार्म पर विभिन्न स्तरों पर जानकारी की त्वरित उपलब्धता तथा उनके आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की व्यवस्था की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष एक अप्रैल, 2025 को एजुकेशन पोर्टल-3.0 शुरू किया है।

प्रदेश में एक अप्रैल से नवीन अकादमिक सत्र में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर की जा रही है। इसके लिये स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। पोर्टल पर कक्षा-1 में संभावित पात्र विद्यार्थियों की सूची संबंधित शाला को उनके ग्राम और बसाहट के अनुसार प्रदर्शित की गई है। इस सुविधा से पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश कराने में सुलभता होगी। शाला प्रभारी द्वारा सूची के अनुसार पालकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जायेगा। इस वर्ष नवीन पोर्टल पर सभी शालाओं एवं उनमें पदस्थ शिक्षकों को लॉग इन आईडी दी गई है। शाला प्रवेश के समय दस्तावेज के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश से वंचित नहीं रखा जायेगा।

**कक्षोन्नति**

पूर्व से शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की अगली कक्षा में प्रवेश के लिये विगत वर्ष 2024-25 में कक्षा-1 से 8 तक की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। शिक्षक द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की जानकारी पोर्टल पर संबंधित शिक्षक या स्कूल की आईडी से चिन्हित की जायेगी। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के समक्ष पास अथवा फेल की प्रविष्टि करते हुए प्रतिशत अंकित करने पर विद्यार्थी अगली कक्षा में पोर्टल पर स्वतः ही प्रवेशित हो जायेंगे। प्रदेश की ऐसी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में जहाँ अगली कक्षा क्रमशः 6 और 9 उपलब्ध नहीं हैं, ऐसी स्थिति में कक्षा-5, 8 एवं कक्षा-10वीं के विद्यार्थियों को पूर्व की शाला के प्रधानाध्यापक, प्राचार्य विद्यार्थियों एवं पालकों से चर्चा कर समीप शाला में कक्षा-6, 9 एवं कक्षा 11 में ऑनलाइन प्रवेशित करायेंगे।

# इंदौर जिले में सभी पटवारियों के हल्कों का किया जाएगा रेंडमाइजेशन

## कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



विनय उजाला

**इन्दौर, नप्र।** इंदौर जिले में सभी पटवारियों के हल्कों का रेण्डमाईजेशन किया जायेगा। इससे सभी पटवारियों को नये हल्के मिलेंगे। यह रेण्डमाईजेशन एनआईसी के विशेष पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। साथ ही जिले में समग्र आईडी के ईकेवायसी के कार्य को भी तेजी देते हुए शीघ्र पूरा किया जायेगा।

यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समय सीमा के पत्रों की निराकरण (टीएल) की बैठक में दी गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र रघुवंशी, श्री रोशन राय तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बैठक में राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, कार्यक्रम और गतिविधियों के क्रियान्वयन सहित अंतर्विभागीय समन्वय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में पटवारियों के हल्कों का नये सिरे से निर्धारण करें। यह रेण्डमाईजेशन एनआईसी के पोर्टल के माध्यम से करें। बैठक में उन्होंने समग्र आईडी की ईकेवायसी कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र में इस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली सभी कार्यालयों में स्थापित करने के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस की सभी तैयारियाँ सभी विभाग पूर्ण कर ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करना प्रारंभ करें।

उन्होंने जिले में सीमांकन और आरआरसी वसूली पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आरआरसी के तहत सभी बकायादारों को नोटिस जारी किये जाये। सभी बकायादारों से वसूली करें। बकाया जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि धारणाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि गत माह औसत से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है, इसको देखते हुए निराकरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के लिए बुधवार 9 अप्रैल को शाम 4 बजे सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है।

# संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में गेहूं उपार्जन के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**इन्दौर, नप्र।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में गेहूं उपार्जन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री डी.एस. रणदा, जिला खाद्य नियंत्रक श्री एम.एल. मारू, मण्डी बोर्ड की संयुक्त संचालक श्रीमती प्रवीण चौधरी, कृषि विभाग से श्रीमती नम्रता गुरनानी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने इंदौर संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी, भण्डारण, परिवहन आदि की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गेहूं खरीदी केन्द्र पर सभी आवश्यक इंतजाम रखें। सभी किसान 9 अप्रैल तक अपना पंजीयन करा लें, यह सुनिश्चित करें। बैठक में श्री सिंह कहा कि किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूं का भुगतान समय पर किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये। खरीदे गये गेहूं का तत्काल परिवहन करते हुए सुरक्षित भण्डारण किया जाये। परिवहन व्यवस्था की रोजाना मॉनीटरिंग करें। गेहूं खरीदी केन्द्रों पर आने वाले सभी किसानों के लिये पेयजल, शौचालय, छाया आदि आवश्यक एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायें।



## पंजीयन से शेष रहे किसानों के लिए पंजीयन का एक और अवसर

विनय उजाला

**इन्दौर, नप्र। इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए अभी तक 35 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में पंजीयन से शेष रहे किसानों के लिए एक और अवसर राज्य शासन द्वारा दिया गया है।**

ऐसे किसान जिन्होंने अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे 9 अप्रैल तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने जिले की सभी समितियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पंजीयन तिथि वृद्धि की सूचना सभी किसानों तक पहुँचायें।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि पंजीयन केंद्र के समिति प्रबंधक, ऑपरेटर तथा उपार्जन से संबंधित अमले को पाबंद करें कि कोई भी इच्छुक किसान पंजीयन से शेष न रहे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार स्थानीय स्तर पर किया जाये।

पंजीयन से शेष रहे किसानों को फोन करके सूचित कर पंजीयन की तिथि 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है कि सूचना देकर पंजीयन करना सुनिश्चित करें। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन से शेष और इच्छुक किसान अपने निकटतम गेहूं खरीदी पंजीयन केंद्र पर या एमपी ऑनलाइन कियोस्क तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे अपना पंजीयन कर सकते है।

सभी किसानों से अपील की गई है कि वह अपना गेहूं समर्थन मूल्य पर विक्रय करना चाहते हैं, तो अपना पंजीयन समय सीमा में जरूर करायें, जिससे कि उपज समर्थन मूल्य पर बेचने में कोई असुविधा न हो।

# स्वस्थ शरीरः सुरक्षित भविष्य :कार्यशाला का आयोजन

विनय उजाला

**महू, निप्र। भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में गृह विज्ञान विभाग द्वारा स्वस्थ शरीरः सुरक्षित भविष्य विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. ए. पी.एस. चौहान, प्राचार्य अष्टांग आयुर्वेदिक महाविद्यालय इंदौर एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर हंसराज वर्मा प्रभारी मध्य भारत अस्पताल महू रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं वंदन के साथ की गई। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चौहान ने अपने उद्बोधन में सुश्रुत एवं चरक संहिता जैसे ग्रंथों के उदाहरणों के माध्यम से आयुर्वेद के द्वारा स्वास्थ्य प्राप्ति की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा की। डॉ हंसराज वर्मा ने मद्य निषेध की अवधारणा के साथ स्वास्थ्य प्राप्ति हेतु विभिन्न जीवनचर्या एवं किशोरी स्वास्थ्य की अवधारणा को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार चौहान, अष्टांग आयुर्वेदिक महाविद्यालय इंदौर द्वारा व्यक्ति की दिनचर्या एवं रात्रिचर्या को व्यवस्थित रखने पर बल दिया गया ताकि उत्तम स्वास्थ्य को हासिल किया जा सके।

महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने कहां कि उत्तम स्वास्थ्य मनुष्य की बहुत बड़ी पूंजी है जिसे वह स्वयं ही प्राप्त कर सकता है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अर्चना जैन ने कहा कि कार्यशाला में उत्तम स्वास्थ्य के लिए जो व्याख्यान एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी वे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होंगी। इस कार्यशाला में मध्य भारत अस्पताल महू की टीम द्वारा विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। डॉ. रशीदा कांच वाला विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग द्वारा विषय प्रवर्तन किया गया साथ ही उनके द्वारा आगामी सात दिवसों तक होने वाली गतिविधियों एवं उनके महत्व को परीलक्षित करते हुए यह बताया कि आगामी सात दिवसों तक किशोरियों को अपने स्वास्थ्य की स्थिति पता कर स्वास्थ्य प्राप्ति हेतु विविध पद्धतियों यथा आयुर्वेद, योग एवं एलोपैथिक के माध्यम से किस प्रकार ठीक किया जा सकता है एवं इन सभी में आहारीय सुझाव एवं आहार के महत्व के बारे में आगामी सात दिवसों तक चर्चा की जाकर छात्रों को एक स्वस्थ जीवन से शैली अपना कर सुरक्षित भविष्य के निर्माण की ओर प्रर्वत किया जाना कार्यशाला का उद्देश्य है उनके द्वारा अतिथियों का परिचय भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा दंडवते ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. साधना व्यास द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में कार्यशाला के समिति सदस्यों डॉ संजय सोहनी, डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ मंजुला निगवाल, डॉ सपना मालवीय डॉ स्नेहलता सिंह, शोधार्थी नीति नागोरे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड, स्टेशन, हाईकोर्ट क्षेत्र, एमजी रोड के लिए नई बिजली लाइन



**इन्दौर, नप्र।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर वृत्त इंदौर के अधीन पूर्व शहर संभाग द्वारा चंबल स्थित 132 केवी ग्रिड से हाईकोर्ट, रीगल क्षेत्र के लिए विशेष रूप से नया 33 केवी फीडर स्थापित किया जा रहा है। इसका कार्य तेजी से जारी हैं। इस नए कार्य से हाईकोर्ट क्षेत्र, रीगल, ग्वालटोली, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के पास, एमजी रोड इत्यादि इलाकों में ग्रीष्मकाल के दौरान बिजली की डबल लाइन से सप्लाय व्यवस्था संभव हो सकेगी। इस नए कार्य से शहर के पूर्व संभाग के तहत वंदना नगर ग्रिड से एमजी रोड व अन्य इलाकों के लिए बिजली की भारी मांग के दवाब को कम किया जा सकेगा। इससे एक ओर जहां ओवर लोड के कारण ट्रिपिंग खत्म हो जाएगी, वहीं भीषण गर्मी के दौरान प्रस्तावित ज्यादा बिजली मांग को भी पूरा किया जा सकेगा। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर पूर्व शहर संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री डीके तिवारी ने बताया कि आरडीएसएस मद से इस कार्य को अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

नए पोल के साथ ही करीब ढाई किमी क्षेत्र में डॉग कंडक्टर (तार) स्थापित किए जा रहे हैं।

**In The Court V Civil Judge Class-II , District Court,Chhindwara**

(Presiding Officer:श्री राहुल डोंगरे)

(आदेश5नियम20व्यवहार प्रक्रिया संहिता1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS B/0000018/2024)

परवेज कुरैशी.......वादी

Vs

अनीश सिंह ............प्रतिवादी

TALWANA ID NO.1449/2025
Process Id- /2025
पेशी दिनांक- 05/05/2025

प्रेषितीः-(1)अनीश सिंह पता-ओमनी इंटर प्राईजेस 303/11 वल्लभ फलोरेंस श्री कृष्ण एवेन्यू लिंबोदी फेस-1इंदौर जिला इंदौर -452020

यह कि प्रार्थी परवेज कुरैशी ने आपके विरूद्ध प्र.क्रं.-18-बी/24 के लिए लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है,आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता)द्वारा उप संजात हो सकते है,जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो ,और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपके सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 07 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान देः-1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(राहुल डोंगरे)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

# सम्पादकीय

## बीमाधारकों के साथ चतुराई

बाम्बे हाई कोर्ट ने मेडीक्लेम पॉलिसी को लेकर बीमाधारकों के हित में महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति को मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के चिकित्सा व्यय के मुआवजे से नहीं काटा जा सकता। पीठ ने कहा कि मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार द्वारा प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा दिलवाने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्त्तव्य भी है।अदालत ने कहा कि मृतक द्वारा किए गए दूरदर्शितापूर्ण वित्तीय निवेश का लाभ अपराधी नहीं उठा सकता। मामले में बीमा कंपनी का दावा था कि चिकित्सा व्यय भी मेडीक्लेम पॉलिसी के हिस्से के रूप में प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत आता है। यह तर्क बेहद दुखद है कि बीमाकर्ता का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अपने देश में अभी भी बीमा कराने के प्रति लोग ज्यादा जागरूक नहीं हैं। मगर वाहन बीमा सड़क पर निकले चालक के लिए काफी सुविधाजनक व्यवस्था साबित हो रही है।30त्न आबादी अभी भी स्वास्थ्य बीमा से वंचित बताई जाती है। उक्त मामले में यदि बीमाधारक द्वारा दोनों तरह का बीमा लिया गया था तो उसे दोनों का लाभ मिलना उचित कहा जाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा और वाहन बीमा के लिए वह अलग-अलग प्रीमियम का भुगतान कर रहा है तो उसके अधिकार से वंचित किया जाना कंपनियों की नीयत में खोट दर्शाता है। बीमा कंपनियां अभी भी धारकों को मुआवजा देने में भारी कोताही करती पाई जाती हैं।तमाम नियम-कायदों के बावजूद वन-विंडो प्रणाली संभव होती नहीं नजर आती। बीमा कंपनियों में सार्वजनिक के साथ ही निजी क्षेत्र भी शामिल है। बावजूद इसके बीमाधारकों से किए वादों को पूरा करने में विभिन्न अड़चनें लगाई जाती हैं। कंपनियों का मानना है कि उनके समक्ष भी तमाम समस्याएं हैं।बीमाधारकों द्वारा गैर-वाजिब, झूठे या गलत तरीके से किए गए दावों से भी वे त्रस्त रहती हैं। मगर यह मामला काफी अलग है जिसमें बीमा कंपनियों ने मुआवजे के लाभकर्ता के प्रति न केवल अमानवीय रवैया रखा, बल्कि उचित लाभ देने में कटौती का प्रयास भी प्रयास किया। अदालत को इन पर आर्थिक दंड लगाना चाहिए ताकि भविष्य में वे बीमाधारकों के साथ चतुराई करने से बाज आएं।

## सुविचार

असंभव वहां नहीं है, जो हम कर नहीं पाते
असंभव वह है, जो हम करना नहीं चाहते।

**- एच.एल. खुशाल, इंदौर**

जीवन में कुछ ऐसे लोग भी मिल जाते हैं, जो अनजाने
होकर भी अपनों से बढ़कर स्नेह और सम्मान दें जाते हैं,
और कुछ अपने होकर भी धोखा दे जाते हैं।

**- राजेन्द्र मकवानी, इंदौर**

सत्य और धैर्य के साथ की गयी वार्ता,
कभी असफल नहीं होती है।

**- राशि परिहार, इंदौर**

बहादुर लोग संघर्ष करना और
कमजोर लोग झुकना ही सिखाएंगे।

**- डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

पैसा ज़रूर कमायें, पर साथ-साथ दुआओं को भी
कमाना चाहिए, दुआएँ ज़िंदगी के उस मोड़ पर काम आती हैं..
जहां पैसा काम करना बंद कर देता है।

**- ताहिर अली, भोपाल**

अजीब बात है कि दूसरे की मदद करने
का समय किसी के पास नहीं है, पर दूसरे के
काम में अड़ंगें डालने का समय सबके पास है।

**- प्रवीण वर्मा, इंदौर**

## फ़ैबटेक टेक्नोलॉजीज़ क्लीनरूम ने केल्विन में हिस्सेदारी बढ़ाकर 51% की, बनाया अपनी सब्सिडियरी

**मुंबई।** भारत - क्लीनरूम सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता रखने वाली बीएसई लिस्टेड फ़ैबटेक टेक्नोलॉजीज़ क्लीनरूम लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने केल्विन एयर कंडीशनिंग × वेंटिलेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (केल्विन) में अपनी हिस्सेदारी एक-तिहाई से बढ़ाकर 51% कर दी है। इस एक्वीजीशन के साथ, केल्विन अब फ़ैक्टेक की सब्सिडियरी कंपनी बन गई है, जिससे दोनों कंपनियों के ऑपरेशंस और रिसोर्स में और मजबूती आएगी। यह कदम फ़ैबटेक की ग्रोथ स्ट्रेटेजी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्लीनरूम पर्यावरण के लिए आवश्यक हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीऐसी) क्षमताओं को मज़बूत बनाना है।

फ़ैबटेक ने 2024 में केल्विन में एक-तिहाई हिस्सेदारी एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के रूप में हासिल की थी, ताकि वह अपने पोर्टफोलियो में एचवीऐसी विशेषज्ञता को शामिल कर सके। अब इस हिस्सेदारी को 51त्न तक बढ़ाकर, फ़ैबटेक अपने हाल ही में हुए आईपीओ के दौरान घोषित स्ट्रेटेजिक एक्वीजीशन प्लांस को एक्सीक्यूट कर रही है।

## लघु कथा

एक छोटे से गाँव में रोहन नाम का लड़का रहता था। उसके माता-पिता बूढ़े हो चुके थे और उनकी सेहत भी ठीक नहीं रहती थी। रोहन उनकी बहुत सेवा करता था और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखता था।


एक दिन, रोहन के माता-पिता ने उससे कहा, बेटा, तुम्हारी सेवा के कारण ही हम आज भी जीवित हैं। रोहन ने कहा, माँ-पिताजी, आपकी सेवा करना मेरी जिम्मेदारी है और मुझे इसमें कोई परेशानी नहीं है।

रोहन की माँ ने कहा, बेटा, तुम्हारी निष्ठा और प्रेम ने हमें नई ऊर्जा दी है। रोहन के पिता ने कहा, बेटा, तुम्हारी सेवा से हमें एहसास होता है कि हमारा जीवन अभी भी सार्थक है। इस तरह, रोहन ने अपने माता-पिता की सेवा की और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा। रोहन की कहानी हमें सिखाती है कि माता-पिता की सेवा करना हमारी जिम्मेदारी है और इससे हमें आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है।



दैनिक विनय उजाला
**यश वरलानी**

## मधुमेह क्या है?




मधुमेह एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। मधुमेह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। मधुमेह के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं, और सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ प्रबंधित किया जा सकता है।



---

**सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात ने बेबी को महासचिव बनाने की भूमिका तैयार की थी। देश की राजनीति में एक दौर था जब वामपंथी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा व केरल में अपने दम पर राज्य सरकारें बना लिया करते थे और इन राज्यों में लम्बे समय तक उनकी सरकारें रही भीं।**

# देश के बदले सियासी माहौल में बेबी बने माकपा के महासचिव

विजय कपूर



दैनिक विनय उजाला



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की 24वीं कांग्रेस मदुरै (तमिलनाडु) में हुई, जिसमें 71-वर्षीय मरियम एलेग्जेंडर बेबी (एमए बेबी) को पार्टी का नया महासचिव नियुक्त किया गया। वह इस पद को संभालने वाले केरल से दूसरे व्यक्ति हैं, जबकि उनसे पहले केरल के पहले मुख्यमंत्री ईएमएस नंबूदरीपाद माकपा के महासचिव बने थे। बेबी सीताराम येचुरी की जगह महासचिव बने हैं, जिनका सितम्बर 2024 में निधन हो गया था और तब से अंतरिम कोऑर्डिनेटर के रूप में प्रकाश करात कार्य कर रहे थे। बेबी की नियुक्ति सर्वसम्मति से न हुई, जिससे माकपा जैसी अनुशासित पार्टी के भीतर कलह का अनुमान होता है, लेकिन इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि प्रकाश करात व त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार सहित अनेक प्रमुख नेताओं को पोलितब्यूरो से निकाल दिया गया है। क्या इससे माकपा में नया जोश आ सकेगा या इससे नई दिशा मिल सकेगी और वह भी ऐसे समय में जब माकपा ही नहीं समूचे वामपंथ का जनाधार व राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव निरंतर सिकुड़ता जा रहा है? फ़िलहाल तो कोई भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन वर्तमान में जो देश का माहौल है उसमें माकपा की धर्मनिरपेक्षता और संसद में स्तरीय भाषणों की ज़रुरत है।

कोल्लम में जन्मे बेबी ने अपनी राजनीतिक यात्रा केरल में छात्र एक्टिविज्म से शुरू की और बाद में वह एसएफआई व डीव्हाईएफआई के अध्यक्ष बने। बेबी (1986-1998) राज्यसभा के सदस्य रहे। वह केरल के शिक्षा व संस्कृति मंत्री (2006-2011) रहे। उनका 2012 में माकपा के पोलितब्यूरो में चयन हुआ। माकपा की सहयोगी पार्टियों ने बेबी के महासचिव बनने का स्वागत किया है, मसलन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए कहा, बेबी धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व संघवाद के प्रति समर्पित हैं और उनकी वजह से एक जैसी सोच वाली पार्टियों के बीच में संबंध अतिरिक्त मज़बूत होंगे, लेकिन बेबी के महासचिव बनने में अपनी ही पार्टी के भीतर से विरोध का सामना करना पड़ा। माकपा की बंगाल व महाराष्ट्र की यूनिट्स चाहती थीं कि आल इंडिया किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक धावले पार्टी के महासचिव बनें। पोलितब्यूरो के 16 में से 5 सदस्यों ने बेबी की नियुक्ति का विरोध किया। लेकिन केरल के सदस्यों ने बेबी का समर्थन किया। बेबी इस बात से सहमत नहीं हैं कि उनकी नियुक्ति पर पार्टी में आंतरिक विरोध है। उनका दावा है कि उन्हें पार्टी में विस्तृत समर्थन प्राप्त है। उनके अनुसार, मुहम्मद सलीम (बंगाल माकपा के राज्य सचिव) ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा और अशोक धावले ने उसका समर्थन किया। सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात ने बेबी को महासचिव बनाने की भूमिका तैयार की थी। देश की राजनीति में एक दौर था जब वामपंथी पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा व केरल में अपने दम पर राज्य सरकारें बना लिया करते थे और इन राज्यों में लम्बे समय तक उनकी सरकारें रही भीं। पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में तो दशकों तक वामपंथी ही सत्ता में रहे और ज्योति बसु (पश्चिम बंगाल) व माणिक सरकार (त्रिपुरा) में लगातार मुख्यमंत्री बनते रहे।

अन्य राज्यों जैसे पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश व ओडिशा में भी उनका अच्छा प्रभाव रहा। उत्तर प्रदेश में मुज़फ्फरनगर, जो चौधरी चरण सिंह की जाट-मुस्लिम राजनीति का गढ़ माना जाता था, में भी कामरेडों ने स्वयं चरण सिंह को पराजित करके अपना लोकसभा सदस्य बनाया। उत्तर प्रदेश की अयोध्या लोकसभा सीट को भी वामपंथियों ने जीता था। इस तरह लोकसभा में वामपंथियों की प्रभावी उपस्थिति रहती थी कि एक समय तो उनकी लोकसभा की सदस्यता 6। तक पहुंच गई थी। इस तरह वह राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने में सक्षम रहते थे, विशेषकर संसद में बहस के दौरान उनसे तर्कपूर्ण भाषण सुनने को मिलते थे, जिससे विधेयकों के लिए अर्थपूर्ण सुझाव भी सामने आते थे। वामपंथी बौद्धिक व साफ सुथरी राजनीति के प्रतीक बन गये थे। किसी वामपंथी सांसद पर कभी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। भाकपा के राज्यसभा सदस्य गुरुदास दासगुप्ता ने एक घोटाले का पर्दाफास किया था, जिसके लिए सरकार की तरफ से उन्हें 8 लाख रूपये का ईनाम मिला था, लेकिन उन्होंने वह भी श्रमिकों को दान कर दिया था। लेकिन अब माकपा व उसके सहयोगी वामपंथी दल (भाकपा, फॉरवर्ड ब्लॉक आदि) मुख्यत-केरल तक ही सिमट कर रह गये हैं।

यही वजह है कि बेबी की नियुक्ति में केरल लॉबी असरदार रही। केरल में फ़िलहाल वामपंथियों की सरकार है। मदुरै कांग्रेस में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन को अपवाद स्वरूप अपने पद पर बने रहने की अनुमति दी गई। माकपा में राजनीतिक सक्रियता की आयु सीमा ।5 वर्ष है, जिसके बाद सदस्य को रिटायर कर दिया जाता है यानी उसे पार्टी या सरकार में कोई पद नहीं दिया जाता है। विजयन ।9 वर्ष के हैं। माकपा की पिछली कांग्रेस 2022 में कन्नूर में हुई थी, जिसमें पार्टी ने केंद्रीय कमेटी व पोलितब्यूरो के सदस्यों की आयु सीमा 75 साल निर्धारित की थी। गौरतलब है कि बीजेपी में भी लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व जसवंत सिंह को मार्गदर्शक मंडल में इस लिए भेज दिया गया था कि वह ।5 वर्ष की आयु पूरी कर चुके थे। अब जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ।5 साल के होने जा रहे हैं, उन्हें रिटायर करने की सुगबुगाहट सियासी गलियारों में अवश्य हो रही है, लेकिन अनुमान यही है कि विजयन की तरह उनके लिए भी अपवाद का रास्ता निकाल लिया जायेगा। उनकी हाल की नागपुर (आरएसएस मुख्यालय) यात्रा से यही संकेत मिल रहा है।

बहरहाल, माकपा ने प्रकाश करात, उनकी पत्नी बृंदा करात, माणिक सरकार, सुरज्या कान्त मिश्रा, सुभाषनी अली और जी रामकृष्णन को पोलितब्यूरो से निकाल दिया है। लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रकाश करात बृंदा, अली व माणिक सरकार केंद्रीय कमेटी में सलाहकार की भूमिका निभाने के लिए विशेष आमंत्रित सदस्यों के तौरपर कार्य करते रहेंगे। इसका अर्थ यह है कि पार्टी निरंतरता के साथ परिवर्तन सुनिश्चित करना चाहती है। माकपा ने बदले हुए पोलितब्यूरो की घोषणा की है और उसकी सदस्यता संख्या 1। से बढ़ाकर 18 कर दी है, युग परिवर्तन का संकेत देते हुए।

माकपा की केंद्रीय कमेटी व कांग्रेस ने पोलितब्यूरो द्वारा बेबी के नियुक्ति प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है। बेबी अब अधिकारिक तौरपर माकपा के महासचिव हैं। आराम व संतुलन से बात करने वाले बेबी को अपनी छह दिवसीय राष्ट्रीय कांग्रेस में महासचिव नियुक्त करके माकपा ने दरअसल रिफ्रेश का बटन दबाया है। पार्टी ने अपनी केंद्रीय कमेटी में 30 नये सदस्य भी शामिल किये हैं।

केंद्रीय कमेटी में 84 सदस्य हैं। पोलितब्यूरो में आठ नये सदस्य शामिल किये गये हैं, जिनमें त्रिपुरा विधानसभा में विपक्ष के नेता जितेंद्र चौधरी, राजस्थान के सीकर से लोकसभा सांसद अमरा राम आदि भी शामिल हैं। कांग्रेस के अंतिम दिन कुछ नाटकीय पल भी देखने को मिले। सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीएल कराद, जो यूनियन की महाराष्ट्र इकाई के के अध्यक्ष भी हैं, ने केंद्रीय कमेटी में अपने चयन की दावेदारी पेश की, जिससे दुर्लभ गुप्त मतदान कराना पड़ा। कराद को केवल 31 मत मिले। जालंधर कांग्रेस जो 19 ।8 में हुई थी के बाद माकपा की 15 राष्ट्रीय कांग्रेस हो चुकी हैं, लेकिन मतदान पहली बार हुआ है। माकपा ने वर्ग संघर्ष ज़मीनी स्तर पर आरंभ करने का फैसला किया है, जिसकी सफलता नये नेतृत्व की क्षमता पर निर्भर करती है, जिसका दमखम समय के साथ ही देखने को मिल सकेगा।

**[ लेखक सम-सामयिक विषयों के विश्लेषक हैं ]**

---

**9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर विशेष**

# नवकार महामंत्र : जैन धर्म की आत्मिक शक्ति का मूल स्रोत-एक आध्यात्मिक चिंतन

जैन धर्म के महान तीर्थंकरों की वाणी में सबसे पहला, सबसे पवित्र और सर्वश्रेष्ठ मंत्र है — नवकार महामंत्र। इसे णमोकार मंत्र या नवकार मंत्र भी कहा जाता है। यह कोई साधारण मंत्र नहीं, बल्कि जैन धर्म की आत्मिक परंपरा का मूल स्तंभ है — जिसकी कोई जाति, पंथ, या भगवान विशेष से सीमित पहचान नहीं है। यह सभी सिद्ध आत्माओं को नमन करने का, समर्पण का, और आत्मशुद्धि का महामार्ग है।

नवकार महामंत्र का स्वरूप:

णमो अरिहंताणं। णमो सिद्धाणं। णमो आयरियाणं। णमो उवज्झायाणं। णमो लोए सव्वसाहूणं।

— एसो पंचणमोक्कारो, सव्वपावप्पणासणो।

मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं॥

इस मंत्र में हम पाँच परमेष्ठियों को नमस्कार करते हैं:

अरिहंत - जिन्होंने सारे राग-द्वेष को जीत लिया है।

सिद्ध - जो कर्मों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त कर चुके हैं।

आचार्य - जो धार्मिक परंपराओं का संचालन करते हैं।


उपाध्याय - जो धर्म का अध्ययन और प्रचार करते हैं।

साधु-साध्वी - जो आत्मकल्याण के पथ पर चल रहे हैं।

**नवकार का महत्व :** यह किसी देवता की स्तुति नहीं है, बल्कि यह उस गुण की वंदना है जो किसी भी आत्मा को सिद्ध बना सकता है।

यह मंत्र कर्मों के नाश का कारण है। जैसा कि मंत्र में आता है — सव्वपावप्पणासणो, अर्थात सभी पापों का नाश करने वाला।

पढमं हवइ मंगलं — यह सभी मंगलों में सर्वोत्तम मंगल है।



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नवकार:

जैसा कि आज के विज्ञान युग में हर बात को तर्क और प्रमाण से समझा जाता है, नवकार महामंत्र की ध्वनि और इसकी उच्चारण पद्धति का हमारे चित्त और चेतना पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसकी ध्वनि-तरंगें हमारे मस्तिष्क की तरंगों को शांत करती हैं, चिंता व तनाव को दूर कर मानसिक शांति देती हैं।

### हर दिन की शुरुआत नवकार से क्यों?

जब कोई व्यक्ति दिन की शुरुआत नवकार मंत्र से करता है, तो वह अपने भीतर विनय, संयम, नम्रता, और शुद्धि का भाव लेकर आगे बढ़ता है। यह न केवल आत्मिक बल देता है, बल्कि जीवन के संघर्षों को सहजता से सहने की क्षमता भी देता है।

### संपूर्ण मानवता के लिए संदेश:

नवकार महामंत्र की सबसे सुंदर बात यह है कि यह किसी धार्मिक सीमा में बँधा नहीं है। यह सबके लिए है — क्योंकि यह आत्मा की शुद्धता, सद्गुणों और मुक्ति की कामना करता है। यह एक ऐसा मार्ग दिखाता है, जहाँ व्यक्ति स्वयं की आत्मा को पहचानता है, और दूसरों की आत्मा का सम्मान करता है।

### अंत में यही निवेदन है:

आइए, हम इस नवकार महामंत्र को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ। केवल बोलने तक सीमित न रहें, बल्कि इसके भावों को जीवन में उतारें — तभी हम सच्चे अर्थों में आत्मिक प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

### इंदौर में भी-

दिनांक 9 अप्रैल को जीतो के द्वारा पूरे विश्व में इसका आयोजन सुबह 8 से 9.30 किया जा रहा जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित फिल्मी दुनिया की कई हस्तियां आनलाइन जुड़ेंगी ।इंदौर में यह आयोजन जीएसआईटीएस के ग्राउंड में टू वे स्क्रीन के साथ संपन्न होगा जिसमें इंदौर शहर के समग्र समाज के लोगों की सहभागिता होगी।

णमो अरिहंताणं।

दैनिक विनय उजाला

**वीरेन्द्र कुमार जैन**

---

## क्रॉम्पटन के 3-स्टार ऊर्जा दक्ष, अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन से अपने स्पेस को बनाएं और भी शानदार - सौंदर्य और तकनीक का अनोखा संगम

**मुंबई।** कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेगमेंट में अग्रणी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपना नया प्रीमियन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन पेश किया है। यह प्रीमियम इंडक्शन फैन न केवल शानदार डिज़ाइन बल्कि शक्तिशाली तकनीक और उच्च प्रदर्शन के साथ आता है, जो आपके रहने की जगह को एक नया आयाम देता है। बैलेरीना की सुंदर घुमावदार मुद्रा से प्रेरित, अवांसर स्वर्ल कालातीत सुंदरता और गतिशीलता का प्रतीक है। इसकी अनूठी डिज़ाइन इसे किसी भी घर के लिए एक उल्लेखनीय हिस्सा बनाती है जिससे घर न केवल अधिक आरामदायक बल्कि अधिक स्टाइलिश भी बन जाता है। चाहे आप उमस से राहत चाहते हों या चिलचिलाती गर्मी से तुरंत राहत पाना चाहते हों, क्रॉम्पटन का प्रीमियन अवांसर स्वर्ल सभी के लिए आदर्श समाधान है। चूंकि ऊर्जा दक्षता और घरेलू सौंदर्य का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए उपभोक्ता ऐसे सीलिंग फैन चाहते हैं जो न केवल प्रभावी शीतलता प्रदान करें, बल्कि बिजली की लागत को कम करते हुए उनके आंतरिक साज-सज्जा के साथ सहजता से मेल खाएं। मानसून के दौरान बढ़ती नमी के साथ, पंखे घरों के लिए अनिवार्य हो गए हैं। साथ ही ये परिष्कृत डिज़ाइन के साथ आता है है जो विभिन्न प्रकार के इंटीरियर शैलियों के अनुरूप है। इसकी 3-स्टार ऊर्जा दक्षता इसे उन ग्राहकों के लिए बेहतरीन विकल्प बनाती है जो आराम और किफ़ायत दोनों को प्राथमिकता देते हैं। 5 साल की वारंटी- यह उत्कृष्ट प्रोडक्ट 5 साल की ड्यूराटेक वारंटी के साथ आता है, जो क्रॉम्पटन की उपभोक्ता संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी के नए प्रोडक्ट लॉन्च पर बोलते हुए, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के बिज़नेस हेड - होम इलेक्ट्रिकल्स और पंप्स, श्री रजत चोपड़ा ने कहा, क्रॉम्पटन में, जो कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स क्षेत्र क्षेत्र में नवाचार और विश्वसनीयता का पर्याय है, हम ऐसे उत्पाद बनाने का प्रयास करते हैं जो उत्कृष्ट इंजीनियरिंग और डिज़ाइन के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाएं।

---

# मोर, डॉग, खरगोश, हिरण, हाथी गाय जैसे राष्ट्र के प्रतीक और प्रकृति के मित्र है

इन बेजुबानों के लिए कौन जुबान बनेगा?

मौन हैं वो, पर उनके दर्द की आवाज़ अब गूंजनी चाहिए..

मनीषा जैन- स्वतंत्र पत्रकार

क्या आपने कभी मोर की आंखों में आँसू देखे हैं?

या किसी घायल हिरण की कंपकंपाती सांसों को महसूस किया है?

क्या आपको पता है कि वह खरगोश, जो कभी बच्चों के खेल का साथी था आज किसी क्रूर शिकारी की भूख का शिकार बनता है?

हैदराबाद के जंगलों में जो हो रहा है, वह सिर्फ जंगल की त्रासदी नहीं है यह हमारी इंसानियत की हार है।

वो मोर जो हमारा राष्ट्रीय पक्षी है, वो हाथी जो गणेशजी का वाहन है,

वो हिरण जो हर जंगल का सौंदर्य है, वो कुत्ता जो हमारी वफादारी का प्रतीक है, वो खरगोश जो मासूमियत की मिसाल है द्यवो गाय जो हम सबकी माता हे ये सब अब खतरे में हैं। शिकार, तस्करी, जहर, आग कितनी अमानवीयता और सहेंगे ये?

हम इंसान हैं, हम बोल सकते हैं, लड़ सकते हैं, सवाल उठा सकते हैं।

तो फिर सवाल यह है- क्या हम इनके लिए खड़े होंगे?

क्या हम इन बेजुबानों की जुबान बनेंगे

आओ, खामोशी नहीं करुणा चुनें।

उनके लिए बोलें, जिनके पास शब्द नहीं हैं।

जब गाय कटती है, मोर रोता है, हाथी घायल होता है—तो इंसानियत भी मरती है। अब समय है-

- अपनी संवेदनाओं को जगाने का।

- जंगलों की रक्षा में स्वर उठाने का।

- और हर उस मासूम प्राणी के लिए आवाज़ बनने का—जिसकी आंखें तो हैं, पर जुबान नहीं।



एक मोर की चीख, एक हाथी का आँसू, एक खरगोश की दौड़... ये सब अब हमसे जवाब मांगते हैं।

क्या हम जवाब देंगे?

या फिर हमेशा चुप रहेंगे?

प्रकृति, प्राणी और करुणा के लिए समर्पित आवाज़

आओ, आवाज़ बने हम इन बेजुबानों की!

वो चीख नहीं सकते, पर हम तो बोल सकते हैं!

प्रकृति ने हमें बुद्धि दी, भाषा दी, संवेदनाएँ दीं—तो क्या यह हमारा कर्तव्य नहीं बनता कि हम उनकी रक्षा करें, जो कुछ कह नहीं सकते?

हैदराबाद के जंगलों में हाल ही में जो अमानवीय क्रूरता हुई, उसने हमारी आत्मा को झकझोर दिया है। निरीह जानवरों पर हुए अत्याचार, उनके जीवन के साथ किया गया खिलवाड़, न केवल पशु-अधिकारों का हनन है, बल्कि हमारे समाज की नैतिकता पर भी सवाल है।

जंगल केवल पेड़ और जानवरों का घर नहीं है, वह इस धरती का फेफड़ा है, एक संतुलन है—और उन जीवों का अधिकार है जो इंसान से पहले वहां बसते थे।

जब हम इनका हक़ छीनते हैं, जब हम इनकी चीखों को अनसुना करते हैं, तब हम सिर्फ एक जानवर नहीं मारते—हम इंसानियत की जड़ों को काटते हैं।

अब वक्त आ गया है कि हम केवल पर्यावरण दिवस पर भाषण न दें, बल्कि असल में बेज़ुबानों के लिए आवाज़ बनें।

- हम कानून से सख्त कार्रवाई की माँग करते हैं।

- हम चाहते हैं कि जंगलों में सुरक्षा और संरक्षण की ठोस व्यवस्था हो।

- हम, एक संवेदनशील समाज की नींव बनना चाहते हैं।

आइए, खामोशी नहीं, करुणा चुनें।

उनके लिए बोलें, जिनके पास शब्द नहीं हैं।

**मनीषा जैन (पत्रकार), इंदौर**

### बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच बोले राहुल

# ट्रंप ने भ्रम का पर्दाफाश किया, हमें सच्चाई का सामना करना पड़ेगा

नई दिल्ली, (हि.स.)

**शेयर बाजार में जारी उथल-पुथल और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति इन दिनों लगातार चर्चा में है। इसी बीच लोकसभा में विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को टैरिफ नीति को लेकर डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भ्रम का पर्दाफाश कर दिया है और अब हमें सच्चाई का सामना करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।**

अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ नीति का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने भ्रम का पर्दाफाश कर दिया है। अब वास्तविकता का सामना करना होगा। पीएम मोदी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने आर्थिक भविष्य के लिए केवल एक लचीली और उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का ही विकल्प है, जो सभी भारतीयों के लिए लाभकारी हो।

राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के कदमों के कारण शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने शेयर बाजार में भारी गिरावट ला दी है। यहां 1 प्रतिशत से भी कम लोग शेयर बाजार में अपना पैसा लगाते हैं, इसका मतलब यह है कि शेयर बाजार आम लोगों के लिए नहीं है। इसमें अनगिनत पैसे कमाए जाते हैं, लेकिन आम आदमी को इसका फायदा नहीं मिलता।

### शेयर बाजार में उथल-पुथल



गौरतलब है कि हाल के दिनों में वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे ट्रंप द्वारा लगाए गए पारस्परिक शुल्क जिम्मेदार हैं। इन शुल्कों के कारण वैश्विक स्तर पर इक्विटी में बिकवाली बढ़ी है, और भारत भी इससे प्रभावित हुआ है। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही टैरिफ पर जोर दिया है।

### मोदी और ट्रंप अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में माहिर

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी टैरिफ के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट को लेकर कांग्रेस ने हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही अपनी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में माहिर हैं। बाजार भी अनुमान के मुताबिक टैरिफिंग तरीके से प्रतिक्रिया कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को अच्छे दोस्त बताते हैं। दोनों ही अपनी अर्थव्यवस्थाओं को खुद ही नुकसान पहुंचाने में माहिर हैं। 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी हुई थी। 2 अप्रैल 2025 को विचित्र जवाबी टैरिफ लगाए हैं। बाजार टैरिफ लगाने के तरीके पर पूर्वानुमानित प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### यूपी सरकार के मंत्री अंसारी बोले

## खुदा की होती है वक्फ संपत्ति, इसका प्रबंधन अब होगा बेहतर



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संवाददाताओं से बातचीत में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्ति खुदा की संपत्ति होती है। यह किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती है। यह किसी सरकार की संपत्ति नहीं होती है। इसकी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार संजीदगी से काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह भ्रांतियां और कन्फ्यूजन वही लोग फैला रहे हैं, जिन लोगों ने वक्फ की संपत्तियों पर अवैध तरीके से कब्जा बना रखा है। अयोध्या में बहुत ज्यादा वक्फ की जमीन है। अयोध्या में वक्फ की जमीन पर क्या चैरिटेबल हॉस्पिटल है, क्या चैरिटेबल स्कूल है, क्या स्किल सेंटर है, जिससे गरीब मुस्लिमों का भला होता हो। कुछ खास लोग वक्फ की जमीनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। इस एजेंडे पर अब विपक्ष मुस्लिमों को बरगला नहीं सकता है।

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा

## विकसित और आत्मनिर्भर के लिए सेतु आयोग तैयार करेगा विजन डॉक्यूमेंट



देहरादून, (हि.स.)

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सेतु आयोग को विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दस्तावेज़ में 2 वर्ष की अल्पकालिक, 10 वर्ष की मध्यकालिक और 25 वर्ष की दीर्घकालिक योजनाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन और अनुश्रवण पर विशेष जोर देने की बात कही।

मुख्यमंत्री सोमवार को देहरादून सचिवालय में आयोजित सेतु आयोग की नीतिगत निकाय की पहली बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में बागवानी और डेरी क्षेत्र में कार्य की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सेतु आयोग के विशेषज्ञ योजना तैयार करें। उन्होंने सेतु आयोग को निर्देश दिए कि युवाओं के कौशल विकास और आधुनिक प्रशिक्षण के साथ ही आयोग को विभागों के उत्प्रेरक (कैटलिस) की भूमिका में कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं पर विषय विशेषज्ञ संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार करें, इससे विभागों को आगे कार्य करने के लिए सही दिशा मिल सकेगी।

### राज्य के विकास की सटीक नीति होगा कार्य

सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने अब तक किए गए कार्यों और भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित और सशक्त उत्तराखंड की दृष्टि से राज्य की नीति कैसी होनी चाहिए, इसके लिए विभागों के साथ समन्वय कर उन नीतियों को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कराना सेतु आयोग का मुख्य उद्देश्य है, जिससे योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिल सके। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य के समग्र विकास के लिए विभागों के साथ मिलकर रणनीति तैयार की जा रही है। इससे धरातल में योजनाओं की स्वीकार्यता बढ़ेगी और क्रियान्वयन में भी आसानी होगी।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नीति बनाई जा रही है ताकि उनका धरातल पर बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। इसी का परिणाम है कि सीएम छात्रवृत्ति योजना लागू होने के बाद विद्यालयों में छात्रों की संख्या बढ़ी है।

## योगी बोले- 2034 में देश में एक साथ चुनाव होंगे

लखनऊ

बार-बार होने वाले चुनाव देश के विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगाते हैं। इससे न केवल समय और संसाधनों की बर्बादी होती है, बल्कि देश की जीडीपी पर भी सीधा असर पड़ता है। ये बातें सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कही। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि अगर देश को तेज गति से आगे बढ़ाना है तो चुनावी सिस्टम में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा, हर साल चुनाव कराना केवल राजनीतिक गतिविधियों को नहीं बढ़ाता, बल्कि इससे विकास योजनाओं की गति थम जाती है। योगी ने कहा, बार-बार चुनाव होने से देश की जीडीपी पर करीब 1.5त्न तक असर पड़ता है, जो 3.5 से 4 लाख करोड़ रुपए तक के खर्च में तब्दील होता है। ये रकम कई



राज्यों के कुल वार्षिक बजट से भी अधिक है। सीएम योगी ने बताया, 1952 से 1967 तक देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। आज भी कुछ राज्यों में ये प्रयोग हो रहा है। अब वक्त आ गया है कि इसे स्थायी रूप दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, यह केवल एक राजनीतिक चर्चा नहीं है, यह एक राष्ट्रहित का मुद्दा है। वन नेशन, वन इलेक्शन अब विचार नहीं, एक मिशन होना चाहिए। इसके लिए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना होगा।

### पप्पू यादव के बाद अब कन्हैया कुमार पर दांव

# तेजस्वी यादव को भ्रमित क्यों कर रही कांग्रेस..?

पटना, (हि.स.)

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ेगा- महागठबंधन के तमाम दिग्गज बीच-बीच में इस बात को उठाकर भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ जनता दल यूनाईटेड को भ्रमित करते हैं। लेकिन, दूसरी तरफ भी आग उसी तरह की है। भ्रम की आग। बिहार विधानसभा चुनाव में अभी लगभग सात महीने बाकी हैं, लेकिन कांग्रेस की सक्रियता देखकर राष्ट्रीय जनता दल के अंदर कहीं-न-कहीं उधेड़बुन की स्थिति जरूर है। जिस तरह से अचानक कन्हैया कुमार बिहार कांग्रेस में सक्रिय हुए हैं, उससे अंदरखाने गजब की हलचल है। खासकर राजद में। सवाल उठ रहा कि आखिर



तेजस्वी यादव को भ्रमित क्यों कर रही है कांग्रेस?

### तब पप्पू के कारण राजद ने कर दिया था खेल

लोकसभा चुनाव के पहले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने दिल्ली जाकर अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कराते हुए इसकी सदस्यता ली थी। दिल्ली जाने से पहले पप्पू यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव से मिलने आए थे। इस मुलाकात के अगले दिन पप्पू यादव ने अपनी पार्टी-जाप का कांग्रेस में विलय करा दिया। दिल्ली से लौटते समय पप्पू यादव पूरी तरह निश्चिंत थे कि उन्हें पूर्णिया लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए मिल जाएगा। लेकिन, जानकार बताते हैं कि यादवों के बीच तेजस्वी यादव के समकक्ष कोई खड़ा न हो, इसलिए लालू यादव ने कांग्रेस को किनारे करते हुए पूर्णिया सीट पर बीमा भारती को राजद का चुनाव चिह्न सौंप दिया। सामने बात यही रही कि बीमा को आश्वासन पहले से दिया गया था, लेकिन अंदर की बात कांग्रेस की पूरी रणनीति को ध्वस्त करने की थी। पप्पू यादव को किनारे किए जाने के मामले में बाहर-बाहर तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह खलनायक बने, लेकिन खेल कहीं और से हो चुका था। नतीजा यह रहा कि पप्पू यादव को कांग्रेस ने अपना सदस्य तक मानने से इनकार कर दिया। निर्दलीय लड़े, जीते, कांग्रेस के प्रति ही आस्था जताई; लेकिन सबकुछ वह एकतरफा ही करते रहे। दूसरी तरफ से प्रेम का इजहार नहीं हुआ।

### कन्हैया भूमिहार होकर भी वाम चेहरा, इसलिए प्रयोग

राहुल गांधी ने सोमवार को पहले बेगूसराय में कन्हैया कुमार के साथ पदयात्रा की और फिर पटना में गरीब-गुरबों, दलित-पिछड़ों की बात की, यह तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव के लिए आया संकेत ही है। कन्हैया कुमार बिहार की बेगूसराय सीट पर 2019 में गिरिराज सिंह से करारी हार के बाद दिल्ली की राजनीति करने लौट गए थे। इस बार कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने भले अपने हटाए गए प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के भूमिहार चेहरे की भरपाई के लिए दिखावट के रूप में लाया है, लेकिन अंदर की बात यही है कि वह इस जाति के होकर भी वाम चेहरा हैं। मतलब, गरीब-गुरबों के बीच का चेहरा। राहुल गांधी ने लालू प्रसाद के वोटरों को लक्ष्य कर भी एक तरह से संदेश दिया है कि कांग्रेस किसी को आगे कर सकती है। वह चेहरा कौन होगा, यह राहुल गांधी अभी पत्ता नहीं खोल रहे। चेहरे के रूप में कन्हैया कुमार की बिहार वापसी को देखें तो यह तेजस्वी यादव के लिए सहज नहीं है।

### तब भी तेजस्वी नहीं चाहते थे कन्हैया को, अब भी असहज

जब कन्हैया 2019 के चुनाव में वामपंथी प्रत्याशी थे, तो राजद ने बेगूसराय में अपना भी प्रत्याशी उतार दिया था। दोनों मिलाकर भी भाजपाई गिरिराज सिंह से भले दूर रहे हों, लेकिन यह संदेश साफ था कि राजद कन्हैया कुमार को बिहार में बढ़ते नहीं देखना चाहता है। ऐसे में एक बार फिर कन्हैया ने जब बिहार में वापसी की है तो राजद के अंदर भ्रम की स्थिति है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी यादव को सीएम का चेहरा तो बता रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी के मुंह से निकली योजना और कन्हैया कुमार की सक्रियता से राजद का भ्रमित होना स्वाभाविक भी है।

### जैन समाज का महाकुंभ

# सुमति धाम में पट्टाचार्य महोत्सव... न भूतो न भविष्यति

### 27 अप्रैल को धरती के देवता चर्या शिरोमणि शताब्दी देशना चार्य पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज सहित 400 संत पहुंचेंगे तीर्थ स्वरूप सुमति धाम

विनय उजाला

**इंदौर ( राजेश जैन दद्दू )। भूतों ना भविष्यति आज तक ना देखा होगा, ऐसा अद्भुत, अनुपम, अकल्पनीय महामहोत्सव मां अहिल्या की नगरी इंदौर के गोधा स्टेंट सुमति धाम गांधी नगर में संतवाद-पंथवाद-ग्रंथवाद से मुक्त, अध्यात्मवोगी, शताब्दी देशनाकार, चर्या शिरोमणि श्रमणाचार्य 108 श्री विशुद्धसागरजी महाराज का पट्टाचार्य महोत्सव।**

यह आयोजन 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक सुमति धाम, गोधा एस्टेट इंदौर में आयोजित होने जा रहा है। यह महोत्सव विश्व जैन जगत के स्वर्णिम इतिहास का महाअभूतपूर्व आयोजन होगा, जिसकी परिकल्पना महादानी निराभिमानी समाज रत्न,परम गुरु भक्त परिवार के युवा दंपति सपना-मनीष गोधा ने पट्टाचार्य महामहोत्सव कर इंदौर दिगंबर जैन समाज को अनमोल अवसर उपलब्ध कराया है, जिसकी गूंज इंदौर के साथ-साथ पूरे भारत में महोत्सव की सुगंध विश्वव्यापी बन पड़ी है।

### पट्टाचार्य महामहोत्सव वातानुकूलित देशना मंडप में होगा

धरती के देवता चलते फिरते भगवानचर्या शिरोमणि अध्यात्म योगी आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज सहित लगभग 400 संतों के भव्य मंगलमय सान्निध्य में समस्त मुख्य आयोजन जहां सम्पन्न होंगे उस मंडप का नाम देशना मंडप होगा। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए 20 हजार क्षमता वाला यह मंडप वातानुकूलित होगा। सम्पूर्ण संघ के स्वाध्याय के लिए वात्सल्य मंडप, उपस्थित साधमर्मीजनों के लिए पच्चीस पच्चीस हजार की क्षमता वाली चार एअर कुल्ड भोजनशालाएं होंगी। जिसमें समाजजन सुस्वादु स्वादिष्ट भोजन ग्रहण कर सकेंगे। त्यागी वर्ति शुद्ध सोला की भोजनशाला पृथक से होगी जिसमें 5000 त्यागीवृत्ति भोजन कर सकेंगे। ब्रह्मचारी भैया दीदी, विद्वानों व भटट्टारक स्वामीजी की आहारचर्चा भी पृथक-पृथक आहारकक्षों में संपन्न होगी।




### क्यों चर्चा में है : इंद्रपुरी जैसा हो रहा है इंदौर के गोधा स्टेंट का नजारा

विगत वर्ष 2024 में आयोजनों की परम्परा को बदलकर, न बोली, न चंदा, समय के हर पल का सदुपयोग कर सम्पूर्ण विश्व में चर्चा बना था तीर्थ स्वरूप सुमति धाम का जिनबिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव वही इतिहास परिमार्जित होकर पुन : सामने आ रहा है। संपूर्ण इंदौर में इन दिनों प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव से अंतिम तीर्थंकर महावीर के जन्म कल्याणक, आचार्य मुनिराज, आर्यिका, संघों का आना, संत मिलन का साक्षी बन चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज के पट्टाचार्य महोत्सव एवं सुमतिधाम की और टकटकी लगाकर देख रहा है। हर घर में मंगलाचार गाए जा रहे हैं, हर व्यक्ति इंदौर पहुंचना चाहता है, इंदौर इंद्रपुरी जैसा सज गया है। इंदौर के आसपास आचार्य, महाराज, मुनिराज, आर्थिका माताजी आदि त्यागियों की सुगंध महक रही है। इंदौर नगर में प्रतिदिन संतों का आगमन श्रद्धालुओं को आनंद महसूस करा रहा है और गलि गलि गुंजायमान हो राहा है नमोस्तु शासन जयवंत हो।

### संतों के आहार के लिए 350 चौके की व्यवस्था

पट्टाचार्य महोत्सव में पहुंच रहे आचार्य मुनिराज, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक महाराज सहित लगभग 4000पिच्छीधारी दिगम्बर परंपरा के संत पहुंच रहे हैं। 24 घंटे में एक बार आहार ग्रहण करने वाले संतों के लिए 350 चौके बनाए गए है, जहां शुद्ध आहार समाजश्रेष्ठी जन बनाकर संतों का पड़गाहन करेंगे। हे स्वामी। नमोस्तु ! नमोस्तु नमोस्तु की गूंज से होने वाला पड़गाहन का दृश्य किसी आश्चर्य से कम नहीं होगा। आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज सुमतिधाम स्थित सौभाग्य सदन में व मुनिसंघ आचार्य विमलसागर भवन में, आर्यिका माताजी आचार्य विरागसागर भवन में विराजमान रहेंगे । आयोजन की 65 एकड़ में होगी सम्पूर्ण व्यवस्थाएं। पट्टाचार्य महोत्सव व श्रमण परम्परा के महाकुंभके लिए सुमतिधाम में चौबीसों घण्टे कार्य जोरों से चल रहा है। गुरु भक्त सपना-मनीष गोधा अपनी सम्पूर्ण टीम के साथ एक-एक कार्य को तेजी से करा रहे है। महोत्सव स्थल पर डारमेट्री, एयर कंडीशन कॉटेज, ज्ञान शाला, विरागउदय, आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज द्वारा लिखित शास्त्र प्रदर्शनी, बाल संस्कार शिविर, प्ले झोन, इमर्सिव झोन, स्वर्ग नर्क, समवशरण रचना, चाय-काफी शॉप सहित अनेक अभूतपूर्व व्यवस्थाएं गुरु भक्तों श्रावकों के लिए की गई है।





आचार्य १०८ श्री विशुद्धसागर जी महाराज

### 2000 ड्रोन, से लेजर शो की होगी बहुत शानदार प्रस्तुति

जैन जगत व इन्दौर के इतिहास में हमेशा नया सोच रखने वाले कोहिनूर दम्पति सपना-मनीष गोधा ने बताया कि प्रोजेक्शन मेपिंग के जरिये जैन आगम की सुंदर कहानियां, आदिनाथ गाथा, महावीर गाथा, सम्राट खारवेल गाथा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ आधुनिकतम लेजर शो, 2000 ड्रोन से प्रस्तुति एक ऐसा आयोजन है जो प्रतिदिन सुमति धाम में सम्पन्न होगा। विश्व विख्यात स्वस्ति मेहुल जैन की शानदार भक्ति संध्या राम जन्मभूमि प्रतिष्ठा महोत्सव अयोध्या से पूर्व राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे की भाव विभोर प्रस्तुति में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सम्पूर्ण विश्व में ख्याति पा चुकी स्वस्ति मेहुल जैन की भक्ति संध्या, भक्ति के सारे रिकार्ड तोड़ कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने ने वाली है। सांध्य आरती मण्डप में मुम्बई के कलाकारों जिन्होंने अंबानी के यहां प्रस्तुतियां दी है वे कलाकार पट्टाचार्य महोत्सव में अपनी विभिन्न प्रस्तुति देकर आयोजन को अभूतपूर्व ऊंचाइयां देंगे। सुमति धाम में उपस्थित श्रद्धालु जैन तीर्थों की डिजिटल तीर्थ यात्रा का आनंद लेकर एक अनुपम अनुभूति प्राप्त करेंगे। एक साथ 400 संतों का होगा भव्य मंगल प्रवेश 27 अप्रैल रविवार को 30 अप्रैल बुधवार को होगा आचार्य प्रतिष्ठापन पट्टाचार्य महामहोत्सव चर्या शिरोमणि शताब्दी देशना चार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज का भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश 27 अप्रैल रविवार को प्रात: 6 बजे400 संतों एवं मंगल जुलुस के रूप में महावीर बाग एरोड्रम रोड से प्रारंभ होकर तीर्थ स्वरूप सुमतिधाम धाम पहुंचेगा, जिसमें पूरा मार्ग अद्भुत तरीके से सजाया जाएगा। 30 अप्रैल बुधवार 2025 को भव्यातिभव्य जुलूस प्रात: 6.30 बजे से सुमति धाम मंदिर से देशना मण्डप जाएगा, जहाँ प्रात: 7 बजे देशना मण्डप में लगभग 400 पिच्छीचारी संतों के बीच पट्टाचार्य पद प्रतिष्ठा संस्कार महामहोत्सव होगा। प्रतिदिन, प्रात:काल व दोपहर में देशना मण्डप में आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज की मंगल देशना होगी। पत्रकार सम्मेलन, विद्वत गोष्ठी, दादा गुरु गणाचार्य विरागसागर जी की 62 वीं जन्म जयंती एवं गुणानुवाद सभा होगी। पट्टाचार्य महोत्सव में प्रतिदिन नित नूतन आयोजन देखने को मिलेगे। 2 मई शुक्रवार 2025 को गणाचार्य विरागसागर जी महाराज की 62 वीं जन्म जयंती समारोह के अवसर पर गुणानुवाद सभा होगी। 27 अप्रैल रविवार को दोपहर में पत्रकार सम्मेलन, 1 मई को जल बिन्दु महाकाव्य पर राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी सहित अनेक आयोजन होंगे।



प. पू. श्रमणाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्धसागरजी महाराज

### महामहोत्सव में रजिस्ट्रेशन के साथ होगा प्रवेश

पट्टाचार्य महोत्सव स्थल सुमति धाम गोधा एस्टेट इंदौर में सम्पूर्ण प्रवेश रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ही होंगे। रजिस्ट्रेशन में आधार कार्ड के साथ मोबाइल से रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन कराना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन लिंक वाट्सएप ग्रुपों पर उपलब्ध है। जैन इतिहास के इस अभूतपूर्व आयोजन में सम्पूर्ण इंदौर का दिगंबर जैन समाज पलक पवाड़े बिछाकर आचार्य संघों की आगवानी कर रहा है। संपूर्ण देश-विदेश के भक्त इंदौर में आने के लिए आतुर है। सुमतिधाम गुरु भक्त परिवार ने आह्वान किया है कि इतिहास के इस अनूठे भव्य आयोजन में अपनी सहभागिता का अर्घ्य समर्पित कर आयोजन के साक्षी बनें। अधिक जानकारी के लिए सुमतिधाम हेल्पलाइन नंबर रजिस्ट्रेशन https://sumatidham.com पर करें। 8719995010, 11, 12 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की



**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी जनसंपर्क विभाग को देना सुनिश्चित करे- कलेक्टर श्री सिंह।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया



**नागदा जं. निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लखन गुर्जर ने बुथ क्रमांक 160 व 170 पर मनाया। इस अवसर पर राजेश पांचाल, विक्रम आजना, मेहरबान सिंह गुर्जर सहित मंडल के समस्त कार्यकर्ताबंधु मोजुद रहे।

### राठी परिवार द्वारा प्याऊ का शुभारंभ



**नागदा जं. निप्र ।** नगर के प्रतिष्ठित राठी परिवार के द्वारा स्व. श्रीमति सोनीबाई-शिवनारायण राठी एवं स्व.दामोदरदास, स्व.रामचंद्र, स्व.राधेश्याम, स्व.मोहनलाल एवं स्व.अनिल राठी की पुण्य स्मृति मे प्याऊ का शुभारंभ रेलवे स्टेशन के समीप किया गया। राठी परिवार द्वारा विगत लगातार 60 वर्षो से ग्रीष्म ऋतु में रेलवे स्टेशन के समीप आने-जाने वाले राहगीरो एवं रेल यात्रियो हेतु शीतल जल प्याऊ लगाई जा रही है। इस प्याऊ का संचालन मुरलीधर राठी द्वारा किया जा रहा है। प्याऊ के शुभारंभ के दौरान संपूर्ण राठी परिवार एवं कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने किया कोटिलिंगेश्वर महादेव मंदिर ध्वज चल समारोह का स्वागत

**उज्जैन, निप्र।** रविवार को रामनवमी के अवसर पर श्री कोटिलिंगेश्वर महादेव मंदिर ध्वज चल समारोह अंतर्गत अब्दालपुरा द्वारा निकाली गई परंपरागत गैर में सम्मिलित राज्यसभा सांसद श्री उमेश नाथ जी महाराज, महंत श्री रामदास जी महाराज, समिति संयोजक श्री नंदलाल यादव जी, अध्यक्ष श्री नारायण यादव जी, सचिव श्री जगदीश पांचाल, पार्षद श्री गजेंद्र हिरवे का स्वागत निगम मंच से महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा पुष्पमाला एवं दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया।

### फिल्म के लिए अभिनय, फोटोग्राफी और पटकथा लेखन प्रशिक्षण 13 से 22 अप्रैल तक

**उज्जैन, निप्र।** मालवा क्षेत्र के युवाओं को फिल्म क्षेत्र में आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए कलाव्योम फाउंडेशन, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश सरकार और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा अभिनय, फोटोग्राफी और पटकथा लेखन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 13 से 22 अप्रैल तक लोकमान्य तिलक महाविद्यालय, उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण 9479790461 नंबर पर व्हाट्सएप कर किया जा सकता है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को फिल्म और क्रिएटिव इंडस्ट्री में करियर और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फिल्म शूटिंग सेट पर जाकर फिल्म निर्माण की बारीकियों को जानने और प्रसिद्ध फिल्म कलाकारों से संवाद का अवसर भी प्राप्त होगा।

# माधवनगर में ही प्राप्त हो सकेगी निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि, सिविल अस्पताल माधवनगर उज्जैन में दिनांक 07 अप्रैल 2025 को सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण कलेक्टर नीरजकुमार सिंह एवं डॉ. अशोक कुमार पटेल सी.एम. एच.ओ., अभय विश्वकर्मा सदस्य रोगी कल्याण समिति के द्वारा किया गया। इस



अवसर पर डॉ. विकम रघुवंशी प्रभारी सिविल अस्पताल माधवनगर व अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। माधवनगर अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं होने से अस्पताल में आने वाली महिलाओं को चरक भवन जाना पड़ता था। माधवनगर में सोनोग्राफी मशीन स्थापित होने से महिलाओं को अब माधवनगर अस्पताल में ही सोनोग्राफी की सुविधा निःशुल्क प्राप्त हो सकेंगी

उल्लेखनीय है कि चरक भवन जिला चिकित्सालय में 03 सोनोग्राफी मशीन एवं सिविल अस्पताल खाचरौद, सिविल अस्पताल बड़नगर, सिविल अस्पताल नागदा, सिविल अस्पताल महिदपुर ने भी एक-एक सोनोग्राफी मशीन स्थापित है जहां पर निःशुल्क सोनोग्राफी सेवायें गर्भवती महिलायें एवं नागरिकों को प्रदान की जा रही है।

## मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि, प्रति वर्ष 07 अप्रेल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को उज्जैन जिले के जिला न्यायालय में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया व चरक भवन जिला चिकित्सालय उज्जैन पीएसी वार्ड में श्रीमती विनीशा सोलंकी, आर.बी. एस. के. समन्वयक द्वारा बर्थ डिफेक्ट संबंधित स्वास्थ्य जानकारी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि 07 अप्रैल वर्ष 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के दिन मनाया जाता है। विश्व भर के लोगो को उनके स्वास्थ्य के प्रति सचैत रखने का उद्देश्य है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस क्यो मनाया जाता है दूनिया भर के लोगो के स्वास्थ्य के स्तर को सुधारने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन हर वर्ष 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। संगठन की कौशिश है कि दूनिया भर के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ मिले, अच्छा ईलाज मिले साथ ही दूनिया में बीमारियों से ग्रसित ऐसे लोग जिन्हे पोलियो, अंधत्व, दिल की बीमारी, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, एड्स जैसे रोगो के शिकार है। उनके इन बीमारियों की रोकथाम एवं ईलाज हेतु समुचित व्यवस्था हो। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इन रोगो के विषय पर समुचित चर्चा हो व लोग गंभीर रोगों के प्रति जागरूक हो।

# सिंह ने सिंहस्थ को सफल बनाने के लिए की समीक्षा बैठक

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा की। श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 के सफल आयोजन के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली और बीडीसी द्वारा समयानुसार किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की और यूडीए,लोक निर्माण विभाग,जल संसाधन विभाग,भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मप्रआरडीसी ,नगर निगम आदि विभागों को 2 शिफ्ट में कार्य कर लक्ष्यनुसार कार्य करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन द्वारा गत दिवस बैठक में दिए गए निर्देशानुसार %एंड ऑफ द डे मीटिंग% कार्य कर रहे ठेकेदारों के साथ कर कार्य प्रगति की जानकारी प्रतिदिन भेजने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बारिश शुरू होने से पहले सभी कार्यों की प्रतिदिन की कार्य योजना बनाकर कार्य लक्ष्य अनुसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विक्रम व्यापार मेले में वाहन बिक्री की जानकारी ली। बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक मेले में 31,000 से अधिक गाड़ियों की बिक्री हुई है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने पंचक्रोशी यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभागों को दिए गए कार्यों की कार्य योजना की जानकारी ली और सभी विभागों से 18 अप्रैल तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कलेक्टर श्री सिंह ने सप्त सागरों के उन्नयन,पंचक्रोशी यात्रा मार्ग में आने वाले सभी कुओं, बावड़ियों, तालाबों और अन्य जलस्त्रोतों में यात्रा के पहले साफ सफाई स्वच्छता का कार्य करने के निर्देश दिए।जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्यरत सभी एजेंसियों को प्रमुखता से अभियान के सभी कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में श्री सिंह ने मानसून के समय नदियों के तट पर पौधरोपण के कार्य और उन पौधों को सुरक्षित रखने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दस्तावेजीकरण संकलन के लिए जनसंपर्क विभाग को देना सुनिश्चित करे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन के कार्य की समीक्षा की।बैठक में जानकारी दी गई कि आज दिनांक तक 96394 किसानों ने पंजीकरण किया है,187 खरीदी केन्द्रों पर 34989 किसानों से 298703 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।अभी तक 273114 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन किया जा चुका है और 776.629 करोड़ रुपए की राशि कृषकों को देय की जा रही है।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने चना ,मूंग,सरसों और मसूर उपार्जन के कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज, सिंहस्थ बायपास,सदावल हेलीपैड, मोजमखेड़ी से श्री कालभैरव मार्ग,करोहन नईखेड़ी मार्ग, उज्जैन बड़नगर बायपास मार्ग, रालामंडल उमरिया मार्ग, हरिफाटक ओवरब्रिज, कान्हा क्लोज़ डक्ट परियोजना, सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना, घाटों की साफ सफाई, पुलिस हाउसिंग के कार्य,ऊर्जा विभाग,स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह,अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे, एडीएम प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, एवं सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम द्वारा संचालित प्लांटों का नगर परिषद पंढरकवड़ा यवतमाल के दल द्वारा किया गया अवलोकन

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सोमवार को नगर परिषद पंढरकवड़ा यवतमाल द्वारा नगर निगम द्वारा संचालित प्लांट का विजिट किया गया जिसके क्रम में सर्वप्रथम क्लॉथ टू पेपर प्लांट, बायो मेथेनाइजेशन प्लांट, सीएंडडी प्लांट, फूलों से अगरबत्ती बनाने के प्लांट, सदावल एसटीपी प्लांट सुरसा एसटीपी प्लांट, एवं गोंदिया स्थित जहां कचरे से खाद बनाई जाती है उक्त प्लांट का अवलोकन किया गया, नगर परिषद टीम की सदस्य श्रीमती कल्याणी सौढके द्वारा प्लांटों का निरीक्षण करते हुए नगर निगम द्वारा किए गए स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत नवाचारों जिसमें धार्मिक मंदिरों के फूलों से बनाई जा रही धूप बत्ती, अगरबत्ती, हर्बल गुलाल, पुराने कपड़ों से बनाए जा रहे फाइल कवर, कचरे से बनाए जा रही खाद एवं सब्जी मंडी से निकलने वाले वेस्ट से बनाई जा रही बायों गैस प्लांट की सराहना की गई।

## स्वस्वास्थ्य संकल्प समारोह : वास्थ्य संतुलन सबसे बड़ा धन : प्रो. भारद्वाज, कुलगुरु

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1948 में की गई थी, और 1950 से इसे प्रभावी रूप से मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर में स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित होता है। इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय में वस्वास्थ्य संकल्प शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।




समारोह में प्रो. भारद्वाज कुलगुरु ने वास्थ्य संतुलन सबसे बड़ा धन के संदेश के साथ उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सबको अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए और मानसिक स्वास्थ्य, मातृ-शिशु देखभाल, और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भी जागरूक रहना चाहिए।

प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता, निदेशक पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान ने कुलगुरु जी के मार्गदर्शन संदेश के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के संपोषणीय विकास लक्ष्यों में एसडीजी 3 (स्वास्थ्य और कल्याण) सबसे प्रासंगिक है। नई पीढ़ी को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) की समझ भी पैदा की जानी चाहिए, क्योंकि स्वस्थ लोग ही समाज की नींव होते हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस आयोजन में प्रो. डॉ. कामरान सुल्तान, संकाय अध्यक्ष, विक्रम विश्वविद्यालय, कार्यपरिषद सदस्य प्रो. डॉ. दीपक गुप्ता, प्रो. डॉ. डी. डी. बेदिया, और डॉ. सचिन राय ने स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए। इन विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य अधिकारों की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर जोर दिया।

आईआईसी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. नयनतारा डामोर ने उपस्थित शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ को स्वस्वास्थ्य संकल्प की शपथ ग्रहण करवाई। इस शपथ में सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने, पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

डॉ. डी. डी. बेदिया और डॉ. सचिन राय ने बताया कि चीनी, नमक और कुल वसा की मात्रा को मध्यम रखना चाहिए और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दूध, दही, पनीर, दाल, फलियां, मेवे और बीजों का सेवन करना चाहिए।

# भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा 2 मई को निकलेगी

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** ब्राम्हणों के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर नगर में 2 दिवसीय आयोजन सर्वब्राम्हण समाज द्वारा किया जायेगा।

कार्यक्रम संयोजक पुरूषोत्तम सारस्वत ने बताया कि 30 अप्रेल अक्षय तृतीय को भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव पर सर्वब्राम्हण समाज सभी ब्राम्हण परिवारों से निवेदन करता है कि अपने अराध्य देव के जन्मोत्सव पर अपने-अपने घरो पर सुबह रांगोली बनाए, घर के मुख्य द्वार पर वंदनवार लगाए। प्रात:काल जय परशुराम कहकर अभिवादन करें एवं शाम को अपने घर के आगे 11 दीपक लगाकर उत्सव को मनाए। शाम 7 बजे खड़े हनुमान मंदिर इंगोरिया रोड़ पर परशुराम चालीसा का पाठ किया जायेगा व परशुराम जी की महाआरती की जायेगी। जिसके लिये संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी, सिद्धनाथ पाठक, डा. हिमांशुदत्त पाण्डेय, सुनील त्रिवेदी, अध्यक्ष आनंद दीक्षित, महिला अध्यक्ष निर्मला रावल, सीमा सारस्वत को जिम्मेदारी दी गई हैं।

सारस्वत ने बताया कि भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा दिनांक 2 मई शुक्रवार को सायं 4 बजे आदित्य विद्या मंदिर पाल्या रोड से निकाली जावेगी। जो पाल्या रोड होते हुए रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, कन्याशाला चौराहा, जवाहर मार्ग, शेषशायी चौक, दयानन्द कॉलोनी मेन रोड होते हुए आदित्य विद्या मंदिर पर समापन होगा। जहां भगवान परशुराम जी की 151 दीपको की महाआरती पंडित राधावल्लभ व्यास के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगी।

कार्यक्रम में आमंत्रण हेतु कार्ड वितरण के लिये परशुराम महोत्सव समिति के सदस्य राकेश शर्मा, पुरूषोत्तम पुरोहित, संजय उपाध्याय, अरूण पोतदार, राकेश शर्मा( आकाश आप्टीकल), रोहित व्यास, मुरली मनोहर पाराशर, हेमन्त तिवारी, प्रदीप दुबे, सुरेश उपाध्याय, आशीष उपाध्याय, अग्निवेश पाण्डे, चंद्रशेखर जोशी, अंकित दुबे, यषेश वशिष्ठ जुटे हुए है।

कार्यक्रम हेतु समिति का गठन किया जाना है जिसके लिये जो भी सदस्य इसमें कार्य करना चाहता है वह संगठन के राजेश शर्मा, दिनेश पुरोहित से सम्पर्क कर सकते है। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील संरक्षक हनुमान प्रसाद शर्मा, प्रहलाद शर्मा, अजय नागर, आलोक नागर, मनीष व्यास, अजय पण्डया, अुर्जन पण्डित, दीपक रावल, हिमांशु शर्मा, संतोष शर्मा, डॉ. रमेशचन्द्र रावल, श्रीराम शर्मा, सुशील ओझा, विजय पाराशर, सुरेन्द्र मिश्रा, चंद्रकांता शर्मा, विमला पुरोहित, कविता तिवारी, लता शर्मा, माया शर्मा, सुकर्णा त्रिपाठी, इंदु पाण्डे, अन्नपुर्णा शर्मा ने की है।

## नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन को कराएं उपलब्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बने इन कानूनों और नवीन प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। न्याय प्रणाली से जुड़ी सभी संस्थाओं में अद्यतन व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जन-सामान्य को नई धाराओं और प्रक्रियाओं से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने के लिए नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस, जेल, अभियोजन, न्यायिक एवं फॉरेंसिक कर्मियों के बीच अद्यतन तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी हितधारकों में हर स्तर पर बेहतर समन्वय जरूरी है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था, उपकरण और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अचल सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ राजस्व का अमला भी सजग और सतर्क रहे, साथ ही दोनों विभागों में परस्पर समन्वय भी हो। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों सहित जिन क्षेत्रों में भूमि की दरें तेजी से बढ़ रही है, वहां विशेष सजगता बरती जाए।

बैठक में बताया गया कि समयावधि में चालान के लिए नवीन डैशबोर्ड उपलब्ध है। ई-साक्ष्य की प्रक्रिया भी आरंभ की जा चुकी है।

## मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में

# जीआईएस की निवेश प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में किया जाएगा। यह ऐतिहासिक सम्मेलन राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 में की गई निवेश प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में इस आयोजन में राज्य की प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में रोडमेप प्रस्तुत किया जायेगा। आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों में राज्य सरकार के निवेश कार्यान्वयन नीति को गति देने और राज्य को एक प्रमुख प्रौद्योगिकी गंतव्य के रूप में उभारने के लिये यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा। यह निवेश प्रगति को ट्रेक पर लाने, नीतिगत निर्णयों को सामने लाने और सहयोग बढ़ाने के लिये एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जाएंगी। इनमें आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन का भूमि-पूजन, बीईएल में एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन और नई सेटर्स ऑफ एक्सीलेंस, एव्हीजीसी-एक्सआर प्रयोगशालाएं और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर शामिल हैं। इससे सरकार, अकादमी और उद्योगों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जीआईएस-2025 के आयोजन के बाद आईटी क्षेत्र में मध्यप्रदेश के निवेश को बढ़ाने के लिये किये गये प्रयासों की प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही प्रमुख परियोजनाओं जैसे एलटीआई माइंडट्री (आईटी/आईटीईएस), इंदौर सुपर कॉरिडोर केंपस (इन्फ्रा), पीपीपी टॉवर इंदौर (इन्फ्रा), सीटीआरएलएस (डाटा सेंटर) और पंचशील (इन्फ्रा डेवलपर) जैसी परियोजनाओं का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एसडीडब्ल्यूएएन (नेटवर्क), ऑपटिकल फाइबर (डिजिटल इन्फ्रा), आईटी पार्क प्लॉट अलॉटमेंट फॉर 12 कंपनीस (इन्फ्रा), केयनीस (ईएमसी) परियोजनाओं को लेटर्स ऑफ अलॉटमेंट सौंपे जाएंगे। कॉन्क्लेव में 300 से अधिक उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक भाग लेंगे, जो राज्य में आईटी और संबंधित क्षेत्रों में प्रगति पर चर्चा करेंगे। इस दौरान आईटी-आईटीईएस, ईएसडीएम, सेमिकंडक्टर्स, एव्हीजीसी-एक्सआर, डेटा सेंटर्स, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। मुख्य उद्घाटन में सिंहासा आईटी पार्क, इंदौर में स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एआई और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर (एसडीसी) का उद्घाटन शामिल है। साथ ही 25 करोड़ रूपये की राशि से विकसित जबलपुर आईटी पार्क ब्लॉक बी का उद्घाटन भी किया जायेगा, जिससे 500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस आयोजन में एआई एण्ड सायबर सिक्योरिटी (डीएसटी और मेनिट तथा एक उद्योग भागीदार के साथ), सेमिकंडक्टर्स (डीएसटी और आईआईआईटीएम ग्वालियर के साथ), ड्रोन स्कूल (डीएसटी और आईआईएसईआर भोपाल के साथ), एव्हीजीसी-एक्सआर सीओई (डीएसटी और एफआईसीसीआई तथा एमपी एव्हीजीसी-एक्सआर एसोसिएशन के साथ) और एव्हीजीसी-एक्सआर लैब्स (डीएसटी और एफआईसीसीआई तथा मध्यप्रदेश के शासकीय आर्टस् कॉलेजों के साथ) के लिए आगामी सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस के लिए एमओयू और समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह साझेदारी राज्य की प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निवेश सुविधा को और सरल बनाने के लिए, मध्यप्रदेश सरकार एक समर्पित पोर्टल लॉन्च करेगी, जो परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी और कार्यान्वयन को बढ़ावा देगा। इसके अतिरिक्त, 4 नई नीति मार्गदर्शिकाएँ जारी की जाएंगी, जो मध्यप्रदेश को प्रौद्योगिकी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगी।

कॉन्क्लेव में प्रमुख उद्योग हस्तियों को एमपी ब्रांड एंबेसडर के रूप में सम्मानित किया जायेगा। इससे राज्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को स्वीकार किया जायेगा। इसमें समापन सत्र के बाद उद्योगपतियों और शासकीय अधिकारियों के बीच एक्सक्लूसिव वन-टू-वन बैठकें होंगी।

एमपी टेक ग्रोथ कांस्लेव-2025 निवेश क्षमता को आर्थिक वास्तविकता में बदलने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### 5 साल बाद भी एमपीयूडीसी का कार्य अधूरा, कुछ वार्डों में नगर परिषद के टैंकरों से बुझ रही प्यास






**हरसूद, निप्र।** नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद के नगरीय क्षेत्र में पानी का वितरण एमपीयूडीसी द्वारा किया जाना है। जिसको लेकर नगरीय क्षेत्र में एमपीयूडीसी द्वारा 2019-20 में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। जो 5 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। अभी भी नगर में कुछ स्थानों पर पाईप लाईन बिछाने का कार्य एमपीयूडीसी द्वारा किया जा रहा है। 5 साल बाद भी एमपीयूडीसी नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद नगरीय क्षेत्र में घर-घर तक पानी नहीं पहुंचा पाई। जल अभाव ग्रस्त क्षेत्रों में नगर परिषद के टैंकरों से लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 6, 7, 9 एवं 12 के कुछ हिस्सों में टैंकरों से पानी का वितरण किया जा रहा है। इन वार्डों में नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन 25 से 30 टैंकर पानी का वितरण किया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

एमपीयूडीसी का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। एमपीयूडी के कार्य में प्रत्यक्ष रूप से हमारा कोई नियंत्रण नहीं है।

**मोनिका पारधी, सीएमओ नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद।**

### विश्व स्वास्थ्य जागरूकता दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की



**हरसूद, निप्र।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरसूद में स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम किया गया। विद्यालय प्राचार्य केएस कासडेकर द्वारा 2025 स्वस्थ शुरुआत आशा जनक भविष्य विषय पर रखी गई। यह विषय मुख्य रूप से मां और नवजात बच्चों की सेहत और सुरक्षा पर ध्यान देता है। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य केएस कास्डेकर ने बताया कि 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सेहत से जुड़े जरुरी मुद्दे और अधिकार के बारे में बताना है। श्री कास्डेकर ने कहा कि 0से 10 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टीक भोजन चाहिए। भोजन संतुलित होने से शरीर का सही विकास होता है। संतोष नामदेव ने स्वस्थ रहने के लिए अधिक से अधिक पानी पीने की बात कही। इस अवसर पर वंदना जाधव एवं कुमारे सर द्वारा भी अपने विचार रखे गए। पोस्टर प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम आफरीन, पूजा एवं रक्षा रही। द्वितीय खुशबू, रेशम तथा तृतीय खुशबू, महक, आशियाना रही। जूनियर ग्रुप में दीपिका, साक्षी एवं दीपिका प्रथम तथा माहिन द्वितीय रही। कार्यक्रम के अंत में आभार मनोज गौर द्वारा व्यक्त किया गया।

### एक सप्ताह में हरसूद विधानसभा क्षेत्र में नरवाई जलने की 5वीं घटना, सोमवार दोपहर ग्राम नंदगांव में नरवाई में लगी आग



**हरसूद, निप्र।** गेहूं फसल से रिक्त हुए खेतों की नरवाई में आग लगने का दौर जारी है। एक सप्ताह में हरसूद विधानसभा क्षेत्र के पांच ग्रामों में नरवाई जलने की घटनाएं हो चुकी है। सोमवार दोपहर समीपस्थ ग्राम नंदगांव में एक खेत की नरवाई में आग लग गई। जिस पर नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद की दमकल द्वारा काबू पाया गया। इससे पहले ग्राम खेडी, मौजवाड़ी, शाहपुरा एवं बैलवाडी में नरवाई में आग लगने की घटनाएं हो चुकी है। वर्तमान में गर्मी अपने सबब पर है ऐसे में नरवाई में लगी आग कहीं विकराल रूप धारण न कर ले। हालांकि प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर रोक लगाई गई है, क्योंकि नरवाई में आग लगने से भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है तथा भूमि के सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। इसके बावजूद भी नरवाई में आग लगने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है।

### सडियापानी मार्ग पर नर्मदा कथा मंगलवार से प्रारंभ

**हरसूद, निप्र।** सडियापानी मार्ग पर स्थित सांईराम कालोनी वार्ड क्रमांक 9 में संगीतमय नर्मदा कथा मंगलवार से प्रारंभ होगी। इस अवसर पर मंगलवार सुबह 8 बजे दुर्गा मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का वाचन पंडित भरत भूषण शास्त्री द्वारा किया जाएगा। कथा समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। आयोजन बलरामसिंह वासले ने अधिक से अधिक संख्या में कथा का श्रवण लाभ लेने की अपील की है।

# सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत बालिकाओं को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर गुप्ता

## 70 से अधिक उम्र के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनाए जाएं

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना अन्तर्गत आयोजित किए जा रहे शिविरों की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए बालिकाओं को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए ।साथ ही एसडीएम एवं सीईओ जनपद को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित हो रहे शिविरों में जाने के लिए कहा।**

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने पीआईयू विभाग द्वारा संचालित निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की और कहा कि जो कार्य शेष हैं उन्हें शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होंने रामेश्वर कुंड के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए एसडीएम खंडवा एवं नगर निगम उपायुक्त को निर्देश दिये ।उन्होंने एनआरएलएम के अधिकारी व ज़िला लीड बैंक अधिकारी को समन्वय स्थापित कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बैंक सखियाँ बनाने के लिए कहा। उन्होंने मिशन नींव की प्रगति की जानकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी से ली।



बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जल संरक्षण के लिए रूफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का उपयोग अधिक से अधिक किया जाये ।साथ ही सभी शासकीय कार्यालयों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली एवं रिकार्ड को डिजिटल करने की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने समग्र आईएफएमआईएस लिंकिंग की प्रगति देखी और अधिकारियों को शीघ्रता से प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने रबी विपणन वर्ष 2025-26 समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की समीक्षा की एवं चना उपार्जन की जानकारी उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास खंडवा से ली। बैठक में उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि ऐसे मजरे-टोले, फलियाँ जिन्हें राजस्व ग्राम बनाया जा सकता है, उन्हें शीघ्रता से राजस्व ग्राम बनाया जाये। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देश दिये कि सेवा भूमि किसी प्राइवेट व्यक्ति के नाम पर दर्ज ना हो। साथ ही उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में जो सेवा भूमि है वो शत प्रतिशत नजूल भूमि में आ जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 70 से अधिक वर्ष की उम्र के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड की प्रग्रति की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिये ।साथ ही सभी एसडीएम को 70 से अधिक वर्ष की उम्र के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड की प्रग्रति की मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सभी एसडीएम को बीआरसी के साथ समन्वय स्थापित कर कैम्प लगाकर जाती प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लें एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें।

साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने विभागों की ग्रेडिंग सुधारें। उन्होंने ग्रेड डी वाले विभागों को शीघ्रता से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, श्री अरविंद चौहान, सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

### श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर

## जन जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस वर्ष 2025 की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है।**

यह थीम माता और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर आधारित है। इसके अंतर्गत वर्ष भर जन जागरूकता के कार्यक्रमों और शिविरों के माध्यम से जटिलताओं की पहचान कर इसका समय पर प्रबंधन एवं उपचार देकर मातृ मृत्यु दर कम करने के प्रयास किए जाएंगे।



सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

सभी गर्भवती महिलाएं गर्भावस्था में अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान रखें। संतुलित भोजन करें, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, गर्भावस्था के दौरान टिटनेस के टीके एवं आयरन फोलिक एसिड की गोली खाएं एवं नियमित रूप से जांच करवाएं, ताकि समय रहते जोखिम का पता लगाकर उपचार किया जा सके। उनके द्वारा यह भी बताया कि डिलीवरी के समय जो बच्चे कमजोर तथा जिनको सांस लेने में तकलीफ होती है, उन्हें नवजात गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कर बच्चों की जान बचाई जाती है। डॉ. निशा पंवार स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. लक्ष्मी डूडवे स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए किशोरावस्था से ही लड़कियों कि अच्छी देखभाल और आयरन फोलिक एसिड की गोली एवं स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में गर्भवती होने पर वह एनीमिक ना हो और मां बनने की जिम्मेदारी के साथ-साथ एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकें और वह स्वयं भी स्वस्थ रहे, इसके लिए गर्भावस्था में महिलाओं को सभी प्रकार की जांच एवं रेगुलर चेकअप जिसमें खून, पेशाब ,ब्लड प्रेशर , डायबिटीज, तथा थायराइड की जांच कर समय पर उपचार लेने से बच्चे को होने वाले नुकसान एवं मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। यदि महिला को झटके की बीमारी है, तो बच्चे के दिमाग पर भी असर पड़ सकता है और कभी-कभी शुगर के कारण बच्चे की मृत्यु हो सकती है। इसीलिए समय रहते हाई रिस्क की पहचान कर उसका प्रबंधन करने से मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं। हम सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करें तभी मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में एन.सी.डी. नोडल अधिकारी डॉ. विशाल श्रीवास्तव, डॉ. लखन, डॉ. रोहन देशमुख, मेट्रन श्रीमती बेसर वारिया, सेल्वी थॉमस सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम टेमाचा में आयोजित हुई चौपाल

### ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**खण्डवा, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरबंसपुरा के ग्राम टेमाचा में रविवार को जल संरक्षण हेतु एक विशेष कार्यक्रम एवं चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें जल बचाने की शपथ दिलाना है।

जन अभियान परिषद के समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल की महत्ता, वर्तमान जल संकट की स्थिति तथा इसके समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की गई। ग्रामीणजनों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण की शपथ ली एवं अपने गांव को जल संपन्न बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सम्यक सेवा समिति केलवा खुर्द के अध्यक्ष श्री तिलोकचंद घाटे, जन अभियान परिषद विकासखंड पुनासा के मेंटर श्री सचिन मंसारे, ग्राम पंचायत हरबंसपुरा के सरपंच श्री दीपक घाटे एवं प्रसफ्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री संतोष घाटे उपस्थित रहे।

## मिशन परिवार विकास पखवाड़ा 11 से 25 अप्रैल तक

### परिवार कल्याण के साधनों के प्रति योग्य लक्ष्य दंपति को किया जाएगा प्रेरित

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन परिवार विकास पखवाड़ा 11 से 25 अप्रैल तक मनाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि पखवाड़े में जनसमुदाय में परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के संबंध में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा के द्वारा योग्य लक्ष्य दंपती को प्रेरित कर परिवार नियोजन में विशेषकर पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरित कर पुरुष नसबंदी करवाई जायेगी। साथ ही बच्चों में अंतराल रखने के लिए परिवार कल्याण के अस्थायी साधन अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स, छाया आदि के लिये भी प्रेरित करेंगे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने कहा कि मिशन परिवार विकास पखवाड़े में सास बहू सम्मेलन व पुरुष सहभागिता सम्मेलन कर परिवार नियोजन का महत्व बताते हुए सास बहू व पुरुषों की परिवार नियोजन में समन्वय संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। इसमें ए.एन.एम., आशा एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा जिले में घर-घर सम्पर्क कर योग्य लक्ष्य दंपत्तियों से सम्पर्क के दौरान अस्थायी व स्थायी साधन अपनाने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करेंगे। साथ ही हितग्राहियों को विवाह बाद दो वर्ष तक जन्म में अंतर रखने, दो बच्चों के जन्म के बीच उचित अन्तराल रखने, दूसरे संस्थागत प्रसव के बाद परिवार नियोजन के स्थायी साधन के रूप में नसबंदी करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। छोटा परिवार होने के क्या-क्या लाभ है यह बतायेंगे। इसमें परिवार का सम्पूर्ण विकास, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक लाभ होता है तथा बच्चों का पालन पोषण ठीक ढंग से कर सकते हैं। परिवार नियोजन की सेवायें जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उपस्वास्थ्य केन्द्र पर नि:शुल्क अंतरा इंजेक्शन लगाया जाता है। यह इंजेक्शन तीन-तीन माह के अंतर से लगाया जाता है। अस्थाई साधनों निरोध, ओरल पिल्स, छाया गोली स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:षुल्क मिलती है। पुरूष नसबंदी एक बहुत ही आसान व सरल पद्धति है जिसमें नसबंदी करने में मात्र 5 से 10 मिनिट का समय लगता है और पुरूष को भर्ती होने की भी आवश्यकता नहीं है और नसबंदी के बाद पुरूष अपने घर जा सकते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती है। महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरूष नसबंदी बहुत ही आसान है पुरुष नसबंदी करवाने पर हितग्राही को 3000 रुपये, प्रेरक को 400 रुपये और महिला नसबंदी करवाने पर हितग्राही को 2000 रुपये, प्रेरक को 300 रुपये दिये जायेंगे।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला अस्पताल में दिया गया अग्नि शामक यंत्रों को चलाने का प्रशिक्षण

**खण्डवा, निप्र।** श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में नर्सिंग ऑफिसरों एवं अन्य स्टाफ को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सोमवार को अग्नि शामक यंत्रों को चलाने का प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल एवं आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमे के मार्गदर्शन में दिया गया। फायर ट्रेनर अकील अंसारी द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया।

उनके द्वारा बताया गया कि विभिन्न प्रकार की आग जैसे बिजली, तेल या कागजों और उनके लिए उपयुक्त अग्निशामक यंत्रों से नियंत्रण करना, यंत्र के विभिन्न भाग जैसे पिन, नोजल, हैंडल की पहचान करना और उनके कार्यों को समझना तथा यंत्रों को सही ढंग से उठाने ले जाने और संचालित करने की तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



अग्निशामक यंत्र को चलाते समय सुरक्षित दूरी बनाए रखना और हवा की दिशा का ध्यान रखते हुए पास पुल, उद्देश्य, निचोड़, स्वीप तकनीक का उपयोग करके आग बुझाने में सफल होना यह जानकारी दी गई। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने मास्क पहनने एवं आग बुझाने के दौरान खतरे की स्थिति के आंकलन करने और सुरक्षित निकासी के मार्ग की पहचान करने की क्षमता के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा स्मोकिंग या अन्य कारण से लगी आग से निपटने के लिए फायर अलार्म सिस्टम को चलाने संबंधी जानकारी दी तथा बताया कि डिटेक्टर, हीट, फायर डिटेक्टर, फायर अलार्म नोटिफिकेशन डिवाइस, कंट्रोल पैनल और बैकअप पावर सप्लाई सहित विभिन्न घटक होते हैं। यह आग का पता लगाने और प्रतिक्रिया करने के लिए एक साथ काम करते हैं। यह उपकरण आग लगने की चेतावनी देते हुए अलार्म बजाते हैं, जिससे हमें यह पता चलता है कि आग कहाँ लगी, जिससे हम तत्काल अलर्ट होकर आग कंट्रोल कर सकते है।

## सफलता की कहानी : मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से पवन ने शुरू किया स्वयं का व्यवसाय

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। पवन गौर पिता श्री सतीश गौर आशापुर के निवासी हैं। उनके द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में बैंक ऑफ इंडिया शाखा पटाजन द्वारा ऑटो गैरेज के लिए 2,35,000 रूपये का ऋण लिया गया था।**

उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं गारंटी फीस योजनानुसार प्राप्त होती है। इस ऋण से उन्होंने अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ किया एवं आज आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं तथा समाज में सम्मानजनक जीवन यापन कर रहे हैं। उनके द्वारा दो लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है।

साथ ही उनके गांव में स्थानीय लोगों को ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग की बेहतर सुविधा मुहैया करवा रहे हैं। इस व्यापार से वे लगभग 30,000 रूपये प्रतिमाह तक कमा लेते हैं। बैंक की किश्त सहित उनके घर के खर्चे भी पूरे हो जाते हैं।

उन्होंने अपने इस सफल उद्यमी बन पाने की यात्रा का श्रेय उनके माता-पिता के साथ मध्य प्रदेश शासन एवं बैंक ऑफ़ इंडिया को दिया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बाजार भाव

### इंदौर मंडी

## सोयातेल तेल में मांग बढ़ी

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### वित्तीय वर्ष में 119.39 करोड रुपए राजस्व प्राप्त



**धार, निप्र।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 119.39 करोड रूपए राजस्व प्राप्त किया गया है । खनि अधिकारी राकेश कुमार कनेरिया ने बताया कि खनि निरीक्षक संदेश पिपलोदिया, रमेश सोलंकी एवं खनिज टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्राप्ति 119.39 रूपए पिछले वित्तीय वर्ष की प्राप्ति का 130 प्रतिशत है। राजस्व लक्ष्य में सर्वाधिक योगदान मुख्य खनिज चूना पत्थर से प्राप्त रायल्टी का रहा। शेष अन्य में गौण खनिज पत्थर, गिटटी, मुरम, रेत, एम-सेण्ड की रायल्टी से लक्ष्य पूर्ण किया गया। साथ ही संपूर्ण जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर सतत् कार्यवाही करते हुए इस वित्तीय वर्ष में कुल 252 प्रकरण विभिन्न वाहन मालिको, अवैध उत्खननकर्ताओं, अवैध भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध पंजीबद्ध किये गये, जिसमे 2.93 करोड रूपए की राशि अर्थशास्ति अधिरोपित कर जमा कराई गई।

### श्री रामनवमी पर काठमांडू पैनल ने किया भव्य आयोजन

# शस्त्रकला प्रदर्शन, जय श्री राम के नारे गूंजे

विनय उजाला

**धार, निप्र।** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर काठमांडू पैनल ने भव्य शस्त्रकला प्रदर्शन का आयोजन किया, जिसमें बजरंगदल अखाड़े के पहलवानों ने अपनी ताकत और कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वहां उपस्थित सभी लोगों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए।





कार्यक्रम की शुरुआत पिपली बाजार स्थित रामजन्मोत्सव के तहत रविवार रात 9 बजे भव्य महाआरती से हुई। आस्था और श्रद्धा के बीच हुई इस आरती के बाद रंगीन आतिशबाजी ने आकाश को रोशन कर दिया। आतिशबाजी के दौरान पूरे क्षेत्र में जय श्री राम के नारे गूंज उठे, जो धार्मिक उत्साह का प्रतीक थे।

आतिशबाजी के बाद आयोजित शस्त्रकला प्रदर्शन में पहलवानों ने अपने कौशल और वीरता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसमें तलवारबाजी, मुगदल, बनेटी सहित विभिन्न शस्त्रों के कुशल प्रयोग ने दर्शकों को दंग कर दिया। काठमांडू पैनल द्वारा वर्षभर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन श्री राम नवमी और अनंत चतुर्दशी को विशेष रूप से ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था और कार्यक्रम के हर पल में भगवान राम के प्रति प्रेम और भक्ति झलकती रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित रही।

# पोषण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें - कलेक्टर डॉ. बेडेकर

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ कलेक्टर कक्ष में किया गया । इस दौरान प्रभारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंशी भंवर ने बताया राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले मे पोषण अभियान अंतर्गत सातवें पोषण पखवाड़ा 2025, का दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजन किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा निर्धारित थीम जैसे जीवन के प्रथम 1000 दिवस में केंद्रित गतिविधियां , पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल , समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर बल, वर्षा जल संरक्षण गतिविधि, सतत खाद्य प्रणाली को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेयजल और ह्रुस॥ प्रथाओं का प्रचार-प्रसार डायरिया प्रबंधन, एनीमिया निवारण, और बाल स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों पोषण से संबंधित आदि योजनाओं की जमीनी स्तर पर इस अभियान का प्रचार प्रसार किया जाएगा ।

इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कि इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए अन्य विभाग से समन्वय स्थापित करें साथ ही गतिविधियों का कैलेंडर तैयार कर जिले के प्रत्येक घर के बच्चों एवं महिलाओं को जोड़ने का प्रयास कर । इस अभियान का सफल बनाए ।इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को 'पोषण शपथ' दिलाई ।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रखर सिंह , अनुविभागीय अधिकारी जोबट श्री अर्थ जैन , अपर कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह बघेल , संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर , अनुविभागीय अधिकारी श्री एसआर यादव , श्री सीजी गोस्वामी , डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 ( 1 ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के आधार पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 ( 1 ) के तहत प्रदत्त जिला अलीराजपुर में मानव जीवन की सुरक्षा लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण जिला अलीराजपुर की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में सर्वसाधारण के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए इस आदेश के तहत जिले में प्रचलित समस्त शस्त्र लाइसेंसधारकों द्वारा स्वयं के नाम प्रचलित शस्त्र को श्मशान घाट, शादी या अन्य सार्वजनिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शस्त्र ले जाने या रखने तथा उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।, सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा बंदूक का उपयोग नहीं किया जाएगा।

# बेटमा नगर में रामनवमी पर निकाली भव्य राम रथ यात्रा

विनय उजाला



**बेटमा, निप्र।** नगर में रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ।वही रामनवमी पर्व को लेकर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बेटमा में संस्था निर्भय के बैनर तले विधायक मनोज पटेल कि अगुवाई में नगर में भव्य भगवा राम रथ यात्रा निकाली गई , राम रथ यात्रा में विधायक मनोज पटेल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। राम रथ यात्रा में भगवान श्री राम का रथ श्रद्धालुओं के द्वारा हाथों से खींचा जा रहा था ?। साथ ही रथ यात्रा में राम ज़ी की आकर्षक झांकी, नासिक के ढोल, उज्जैन की भस्म रमैया मंडली, शिप्रा आरती, ढोल ताशे, आदिवासी नृत्य मंडली मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें । यात्रा में सम्मिलित सभी मंदिरों के पुजारीयों का काफिला वाहनों में सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ रहा था ?।

वहीं भजन गायको द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, भजनों पर महिलाएं खूब थिरकी साथ ही डीजे पर युवा भी खूब थिरके, राम रथ यात्रा को लेकर पूरे नगर को भगवा पताकाओं से सजाकर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी। वही रथ यात्रा का मार्ग में अनेको जगह रवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया ।

राम रथ यात्रा बेटमा के निर्भय चौक से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहा, सोसायटी रोड, पूरा बाजार, त्रिवेणी चौक, गवली मोहल्ला होते हुए वापस निर्भय चौक पर पहुंची जहां पर महा आरती के पश्चात निजी गार्डन में भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ ।

# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया ।इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने राजस्व विभाग 14 , जनजातीय कार्य विभाग 14 , नगर पालिका 6 , स्वास्थ्य विभाग एवं जन कल्याण अभियान के कार्यों की समीक्षा की ।

इस दौरान उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वीकृत 18 अमृत सरोवर की तैयारी पूर्ण करें । जिले में जिन स्थानों पर अमृत सरोवर का निर्माण करना उसकी जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को प्रदान करना सुनिश्चित कर , संबंधित अनुविभागीय अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर स्थान , नक्शा एवं अन्य राजस्व संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करें । जिले में खेत तालाब का भी निर्माण करने के लिए हितग्राहियों के साथ बैठक या जानकारी देकर प्रक्रिया पूर्ण कर आगामी दिवसों में कार्य प्रारंभ करें । इस दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सामूहिक प्रयासों एवं जन सहभागिता से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा । इसलिए सभी अधिकारी अभी से कार्ययोजना तैयार कर कार्य को और अधिक गति प्रदान करें ।

इस दौरान उन्होंने समाधान ऑनलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि कई विभाग प्रमुखों द्वारा गंभीरता से कार्य नहीं किया जा रहा , न ही संबंधित शिकायतकर्ता को कोई सूचना दी जा रही है , ये शासन की मंशा के वितरित है , जिसके कारण प्रदेश स्तर पर जिले के रैंकिंग प्रभावित होती है ।आगामी दिवसों में कार्य प्रणाली में सुधार न करने की स्थिति मे संबंधित विभाग प्रमुख के खिलाफ कार्यवाही प्रचलित की जाएगी ।

इस दौरान समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रीष्म काल के समय में विद्युत वितरण के

### सांदीपनि ( सीएम राईस ) विद्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता मे सांदीपनि (सीएम राईस) विद्यालय की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई ।

इस दौरान पीआईयू अधिकारी श्री अलसिंह भिंडे ने बताया कि सीएम राईज सोण्डवा का कार्य अंतिम चरण में प्रचलित है शेष कार्य जून 2025 तक पूर्ण किया जाएगा । इसी प्रकार से खंडाला स्थित 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका ,बोरकुण्डिया में 65 प्रतिशत , नानीबडोई कट्ठीवाड़ा 85 प्रतिशत , दाबडी जोबट में 65 प्रतिशत , कडवानीया सोण्डवा में 60 प्रतिशत कार्य निर्माण कार्य प्रचलित है । इस दौरान उन्होंने समस्त निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं ।

# विधायक शेखावत ने सामूहिक विवाह में पहुंचकर वर- वधू को दिया आशीर्वाद

### सामूहिक विवाह स्थल के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की





विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** आदिवासी समाज का सामूहिक विवाह समारोह पांजापाडा में संपंन हुआ। समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में 35 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। ग्राम पांजापाडा में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में विधायक भंवरसिंह शेखावत ने पहुंच कर वर वधू को आशिर्वाद दिया। समारोह में विधायक शेखावत ने समाजजनों से मुखातिब होकर कहा कि बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देवे। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। लड़के-लडकियों का विवाह सामूहिक समारोह में करने से धन एवं समय की बचत होती है। सामूहिक में शादी करने से माता पिता को कर्ज भी नहीं लेना पड़ेगा। कर्ज से निजात पाने के लिए शादी सामूहिक में ही करे। विधायक शेखावत द्वारा सामूहिक विवाह स्थल पर बांउड्री वाल निर्माण हेतु राशि की घोषणा भी की। तथा ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा हेतु पानी का एक टेंकर भी देने की बात कही। इस दौरान दिनेश रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि नितिन सांखला, जगदीश भेसोटिया, सदाशिव बोरिया, जनपद सदस्य चंदन भुरिया, राधेश्याम कटारे, रवि कटारे, मांगु मेडा, रामा कटारे, नानूराम चौहान, कुंदन कटारे, होकम निनामा, रामचंद्र वसुनिया, दामोदर हटिला, अरुण भुरिया, मादु चौहान, लोकेश भुरिया, भेरुलाल चौहान, मोहन डावर, पंकज भुरिया, राकेश चौहान, दिनेश चौहान, मांगीलाल डावर, मुकेश कटारे, रितेश चौहान, सुखराम क+६३ टारे, रतन कटारे सहीत बडी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति मौजूद थे। अंत में विधायक प्रतिनिधि संजय भुरिया ने आभार माना।

# भरोसा कर सात करोड़ का माल भेजा खरीदार ने रुपए देने से इनकार किया,तीन पर प्रकरण दर्ज

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** नगर के कॉटन कारोबारी सुभाष पिता गिरधारी लाल मंगल व निखिल अन्नपूर्णा जिनिग फैक्ट्री के संचालक ने व्यापार में माल लेकर रुपए न देने वालों के खिलाफ आवेदन दिया अब पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है जिसमे तीन लोगों को आरोपी भी बनाया है जो मुंबई के रहने वाले हैं आरोपी के नाम मुकेश पिता बलराज सिंह त्यागी निखिल पिता मुकेश त्यागी संगीता पति मुकेश त्यागी है जो वुडरो विल्सन देसाई रोड अंधेरी मुंबई में रहते हैं।

पुलिस ने बताया कि आवेदकगण सुभाष मंगल निखिल मंगल. राधा मोहन अग्रवाल तथा संकेत गर्ग की जिनिंग फैक्ट्रियां धामनोद में स्थित है जो रुई की गठान विक्रय करती है आवेदक गण ने अनावेदक आरोपी फर्म एस टी टेक्सटाइल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड अंधेरी मुंबई को दलाल के माध्यम से काफी समय से रुई गठानों का नियमित रूप से विक्रय किया जाता रहा है तथा नियमित रूप से क्रेता फर्म द्वारा विक्रेता गण के अकाउंट में राशि का भुगतान किया जाता रहा जिससे क्रेता फर्म ने प्रारंभ में विक्रेता फर्मों का विश्वास अर्जित कर लिया लेकिन 1 अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक विश्वास के आधार पर महंगे दामों में खरीदी का झांसा देकर करीब 7 करोड़ रूपों का माल विक्रेता फर्म से प्राप्त किया गया तथा भुगतान न करते हुए व्यापार भी बंद कर दिया विक्रेता फर्म ने जब मुंबई जाकर संपर्क किया तो आरोपी गण ने भुगतान करने से इनकार करते हुए कहा कि आपने बगैर एग्रीमेंट के माल भेजा है भुगतान नहीं किया जाएगा तथा दुर्व्यवहार कर भुगतान करने से मना कर दिया पीड़ित व्यपारियो द्वारा 20 फरवरी 2025 को थाने पर शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसकी जांच के दौरान विक्रेता तथा क्रेता फर्म के मध्य पूर्व से हुए विक्रय के बिल ई वे बिल तथा बैंक अकाउंट के डिटेल्स आदि प्राप्त किए गए तथा दलाल व ट्रांसपोर्टर के कथन लेकर बिल्टी वाउचर आदि जप्त किए गए तथा अनावेदक आरोपी फर्म को धारा 94 ब्रुह्स्ट का सूचना पत्र देकर जानकारी भी प्राप्त की गई अनावेदक फर्म द्वारा सूचना पत्र के पालन में तथ्यात्मक एवं संतोषजनक जवाब ना देते हुए बताया कि बगैर एग्रीमेंट के माल भेजा है इसलिए भुगतान नहीं कर सकते संपूर्ण जांच के उपरांत जिला अभियोजन अधिकारी से विधिक अभिमत प्राप्त किया गया पाया कि विक्रेता फॉर्म के साथ क्रेता फर्म द्वारा षडयंत्र पूर्वक विश्वास अर्जित कर बगैर एग्रीमेंट के ही माल की खरीदी की जाती रही विक्रेता द्वारा बार-बार एग्रीमेंट किए जाने का अनुरोध करने पर आपसी विश्वास का आश्वासन देकर टालते रहे तथा भारी मात्रा में माल प्राप्त कर हड़प लिया अब पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

# स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ शासकीय कर्मचारियों को भी मिले

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव अभिषेक गौर ने पत्र लिखकर प्रदेश सरकार से यह मांग की है कि प्रदेश के शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलना चाहिए। पूर्व में प्रदेश के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना बनाई गई थी मगर उसे अभी तक अमलीजामा नहीं पहनाया गया है, आयुष्मान योजना में भी शासकीय सेवकों को पात्र नहीं माना गया है जबकि शासकीय सेवकों को छोड़कर आयुष्मान योजना में प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य के मामले में प्रदेश सरकार को शासकीय कर्मचारियों के हित में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करना चाहिए ताकि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे शासकीय सेवकों ओर उनके परिजनों को राहत मिल सके। यह मांग संघ के प्रजापाल सिंह चौहान, मालव राजपुरोहित, प्रीतेश मालवीय, आदि संघ पदाधिकारीयो ओर सदस्यों ने की है।

### करोड़ों की संपत्ति छोड़कर अब दीक्षा लेंगे जैन समाज, थांदला निवासी का नगर आगमन हुआ

# मनुष्य जीवन को धर्म आराधना में लगाए, जीवन सार्थक होगा

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** करोड़ों की संपत्ति छोड़ तपस्वी मार्ग के लिए प्रस्थान करने वाले जैन श्वेतांबर संघ के थादला निवासी सर्राफा व्यवसायी ललित भंसाली 50 वर्ष की उम्र में गृहस्थ जीवन त्याग कर जल्द ही दीक्षा लेने वाले हैं। वे अब रिश्ते नाते परिवार कि मोह माया त्याग कर दीक्षा लेने जा रहे हैं।





इससे पहले समाज जनों से व रिश्तेदारों से मिलने के लिए नगर में पहुंचे। उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। जैन श्वेतांबर स्थानक भवन में उनका सम्मान किया उसके बाद नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अनिल जैन के यहां श्री भंसाली का शाल श्रीफल के माध्यम से सम्मान किया गया। इस दौरान विशेष चर्चा में थादला. झाबुआ निवासी भंसाली ने बताया कि वे बचपन से ही जैन समाज आध्यात्मिक की ओर उनका रुझान रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में जो कमाया है उसे आध्यात्मिक शांति नहीं मिलती आध्यात्मिक की ओर प्रस्थान करने पर ही सही मायने में जीवन को समर्पित करना चाहिए इसके लिए मैं परिवार को रिश्तेदारों से पहले सहमति ली उसके बाद आचार्य मुनि जी की सानिध्य में दीक्षा लेंगे।

इसलिए अब दीक्षा लेकर तपस्वी जीवन के लिए प्रेरणा मिली हुई है। संत श्री के आदेश अनुसार आखातीज के अवसर पर थांदला में जल्द ही दीक्षा लेगे ।श्री भंसाली ने कहा कि व्यक्ति को धन संपदा के मोह लोभ लालच से हटकर जीवन को धर्म में आराधना मे लगाना चाहिए। यही वास्तविक जीवन का सही सार, व मानव जीवन की सार्थकता है। सभी धर्म के प्रति मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए यही सच्चाई है यही जीवन का आनंद है।

उनके साथ आए परिवार में मां बेटा एवं पत्नी ने बताया कि प्रारंभ से ही आध्यात्मिक विचारधारा से जुडे हैं। पिछले 5 सालों से दीक्षा लेने के लिए परिवार को तैयार किया परिवार की सहमति मिली उसके बाद अक्षय तृतीया पर विधि विधान अनुसार दीक्षा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलावद में 11 अप्रैल को लगेगा नेत्र शिविर

**बड़वानी, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलावद में 11 अप्रैल को जिला दृष्टि हीनता नियंत्रण समिति बड़वानी एवं शंकरा आई सेंटर इन्दौर के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरूण वास्कले से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में मोतियाबिंद मरीजों को कैम्प स्थल से शंकरा आई सेंटर इन्दौर निःशुल्क बस द्वारा ले जाया जायेगा। मरीजो को चाय, नाश्ता, भोजना, आपरेशन, दवाईयां, चश्मा आदि निःशुल्क मिलेगा। मरीज अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कापी अनिवार्य रूप से लेकर आये।

### जिला दण्डाधिकारी ने 1 व्यक्ति को किया जिला बदर

**बड़वानी, निप्र।** जिला दण्डाधिकारी बड़वानी सुश्री गुंचा सनोबर ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर 1 व्यक्ति को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर किया है। जिला बदर की अवधि में यह व्यक्ति राजस्व सीमा बड़वानी एवं उसके समीपवर्ती जिले धार, झाबुआ, अलिराजपुर, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, की राजस्व सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दण्डाधिकारी ने बड़दा बसाहट निवासी श्री बादल पिता रेवाराम सुर्यवंशी को 3 माह के लिए जिला बदर किया है । आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि यदि अनावेदन के विरूद्ध किसी न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हो तो उसकी सुनवाई में उपस्थित रहने हेतु पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी तथा थाना प्रभारी अंजड़ को सूचित करेगा।

### एमपीटॉस पोर्टल पर आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**बड़वानी, निप्र।** सिहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी श्री जेएस डामोर से प्राप्त जानकारी अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2023-24 एवं 2024-2025 के लिये एमपीटॉस पोर्टल पर अनुसूचित जनजाति, जाति पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के (नवीन एवं नवीनीकरण) के आवेदन एप्लाई एवं डाटा अपलोड करने हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि को बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 (नवीन एवं नवीनीकरण) तक निर्धारित की गई है।

### 09 अप्रैल को बड़वानी में होगा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर

**बड़वानी, निप्र।** ि जिला अस्पताल और लायंस क्लब बड़वानी सिटी के संयुक्त तत्वावधान में चोइथराम नेत्र चिकित्सालय द्वारा 09 अप्रैल को मोतियाबिंद और कांचबिंद की निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ सुरेखा जमरे और डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में शिविर में जिला अस्पताल एवं चोइथराम के डॉक्टर्स द्वारा नेत्र मरीजों की जॉच की जाएगी। लायन कमलेश शर्मा ने बताया कि शिविर स्थल पर शुगर ओर ब्लड प्रेशर की जॉच भी की जावेगी। मरीज अपना आधार कार्ड साथ में लेकर आवे। शिविर का समय प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। लायंस क्लब बड़वानी की ओर से मरीज तथा साथ आए एक परिजन के लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। लायन राम जाट, लायन महेश जोशी, लायन के टी मंडलोई, लायन सुधीर कुमार पांडे, लायन दीपक जोशी आदि सदस्यों ने इस निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाने की अपील की है।

### अनुज नावड़े जन्मजात बेहरापन की हुई सफल सर्जरी

**बड़वानी, निप्र।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मोबाईल हेल्थ टीम के आयुष चिकित्सक डॉ. जावेद मंसुरी एवं डॉ. श्रेय उपाध्याय द्वारा 11 मई 2024 को अनुज नावड़े पिता टीकम 03 वर्ष ग्राम सांवरिया फलिया की जोडाई आंगनवाड़ी में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में जन्मजात बेहरापन बीमारी चिन्हित की गई। मास्टर अनुज की 10 अक्टुबर 2024 को मान्यता प्राप्त नोबल हॉस्टिल में बेरा एवं अन्य आवश्यक जांच की गई एवं जांच के पश्चात् कॉक्लियर इम्प्लांट हेतु स्टीमेंट दिया गया जिसकी अनुमानित लागत 6,50,000 रुपये बताई गई। मुख्यमंत्री बाल श्रवण उपचार योजना के तहत जिला स्तर की कमेटी द्वारा अनुशंसा कर आदेश स्वीकृत किया गया। मास्टर अनुज का 02 मार्च 2025 को योजनान्तर्गत नोबल हॉस्पिटल के डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ई.एन.टी. सर्जन, द्वारा कॉक्लियर इम्प्लांट की सफल सर्जरी की गई। मुख्यमंत्री बाल श्रवण उपचार योजना बालक के लिये वरदान साबित हुई। उपचार होने के बाद माता पिता एवं परिवार बहुत खुश हुये तथा मरीज के माता पिता द्वारा शासन एवं प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम का अभार व्यक्त किया गया।

### चोरी ऐसी भी : अपनी उधारी चुकाने के लिए चोर ने चोरी तो की पर छह महीने बाद वापस लौटाने का वादा भी कर दिया

**खरगोन, निप्र।** चोरी ऐसी और चोर भी ऐसा । खरगोन शहर के जमींदार मोहल्ले में अपनी रायल फूड सप्लायर्स चलाने वाले जुजर बोहरा की दूकान से दो लाख पचास हजार रुपए तो चोर ने चुरा लिये ,पर बाकायदा एक टाईप किया गया पत्र वहीं पर छोड़ दिया , कि अपनी उधारी चुकाने के लिए उसने ढाई लाख रूपए की चोरी की , जिसे वह छै महिने बाद वापस भी लौटा देगा । पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है ।

## गायों की दूध उत्पादन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** प्रदेश में गौवंशीय दुधारू नस्लों को बढ़ावा देने एवं उनके संरक्षण के लिए पशु पालन एवं डेयरी विभाग जिला खरगोन में प्रदेश एवं जिले की मूल नस्ल निमाड़ी तथा भारतीय उन्नत नस्ल गिर, साहिवाल एवं अन्य गायों की दूध उत्पादन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 06 अप्रैल एवं 07 अप्रैल 2025 को सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में निमाड़ी नस्ल के लिए 50 तथा भारतीय उन्नत नस्ल प्रतियोगिता में 83 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें प्रतिदिन दूध उत्पादन के आधार पर पृथक-पृथक 10-10 निमाड़ी एवं भारतीय उन्नत नस्ल की गायों का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता विभागीय टीम बनाकर की गई। इस दौरान टीम ने तीन समय का दूध का मापन पशुपालकों के घर पर ही जाकर किया गया।

**जितेन्द्र यादव की निमाड़ी नस्ल की गाय ने 9.22 लीटर दूध देकर पाया प्रथम स्थान :** प्रदेश एवं जिले की मूल नस्ल निमाड़ी गायों में प्रथम स्थान पर गोगावां विकासखण्ड के ग्राम बिलखेड़ निवासी श्री जितेन्द्र ओंकार यादव की गाय ने 9.22 लीटर, द्वितीय स्थान खरगोन



विकासखण्ड के ग्राम घोटिया के श्री कमल रामेश्वर पाटीदार की गाय ने 8.79 लीटर एवं तृतीय स्थान गोगांवा विकासखण्ड के ग्राम कोठा बुजुर्ग के श्री चेतन बिहारीलाल की गाय ने 6.6 लीटर प्रतिदिन दूध देकर प्राप्त किया है।

**सुभाष पाटीदार की भारतीय नस्ल की गिर गाय ने 15.67 लीटर दूध देकर पाया प्रथम स्थान :** इसी प्रकार भारतीय उन्नत नस्ल की गायो में प्रथम स्थान महेश्वर विकासखण्ड के ग्राम मेहतवाड़ा के श्री सुभाष भगवान पाटीदार की गिर गाय ने 15.67 लीटर, द्वितीय स्थान महेश्वर विकासखण्ड के ग्राम मेहतवाड़ा के श्री भगवान फत्तुजी पाटीदार की गाय ने 14.47 लीटर एवं तृतीय स्थान खरगोन के श्री रविन्द्र मोहनलाल महाजन की गाय ने 14.39 लीटर प्रतिदिन दूध देकर प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया।

---

सैयदना साहब के नेतृत्व में

# देश व विदेश जहां भी समाज रहता है : गजेंद्र पटेल

## बोहरा समाज हमेशा से सकारात्मक भाव के साथ अपने शहर और देश के विकास के लिए प्रयत्नशील रहता है








विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** एक माह की इबादत के बाद ईद का पर्व खुशियां लेकर आता है। आपकी इस खुशी में शामिल होकर हम सब भी बहुत खुश हैं। बोहरा समाज हमेशा से सकारात्मक भाव के साथ अपने शहर और देश के विकास के लिए प्रयत्नशील रहता हैं। सय्यदना साहब के नेतृत्व में देश और विदेश जहां भी समाज रहता है वहां की तरक्की और खुशहाली में योगदान देता है उक्त उद्गार शनिवार रात्रि को भाजपा बोहरा मित्र मंडल द्वारा ईद मिलन समारोह में सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने व्यक्त किए। इस अवसर पर सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने बोहरा समाज को मोबाइल सिसर लिफ्ट इलेक्ट्रीक हाइड्रोलिक के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

पूर्व केबीनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने रमज़ान के पवित्र पर्व में इबादत के बाद ईद के पर्व की समाजजनों को मुबारकबाद देते हुए बोहरा समाज के द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत कार्यों की सराहना की। अतिथियों का स्वागत पार्षद कोसर मंडवाड़ा, सैफुद्दीन टीनवाला, शेख़ सादिक राजपुर, मुल्ला जाकिर जोहर, गुलाम फैंसी, युसुफ गांधी, इज्जुद्दीन तारमल ने किया। इस अवसर पर कमलनयन इंगले, शुभम पांडे , निक्कू चौहान, सुभाष भावसार, आदिल तिगाले, बंटी जी पुरोहित, जगदीश जी बा, अंकुश भावसार , गजेंद्र सोनाने, अविनाश कालौशिया, अमित उपाध्याय, सुरेश धनगर, मोहन बामनिया, अब्बास बड़दा, अज़ीज़ सेमल्दा आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन मुर्तजा राजपुर वाला ने किया आभार केजार आदिल ने माना।

## कलेक्टर भव्या मित्तल की समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे , जबकि सभी तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम जुड़े । कलेक्टर भव्या मित्तल की समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायती के प्रकरणों का निराकरण गंभीरता के साथ समय सीमा में तत्परता से किया जाये। एक सप्ताह में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में अच्छी ग्रेडिंग नहीं लाने पर जिम्मेदार अधिकारी एवं उसके सहयोगी आपरेटर पर भी कार्रवाई होगी । सभी अधिकारी 50 दिनों से अधिक की लम्बित शिकायतों पर विशेष ध्यान देकर उनका निराकरण करें । सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायती प्रकरणों के निराकरण में डी ग्रेड में रहने एवं संतुष्टि के साथ कम शिकायतों को बन्द कराने के लिए सनावद नगर पालिका के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी िया जाए । अधिकारियों द्वारा शिकायतों को अटेंड नहीं करने पर जितने दिन तक शिकायत अटेंड नहीं की जाएगी, उतने दिन का वेतन काटने की चेतावनी भी दी गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारियों उनके क्षेत्र में स्वीकृत संजीवनी क्लिनिक को शीघ्र स्वास्थ्य विभाग को हस्तातंरित कर दें। खरगोन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर की संजीवनी क्लिनिक को एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जाए । गंगा संवर्धन अभियान में कुन्दा नदी की गाद निकालने का कार्य अगले सप्ताह से प्रारंभ करें और इसमें सभी विभाग अपना श्रमदान कर गाद निकालने के लिए कार्य योजना तैयार करें । जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकी अपने क्षेत्र के कम से कम 05 कार्यों को चिन्हित कर कार्य प्रारंभ करने के पहले की फोटोग्राफ एवं 30 जून के बाद जल संरक्षण का कार्य करने के बाद के फोटोग्राफ तैयार रखें , जिससे इस अभियान के प्रारंभ होने के पहले की स्थिति एवं अभियान के बाद की स्थिति में हुए बदलाव को दिखाया जा सकेगा।

**09 अप्रैल को प्रभारी मंत्री श्री सारंग का जिले में होगा आगमन :** बैठक में बताया गया कि आगामी 09 अप्रैल को प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग का खरगोन आगमन होना है। इस दौरान उनके द्वारा जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जाएगा तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली जाएगी। इसके लिए सभी अधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पूर्ण हो चुकी नल जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तातंरित कराएं।

**सस्ती दर पर पुस्तकें व अन्य सामग्री उपलब्ध कराने आयोजित होगा पुस्तक मेला :** सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सस्ती दर पर पुस्तकें एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेला का आयोजन शीघ्र कराएं। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वन्य प्राणियों से पशु हानि के मामले में राहत देने के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत विवाह पंजीयन समय सीमा में नहीं कराने पर सनावद नगर पालिका के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर जनपद पंचायत भीकनगांव एवं बड़वाह की मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार संबल योजना के पंजीयन में लापरवाही पाये जाने पर नगर पालिका सनावद के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

भीकनगांव जनपद को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

## जिले की पहली जनपद है यह सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली




विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जनपद पंचायत भीकनगांव को आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट मिला है। भीकनगांव की जनपद पंचायत यह सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली खरगोन जिले की पहली जनपद पंचायत बन गई है। जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती पूजा मालाकार सैनी के प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह ने श्रीमती सैनी को यह सर्टिफिकेट सौंपा और इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए बधाई दी है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती पूजा मालाकार सैनी द्वारा जनपद पंचायत भीकनगांव में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं सुलभ कराने के लिए कार्य आधारित प्रयास किये गए।

इसके अंतर्गत कार्यालय की साफ-सफाई, सभी कर्मचारियों के आई कार्ड, समय पर उपस्थिति, टेबल पर कर्मचारी की नेम प्लेट अनिवार्य की गई है। इस व्यवस्था से जनपद पंचायत भीकनगांव की कार्यप्रणाली में वृहद स्तर पर सुधार हुआ है और अपनी समस्याएं लेकर कार्यालय आने वाले आमजनों को भी सहूलियत हुई है।

## सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्य का ध्यान दे न्यायाधीश अमूल मंडलोई




विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में दिनांक 07 अप्रैल, 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राथमिक उपचार केन्द्र बड़वानी में जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अमूल मण्डलोई द्वारा प्राथमिक उपचार केन्द्र बड़वानी पर स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं आमजन को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी साथ ही नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य जाँच एवं तनाव मुक्त रहने हेतु स्वंय के लिए संकल्प दिलाया एवं विधिक कानूनों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग बड़वानी से डॉ पल्लवी राठौर एवं आशा वर्कर पी.एल. व्ही श्री शांतिराम वास्कले, श्री अर्जुन परमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुकान और मकान में आगजनी के आरोपी को भगवानपुरा पुलिस ने पकड़ा

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** दुकान और मकान में आगजनी करने वाले आरोपी मयूर पिता हुकुमचन्द्र मालवीया उम्र 25 साल निवासी पीपलझोपा हाल मुकाम गांधीनगर खरगोन को भगवानपुरा पुलिस ने पकड़ा । ज्ञातव्य रहे कि मोहना गांव के रहने वाले राजेन्द्र गुप्ता के मकान के मकान में निवासी ग्राम मोहना के मकान में आरोपी मयूर हुकूमचन्द्र मालवीय द्वारा आग लगा दी गई थी , जिसे स्थानीय ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की सहायता से आग को बुझाया गया था । पश्चात राजेन्द्र गुप्ता की रिपोर्ट पर भगवानपुरा थाने में अज्ञात आरोपी के के विरुद्ध अपराध क्रमांक 95/25 धारा 326(त्र) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था ।

पड़ताल में सामने आया कि करीब 2-3 साल पहले मयूर मालवीया राजेन्द्र गुप्ता के घर के सामने ही मकान में किराये से रहता था । एक दिन किसी बात को लेकर राजेन्द्र गुप्ता और उसकी पत्नी का आपस में झगड़ा होने पर मयूर उसकी माँ पुष्पा पत्नि , राजेन्द्र गुप्ता को समझाने गये तो राजेन्द्र गुप्ता ने उसकी माँ को धक्का मारकर घर से बाहर कर दिया और बोला तुम हमारे पारिवारिक मामले में बोलने वाले कौन हो , हमारे घर का झगड़ा हैं हम आपस में देख लेगें । राजेन्द्र गुप्ता का यह व्यवहार मयूर अच्छा नहीं लगा और उसने बदलावश राजेन्द्र गुप्ता की दुकान उसके घर में आग लगा दी । आरोपी को पकड़ने में एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य भगवान पुरा थाना प्रभारी निरीक्षक कैलाश चौहान, आदि का विशेष योगदान रहा ।

अच्छी और प्रेरणादायक किताबें मानसिक संतुलन बनाने में करती है मदद

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

विनय उजाला




**खरगोन, निप्र।** 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कालेज ओफ एक्सीलेन्स मे प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन मे विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री ललित कुमार भटानीया सहायक प्राध्यापक द्वारा दिए गए व्याख्यान में स्वास्थ्य के समग्र पहलुओं पर जोर दिया गया। जहाँ अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या एवं संतुलित आहार का महत्व बताया गया। वहीं मानसिक स्वास्थ्य को भी उतनी ही अहमियत दी गई। इस प्रतिवेदन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व एवं उसे बेहतर बनाने के उपायों पर प्रकाश डाला गया है।

श्री भटानीया ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के संपूर्ण जीवन का अभिन्न अंग है। संतुलित मानसिक स्थिति न केवल तनाव को कम करने में सहायक होती है, बल्कि यह दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता को भी बढ़ाती है। व्यस्त जीवनशैली, सोशल मीडिया और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

अच्छी और प्रेरणादायक किताबें मानसिक संतुलन बनाने में मदद करती हैं। ये विचारों को सकारात्मक दिशा में मोड़ने का कार्य करती हैं और तनाव को कम करती हैं। नियमित ध्यान अभ्यास से मन शांत रहता है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में वृद्धि होती है। यह मानसिक अव्यवस्था को दूर करने में सहायक है। विभिन्न प्रकार के प्राणायाम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। यह श्वास-प्रश्वास को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और मानसिक शांति प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से चिड़चिड़ापन, गुस्सा, नकारात्मक विचार एवं धैर्य की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अतः मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि हम मोबाइल और सोशल मीडिया का संतुलित एवं सीमित उपयोग करें।

श्री भटानीया द्वारा दिए गए व्याख्यान से यह स्पष्ट होता है कि मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से लेना अत्यंत आवश्यक है। अच्छी किताबें पढ़ना, नियमित ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास करना तथा डिजिटल दुनिया से दूरी बनाए रखना, ये सभी उपाय मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक स्वस्थ मानसिक स्थिति व्यक्ति को जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में समर्थ बनाती है और एक संपूर्ण, खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**देवास, निप्र।** प्रदेश सरकार द्वारा विधवा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना चलाई जा रही है। योजना का उद्देश्य विधवा महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, विधवा महिलाओं को उनके विवाह पर 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना मध्यप्रदेश की विधवा महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कल्याणी और उसके पति दोनों मध्य प्रदेश के मूल निवासी होने अनिवार्य है। कल्याणी की आयु 18 वर्ष से अधिक और उसके पति की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। कल्याणी और उसके पति दोनों शासकीय विभाग में कर्मचारी/अधिकारी नहीं होने चाहिए और आयकर दाता भी नहीं होने चाहिए, कल्याणी को पहले से कोई परिवार पेंशन नहीं मिलनी चाहिए।

### वायरमैन परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल होगी

**खण्डवा, निप्र।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) संभाग खण्डवा द्वारा जिला खण्डवा, बुरहानपुर, खरगोन एवं जिला बड़वानी के क्षेत्रांतर्गत अनुभवधारी व्यक्तियों के लिए माह जुलाई 2025 में वायरमेन परीक्षा (%ब% श्रेणी विद्युत लायसेंस हेतु) केन्द्र खण्डवा पर आयोजित की जा रही है। सचिव संभागीय अनुज्ञापन समिति ने बताया कि इस हेतु अर्हता प्राप्त (कम से कम दो वर्ष का संबधित विषय का व्यावहारिक अनुभव जो कि पिछले 5 वर्ष के भीतर का हो) उम्मीद्वार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक श्वह्यस्र.द्वश्चशठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ की वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा घरेलू, औद्योगिक, शिरोपरि एवं भूमिगत विषयों के लिये आयोजित की जावेगी। जिन विषयों में परीक्षा में शामिल होना है, ऐसे सभी विषयों हेतु पृथक-पृथक अवधि अनुभव प्रमाण पत्र में दर्शायी होना चाहिये।

### पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में गत दिनों हुई मारपीट के दोषी छात्रों को किया निलंबित

**खण्डवा, निप्र।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में गत दिनों कक्षा 8 वीं के बच्चों की कक्षा 9 वी के कुछ बच्चों द्वारा मारपीट की गई थी। इसके लिए पालक शिक्षक समिति की अनुशंसा पर जांच समिति का गठन किया गया। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शर्मीला खान ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कक्षा 9 वी के 7 छात्र दोषी पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से 29 मार्च से 15 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन छात्रों को निलंबित किया है, उनमें चैतन्य पंवार, उज्जवल कुशवाह, अमन इंगले, कृष्णा पाटीदार, गुरु चन्दन, आदर्श कुंनड एवं सृजल मुकाती शामिल है।

## उमंग स्वास्थ्य केन्द्रों में किशोर किशोरियों की हो रही काउंसलिंग

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि उमंग हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उमंग हेल्थ सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिसमें 10 से 19 वर्ष उम्र तक के किशोर किशोरी की काउंसलिंग कर किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों के बारे में जानकारी व समझाईश दी जा रही है। जिससे उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायता मिल रही है। डॉ. जुगतावत ने बताया कि किशोरावस्था में होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं के समाधान के लिए उमंग स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से 10 से 19 साल के किशोर और किशोरियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परामर्श दिया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित परामर्शदाता द्वारा समस्या का आंकलन कर यथायोग्य परामर्श दिया जाता है। किशोरावस्था में शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। साथ ही मानसिक स्थिति के बार-बार बदलने का अनुभव भी होता है। किशोरावस्था जीवन का एक महत्वपूर्ण और नाजुक चरण होता है। इस उम्र में सही विकास के लिए पोषण, शिक्षा, सही मार्गदर्शन, सहयोग एवं आसपास के लोगों से अपनेपन की भावना की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित इस केंद्र में मुख्यत 6 उद्देश्यों को शामिल किया गया है। जिसमें यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि, असंचारी बीमारियों से रोकथाम, लिंग आधारित हिंसा को रोकना, पोषण स्तर को बेहतर करना और नशीले पदार्थों की रोकथाम प्रमुख है।

स्वास्थ्य केंद्र के साथ साथ स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों व विभिन्न आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से भी सेवाएं दी जाती है। उमंग स्वास्थ्य केंद्र में किशोर किशोरियों की विभिन्न समस्याओं के अनुरूप परामर्श, उपचार एवं रेफरल सेवाएं दी जा रही हैं । जिनमें पोषण, एनीमिया की रोकथाम, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, माहवारी स्वास्थ्य, असंचारी रोग, नशे के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत परामर्श, लिंग आधारित हिंसा एवं चोट से रोकथाम, तनाव अवसाद, आत्महत्या जैसे मानसिक अवसाद, बाल विवाह की रोकथाम, किशोरावस्था में गर्भधारण की रोकथाम एवं एमटीपी संबंधी परामर्श उपलब्ध है। इस अवस्था में किशोर बालक बालिकाओं को सकारात्मक एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित जानकारियां दिए जाने की महती आवश्यकता है। उमंग स्वास्थ्य केंद्र में मैत्रीपूर्ण वातावरण में निजता एवं गोपनीयता को ध्यान में रखकर परामर्श दिया जाता है।

## सातवां पोषण पखवाड़ा 08 से 22 अप्रैल तक

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 08 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों की को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण संवेदनशील कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# श्रीकृष्ण की बाल लीला सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** श्रीमद भागवत कथा तो भगवताचार्यों से बहुत सुनी मगर लीलामय कथा को देखने का पहला अवसर मिला देवास कि भागवत प्रेमी जनता को चैत्र नवरात्रि के पर्व पर मां कैला देवी मंदिर में सेठ मन्नूलाल गर्ग द्वारा कैला देवी मंदिर उत्सव समिति के संयोजन आयोजित लीलामृत श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर भगवताचार्य वंदना श्री ने कन्हैया की बाल लीला का बहुत ही सुंदर चित्रण किया। जिसमें नन्द का दुलार और यशोदा का वात्सल्य को प्रकट कर श्रोताओं को अश्रुपूरित कर दिया भगवान शिव शकर का नारायण के बाल स्वरूप के दर्शन का दृश्य, पूतना वध,माखन चोरी की लीला, गोकुल छोड़ वृंदावन आने की कथा, गाय चराने के दृश्य में मंच पर जब कन्हैया के साथ गाय के बछड़े नाचने लगे तो इस दृश्य को देखकर जय कन्हैयालाल की शोर से सारा पंडाल गूंजायमान हो गया। यह एक आश्चर्य जनक दृश्य इस कथा में देखने को मिला।

बृज की प्रसिद्ध रासलीला के कलाकारों के सुंदर अभिनय ने श्रोताओं का मन मोह लिया। सादर भजनों के साथ कलाकारों की प्रस्तुति हर प्रसंग में एक से बढ़ कर एक रही. कथा के हर दृश्य पर वंदना श्री ने कहा कि भगवान की हर लीला कलयुग के मानव के लिए संदेश है. गोवर्धन व्यास पीठ की पूजा गर्ग परिवार ने की। आरती में समिति संयोजक रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, डॉ सुभाष गर्ग इंदौर, लालचंद, भागवताचार्य मनोज व्यास, बुद्धसेन पटेल, हेमन्त, गौरीशंकर इंगले ने की। पंडाल छोटा पड़ा,कथा में खड़े रहने की जगह नहीं थी।

# कालानी बाग में चोरी करने वाले गिरोह का थाना कोतवाली पुलिस ने किया पर्दाफाश

**ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत जनसहयोग से लगे सीसीटीव्ही कैमरों मे कैद हुए आरोपी**





विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कालोनी बाग के एक घर में चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने इनके पास से लगभग 3 लाख रुपए का मश्रुका जब्त किया। 5 अप्रैल को कालानी बाग अन्तर्गत स्थित एक सूने मकान में चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर से तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया एवं उक्त घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई. फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में धारा 331(4),305(A) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी एवं चोरी गया मश्रुका की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चेक किए गए। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत देवास पुलिस द्वारा जनसहयोग से लगाए जा रहे सीसीटीव्ही फुटेज मे आरोपियों द्वारा घटना करना कैद हुआ। घटना की फुटेज पत्रकार बंधुओं एवं सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कर आरोपियो की पहचान कर उन्हे गिरफ्तार किया गया।

**जप्त सामग्री :** सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 3 लाख का मश्रुका जब्त।

**गिरफ्तार आरोपी का नाम :** कुशाल उर्फ खुशी पिता मनीष मुकुंदे निवासी लक्ष्मण नगर देवास,

## राज्य कर्मचारी संघ जिला देवास की शाखा सोनकच्छ की निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध सम्पन्न



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला देवास की तहसील और ब्लॉक इकाई के निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुई।निर्वाचन अधिकारी श्री संजय जी शर्मा कार्यालयीन मंत्री राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने प्रक्रिया सम्पन्न करवाई।चूंकि एक ही पैनल होने से सभी को निर्विरोध पदाधिकारी घोषित किए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के वरिष्ठ मार्गदर्शक सेवानिवृत्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री विक्रम सिंह जी ठाकुर,प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श राजेश वर्मा,संयोजक राज्य कर्मचारी संघ जिला देवास धर्मेंद्र जोशी,जिला सह संयोजक रविन्द्र पाल सिंह तंवर विशेष रूप से मंचासिन थे।सर्वप्रथम सभी ने मिलकर अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना की।तत्पश्चात सभी मंचासिन अतिथियों का मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया गया।

तहसील इकाई सोनकच्छ के अध्यक्ष ज्योति वाडेकर शिक्षा विभाग,सचिव प्रतिभा बघेल महिला एवं बाल विकास विभाग,कोषाध्यक्ष आजपसिंह परिहार पंचायत विभाग चुने गए।इसी प्रकार ब्लॉक कार्यकारिणी के भी निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुए उसमें अध्यक्ष पद पर धीरज सिंह राजपूत शिक्षा विभाग,सचिव लोकेंद्र सिंह ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह तोमर शिक्षा विभाग चुने गए।उपस्थित दशरथ सिंह सेंधव,, वर्षा निकम , फ़िरदोष शेख ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मोती की माला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं प्रेषित की।सभी सदस्यों ने निष्ठापूर्वक अपने सौंप गए दायित्व की पूर्ति हेतु संकल्प लिया।कार्यक्रम का विधिवत संचालन धीरज सिंह राजपूत ने और आभार वरिष्ठ सदस्य रविंद्र पाल सिंह ने माना।

# ई-रिक्शा चालकों ने जलाया महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल का पुतला

**एमआईसी में से पार्षद अजय तोमर को बाहर करने के विरोध में सयाजी द्वार पर जुटे थे ई-रिक्शा चालक**

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर निगम की मेयर इन काउंसिल से दो पार्षदों को बाहर कर दिया गया। इनकी जगह दो महिला पार्षदों को दी। ये बदलाव महापौर ने किया, तर्क दिया कि शासन महिलाओं का आरक्षण और भागीदारी बढाने की मंशा रखता है, इसलिए शासन की मंशानुसार एमआईसी में महिला पार्षदों को जगह दी गई। दो पार्षद बाहर तो कर दिए गए लेकिन सांसद समर्थक होने से विवाद पैदा हो गया।

सोमवार को पार्षद अजय तोमर को एमआईसी में से बाहर करने पर देवास के ई-रिक्शा चालक नाराज हो गए। ये इतने दुखी हुए कि महापौर के पति और नगर निगम में उनका प्रतिनिधि करने वाले दुर्गेश अग्रवाल का पुतला दहन करने के लिए सयाजीद्वार पर जुट गए। यहां पहले नारे लगाए फिर दुर्गेश अग्रवाल का पुतला दहन कर दिया। आखिरकार देवास की राजनीति में ई- रिक्शा चालकों की भी इंट्री हो गई। सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी अपने समर्थक दो पार्षदों को बाहर किए जाने का विरोध तो पहले दिन से ही कर रहे हैं। उनकी तल्खी मीडिया के सामने भी दिखी, कहा भी कि वे इसकी शिकायत प्रदेश नेतृत्व से करेंगे। महापौर गीता अग्रवाल को भी निशाने पर लिया था, सांसद ने कहा था कि वे महापौर से जानना चाहते है कि किसके भारी दबाव में दो पार्षदों को बाहर किया। सांसद ने इस दौरान दुर्गेश अग्रवाल को भी खूब सुनाई थी। तभी तय हो गया था कि विरोध किसी न किसी रूप में आगे बडेगा। जनता के मुद्दे पर शहर में भले ही खामोशी हो लेकिन नेता अपनी शह मात के खेल में कोई नुकसान नहीं चाहते। इन दिनों शहर में जलसंकट उभर आया हैं। आवास नगर की महिलाओं ने रविवार को सडक पर जाम भी लगाया था, उनका कहना था कि पांच दिन से नल नहीं आ रहे। अन्य क्षेत्रों में भी पानी का संकट बना हुआ हैं। लेकिन इन सब से बेखबर नेता और उनके समर्थकों की अलग ही चिंता और तकलीफ हैं। ई-रिक्शा चालकों के कांधे पर रखकर बंदूक तो चला ली, लेकिन अब ई-रिक्शा चालक इसका खामियाजा भुगत सकते हैं। शहर में अभी इनका कोई रूट तय नहीं हैं। सभी रिक्शा एबी रोड पर दौड रहे हैं। चार सवारी की क्षमता है लेकिन ओवरलोड चलते हैं। राजनीति में उतरे है तो अब खामियाजा भी भुगतना पड सकता हैं, तब कोई मदद को नहीं आएगा।

## ढाबा संचालक मुरलीवाला से 5 हजार रुपए महीने की मांग, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी

**पुलिस ने ढाबा संचालक की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की**

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** इंदौर भोपाल हाईवे पर स्थित ढाबा मुरली वाला के संचालक को आरोपी द्वारा पांच हजार रुपए महीने की मांग की नहीं देने पर ढाबा नहीं चलाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने बताया कि ढाबा संचालक राकेश राठौर पिता रामचन्द्र राठौर ने अपने भतीजे शुभम राठौर के थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मै उपरोक्त पते पर रहता हूं। मेरी इन्दौर भोपाल रोड पर पुष्पगिरी के पास मुरली वाला छप्पन भोग के नाम से होटल ढाबा है। जहां पर मैं सुबह 09 बजे से रात 10 बजे तक होटल पर रहता हूं कल दिनांक 05.04.25 के शाम करीबन 05 बजे की बात है मै होटल पर था तभी पास के गांव का राजेंद्र सेधँव पिता शंकरलाल सेंधव निवासी ग्राम रोलूपिपलिया का होटल पर आया और आते ही मुझे मां बहन की नंगी नंगी अश्लील गालियां देकर बोला कि तू मुझे जानता नही है मै इस क्षेत्र का दादा हूं मेरे खिलाफ कई केस चल रहे है यदि तुझे होटल चलाना है तो तुझे मुझे 5000/-रूपये महीने देना पडेगा मैने बोला मै किस बात के पैसे दूं, तो मुझे मां बहन की नंगी नंगी अश्लील गालियां देकर मारने दौडा तो मेरे होटल पर काम करने वाले वीरू व चेतन ने आकर बीच बचाव कराया तो राजेंद्र सेधंव बोलने लगा यदि मुझे महीने के 5000/-रूपये नही दिये तो मै तेरी होटल नही चलने दूंगा और आईंदा मुझे पैसे देने से मना किया तो जान से खत्म कर दूंगा। मै डर के कारण कल रिपोर्ट को नही आ सका था।

अच्छी और प्रेरणादायक किताबें मानसिक संतुलन बनाने में करती है मदद

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कालेज ओफ एक्सीलेन्स मे प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन मे विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ललित कुमार भटानीया सहायक प्राध्यापक द्वारा दिए गए व्याख्यान में स्वास्थ्य के समग्र पहलुओं पर जोर दिया गया। जहाँ अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या एवं संतुलित आहार का महत्व बताया गया। वहीं मानसिक स्वास्थ्य को भी उतनी ही अहमियत दी गई। इस प्रतिवेदन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व एवं उसे बेहतर बनाने के उपायों पर प्रकाश डाला गया है।

ललित कुमार भटानीया ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के संपूर्ण जीवन का अभिन्न अंग है। संतुलित मानसिक स्थिति न केवल तनाव को कम करने में सहायक होती है, बल्कि यह दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता को भी बढ़ाती है। व्यस्त जीवनशैली, सोशल मीडिया और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अच्छी और प्रेरणादायक किताबें मानसिक संतुलन बनाने में मदद करती हैं। ये विचारों को सकारात्मक दिशा में मोड़ने का कार्य करती हैं और तनाव को कम करती हैं। नियमित ध्यान अभ्यास से मन शांत रहता है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में वृद्धि होती है। यह मानसिक अव्यवस्था को दूर करने में सहायक है। विभिन्न प्रकार के प्राणायाम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी हैं। यह श्वास-प्रश्वास को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और मानसिक शांति प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से चिड़चिड़ापन, गुस्सा, नकारात्मक विचार एवं धैर्य की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अत: मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि हम मोबाइल और सोशल मीडिया का संतुलित एवं सीमित उपयोग करें।

ललित कुमार भटानीया द्वारा दिए गए व्याख्यान से यह स्पष्ट होता है कि मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से लेना अत्यंत आवश्यक है। अच्छी किताबें पढ़ना, नियमित ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास करना तथा डिजिटल दुनिया से दूरी बनाए रखना, ये सभी उपाय मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**गायत्री मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि महोत्सव संपन्न**

# नेत्रदान के लिए किया लोगों को प्रेरित



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** गायत्री मंदिर परिसर पर चैत्रीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित नवरात्रि महोत्सव , कन्या भोजन के साथ संपन्न हुआ। गायत्री परिवार द्वारा दिनांक 30 मार्च से 7 अप्रैल नवरात्रि पर प्रतिदिन जप ,यज्ञ, अनुष्ठान किए गए साथी ही विभिन्न संस्कार जैसे जन्मदिवस, विवाह दिवस, पुष्पवान संस्कार, अन्नप्राशन आदी संस्कार भी कराए गये। अंतिम दिन 7 अप्रैल को पूर्णाहुति व कन्या भोजन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें समाजसेवी हुकुमचंद अग्रवाल ने सभी लोगों से नेत्रदान करने का निवेदन किया व नेत्र दान के महत्व को समझाया। तथा सोभाग सिंह ठाकुर,ज्योति वड़ेकर , शिवनारायण शर्मा, रमेशचंद्र मेहता आदि सदस्यों ने नवरात्रि महोत्सव एवं गायत्री परिवार के कार्यों पर प्रकाश डाला। वही सहयोगी सदस्यों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अजय सिंह बघेल, कृष्णपाल सिंह बघेल,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरज सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश परमार, सत्यनारायण गजेश्वर ,गायत्री परिवार के शिव प्रकाश गुप्ता,सतीश चंद तिवारी , शिव नारायण शर्मा, रघुनाथ सिंह ठाकुर, रविंद्र नायक, कपिलेश राव वडेकर,आदि सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

### लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2025

# जोकोविच की अगुवाई में मैड्रिड में होगा खेल सितारों का जमावड़ा

**विश्व के दिग्गज एथलीट्स इस महीने के अंत में होने वाले लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2025 के लिए मैड्रिड में जुटने को तैयार हैं। मैड्रिड के प्रतिष्ठित पलेसियो दे सिबेलेस में 21 अप्रैल को होने वाला यह समारोह खेल जगत के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है। इस साल इसका 25वां संस्करण मनाया जा रहा है। लगातार दूसरे साल यह कार्यक्रम मैड्रिड में होगा, जिए 160 देशों में प्रसारित किया जाएगा।**

मैड्रिड,(हि.स.)।

इस लिस्ट में सबसे आगे 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और मौजूदा लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर नोवाक जोकोविच हैं। पांच बार यह पुरस्कार जीत चुके जोकोविच ने कहा, मैड्रिड लौटना बेहद उत्साहजनक है, खासकर लॉरियस के 25 साल पूरे होने के इस खास मौके पर।

पिछले साल यहां पांचवां अवॉर्ड पाना मेरे करियर की अनमोल यादों में से एक है। यह सिर्फ सम्मान का क्षण नहीं होता, बल्कि खेल के जरिए दुनिया को बदलने के संकल्प को दोहराने का भी अवसर है – जैसा कि नेल्सन मंडेला ने हमें 25 साल पहले बताया था। जोकोविच ने 2024 में यह अवॉर्ड जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल भी जीता, जिससे वह गोल्डन स्लैम हासिल करने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए।



### दुनियाभर के सितारें होंगे शामिल

इस साल लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2025 में दुनिया भर के कई दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी दर्ज होगी। फुटबॉल जगत से काफू, रॉड गुलिट, लुइस फिगो, फाबियो कैपेलो और कोसोवार अस्लानी जैसे दिग्गज मैड्रिड पहुंचेंगे। एथलेटिक्स में एडविन मोसेस, नवाल एल मौतावाकेल और टेगला लोरोप की उपस्थिति होगी, जबकि पैरा एथलेटिक्स में तान्नी ग्रे–थॉम्पसन शामिल होंगी। रग्बी खेल से सीन फिट्ज़पैट्रिक, ब्रायन हबाना और ह्यूगो पोर्टा के नाम शामिल हैं। स्कीइंग में मारिया होफ्ल–रीश, और साइक्लिंग में क्रिस होय इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

### IPL आज के मैच

| कोलकाता नाइट राइडर्स | VS | लखनऊ सुपर जायंट्स |
|---|---|---|
| स्थान : कोलकाता | | समय : दोपहर 3.30 बजे |
| किंग्स इलेवन पंजाब | VS | चैन्नई सुपर किंग्स |
| स्थान : मोहाली | | समय : शाम 7.30 बजे |

## रोहन बोपन्ना एटीपी मास्टर्स का मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने



नई दिल्ली

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया।

बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6–3, 6–2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।

## मुंबई इंडियंस ने दो बार की कोच चार्लोट एडवर्ड्स से नाता तोड़ा...

मुंबई, (हि.स.)

**विमेंस प्रीमियर लीग ( डब्ल्यूपीएल ) में दो बार मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाने वाली हेड कोच चार्लोट एडवर्ड्स अब इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की मुख्य कोच बन गई हैं। इस नई जिम्मेदारी के साथ ही उन्होंने मुंबई इंडियंस से अपने सफल सफर को विराम दे दिया है।**

मुंबई इंडियंस ने सोमवार को एक भावुक संदेश के साथ उनके विदा होने की पुष्टि की। फ्रेंचाइज़ी ने कहा, चार्लोट एडवर्ड्स, जिन्होंने तीन सीज़न में टीम को दो डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाए, उन्हें सवनफैमिलीऔर उनकी टीम की खिलाड़ी हमेशा याद करेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनमें आत्मविश्वास भरकर उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार किया।

मुंबई इंडियंस के प्रवक्ता ने एक आधिकारिक बयान में कहा, चार्लोट एडवर्ड्स एक ऐसी नेता रही हैं जिनके लिए सवनफैमिली के सभी सदस्य अत्यंत सम्मान और प्रशंसा रखते हैं। तीन वर्षों में दो खिताब जीतना, खिलाड़ियों को निखारना और मुंबई की विरासत को आगे ले जाना उनके योगदान की मिसाल है। हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनके योगदान के लिए आभारी हैं।



चार्लोट एडवर्ड्स इंग्लैंड की पूर्व कप्तान रह चुकी हैं। उन्होंने 20 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में 300 से ज़्यादा मुकाबलों में हिस्सा लिया, 10,273 रन बनाए, 13 शतक जड़े, दो वर्ल्ड कप जीते और पांच बार एशेज सीरीज़ में टीम को विजेता बनाया।

वर्ष 2017 में संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में भी शानदार सफलता हासिल की। सदर्न वाइपर्स, सदर्न ब्रेव, सिडनी सिक्सर्स और मुंबई इंडियंस जैसी टीमों के साथ उनका कोचिंग रिकॉर्ड शानदार रहा है।

## अभिषेक के फिर फ्लॉप होने पर चिढ़ीं काव्या मारन

हैदराबाद

आईपीएल 2025 में रविवार को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को हरा दिया। हैदराबाद के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। ट्रेविस हेड से लेकर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन तक, नीतीश रेड्डी को छोड़कर कोई बल्लेबाज 25+ रन नहीं बना सका। यह सनराइजर्स की इस सीजन की लगातार चौथी हार रही। पिछले साल अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाली एसआरएच टीम की यह हालत देखकर हर कोई हैरान है। खुद टीम की मालकिन भी समझ नहीं पा रही हैं कि क्या हो रहा है। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अभिषेक के आउट होने पर वह चिढ़ी हुई दिख रही हैं और प्रतिक्रिया दे रही हैं।

दरअसल, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले कागजों पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को सबसे मजबूत माना जा रहा था। हालांकि, टूर्नामेंट शुरू होने के बाद अलग ही कहानी दिख रही है। टीम का कोई भी बल्लेबाज फॉर्म में नजर नहीं आ रहा है। रविवार को गुजरात के खिलाफ हेड आठ रन, ईशान किश 17 रन, अभिषेक शर्मा 18 रन, अनिकेत वर्मा 18 रन, कामिंदु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन नीतीश रेड्डी ने बनाए। उन्होंने 31 रन की पारी खेली। वहीं, हेनरिक क्लासेन ने 27 रन और कप्तान पैट कमिंस ने नौ गेंद में नाबाद 22 रन बनाए।



### अभिषेक का सिराज ने लिया विकेट

अभिषेक को सिराज ने राहुल तेवतिया के हाथों कैच कराया। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके लगाए। हालांकि, बड़े शॉट के प्रयास में तेवतिया को कैच थमा बैठे। उनके आउट होने के बाद काव्या मारन चिढ़ीं हुई दिखीं। उनकी प्रतिक्रिया कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। सिर्फ अभिषेक नहीं, बाकियों के आउट होने पर भी काव्या का रिएक्शन वायरल हो गया है। वह नाखुश दिख रही हैं। गुजरात से हार के बाद सनराइजर्स की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। उसके पांच मैचों के बाद एक जीत और चार हार के साथ दो अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रन रेट –1.629 है। दिल्ली की टीम तीन मैचों के बाद छह अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि गुजरात की टीम चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।



## घरेलू रसोई गैस 50 रुपए हुई महंगी



**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को जोर का झटका लगा है। केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस वितरण कंपनियों की ओर से घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उज्ज्वला योजना और सामान्य श्रेणी के घरेलू रसोई गैस के ग्राहकों दोनों के लिए एलपीजी की कीमत में इजाफा किया गया है।

## पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा, लेकिन जनता पर नहीं पड़ेगा बोझ

**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2–2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। राहत की बात यह है कि उत्पाद शुल्क के बढ़ने से आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार–चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल–डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो–दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। आदेश में कहा गया है कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

### बाजार पर भारी पड़ा ट्रंप टैरिफ, सेंसेक्स 2227 अंक टूटा, निफ्टी 22200 से फिसला

# निवेशकों को 14 लाख करोड़ का हुआ नुकसान

नई दिल्ली

**वैश्विक व्यापार युद्ध की चिंता और अमेरिका में मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच सोमवार को पूरी दुनिया के शेयर बाजार में भारी बिकवाली दिखी। भारतीय बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा और सेंसेक्स व निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स में 2,226.79 अंकों की गिरावट आई। यह बीते10 महीनों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।**

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक या 2.95 प्रतिशत टूटकर 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब इसमें गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान सूचकांक 3,939.68 अंक या 5.22 प्रतिशत गिरकर 71,425.01 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 742.85 अंक या 3.24 प्रतिशत गिरकर 22,161.60 पर बंद हुआ। इंट्रा–डे में बेंचमार्क 1,160.8 अंक या 5.06 प्रतिशत गिरकर 21,743.65 पर बंद हुआ। इक्विटी बाजार में में मंदी के रुख के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 14,09,225.71 करोड़ रुपये की तेज गिरावट के साथ 3,89,25,660.75 करोड़ रुपये (4.54 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया।

### एशिया के दूसरे बाजारों का हाल और खराब



**बीएसई के 3,515 शेयर कमजोर हुए, 570 शेयरों में तेजी :** बीएसई पर 3,515 शेयरों में गिरावट आई, 570 में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि बीएसई पर 775 शेयर अपने 52–सप्ताह के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए, जबकि 59 कंपनियां 52–सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ( अनुसंधान ) प्रशांत तापसे ने कहा, कच्चे तेल और कई धातुओं की कीमतों में पहले से ही गिरावट देखी जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि यदि मौजूदा रुझान जारी रहा तो मांग में कमी आएगी।

एशियाई बाजारों में, हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक 13 प्रतिशत से अधिक गिर गया, टोक्यो का निक्केई 225 लगभग 8 प्रतिशत गिर गया, शंघाई एसएसई कम्पोजिट सूचकांक 7 प्रतिशत से अधिक गिर गया और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 5 प्रतिशत से अधिक गिर गया। यूरोपीय बाजार भी भारी बिकवाली दबाव में आ गए और 6 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 में 5.97 प्रतिशत, नैस्डैक कंपोजिट में 5.82 प्रतिशत और डॉव में 5.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### क्रिप्टो मार्केट भी गिरा, 77 हजार डॉलर से भी नीचे आया बिटकॉइन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में हलचल मचने के साथ ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भी जबरदस्त गिरावट आ गई है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत लगातार गिरती जा रही है। जनवरी में 1,09,000 डॉलर के स्तर को पार करने वाला बिटकॉइन आज के कारोबार में 76,753 डॉलर के स्तर तक गिर चुका है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में स्ट्रैटेजिक क्रिप्टो रिजर्व बनाने और क्रिप्टो से जुड़े नियमों में ढील देने की बात कही थी। इसी वजह से चुनाव परिणाम आने के बाद बिटकॉइन की कीमत में जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। चुनाव परिणाम आते ही 6 नवंबर, 2024 को इस क्रिप्टो करेंसी ने पहली बार 75 हजार डॉलर के आंकड़े को पार किया था। इसके बाद लगातार तेजी दिखाते हुए ये क्रिप्टो करेंसी 20 जनवरी, 2025 को अपने सर्वोच्च स्तर 1,09,114.88 डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गई।

### वैश्विक तापमान चार डिग्री बढ़ा तो 40 प्रतिशत गिरेगी अर्थव्यवस्था

## चिंताजनक : भीषण गर्मी से कार्यक्षमता पर पड़ रहा असर

नई दिल्ली, (हि.स.)

**नई दिल्ली अगर वैश्विक तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो इस सदी के अंत तक वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) में करीब 40 प्रतिशत तक की गिरावट हो सकती है। पहले के शोधों में यह गिरावट 11प्रतिशत आंकी गई थी, लेकिन नए अध्ययन से पता चला है कि वास्तविक नुकसान इससे लगभग चार गुना हो सकता है। अध्ययन ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स के वैज्ञानिकों ने किया है और इसके निष्कर्ष एनवायर्नमेंटल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।**

अध्ययन के अनुसार अगर तापमान वृद्धि को दो डिग्री तक सीमित भी कर लिया तो भी प्रति व्यक्ति औसत जीडीपी में 16 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। यह पूर्व के अनुमानों से कहीं अधिक गंभीर स्थिति को दर्शाता है, जहां केवल 1.4 फीसदी की गिरावट का अनुमान लगाया गया था। तापमान वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर धीमी हो जाएगी और इसका प्रभाव दुनियाभर के लोगों के जीवन पर पड़ेगा। पहले यह माना जाता था कि रूस और उत्तरी यूरोप जैसे ठंडे देशों को जलवायु परिवर्तन से लाभ हो सकता है, लेकिन नए निष्कर्ष बताते हैं कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को इतना व्यापक नुकसान होगा कि सभी देश प्रभावित होंगे, क्योंकि वे एक–दूसरे की आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भर हैं।



### गर्म होते समुद्र व्हेलों के प्रवास में बाधा

हर साल हंपबैक व्हेल दक्षिण–पूर्वी प्रशांत महासागर से अंटार्कटिका तक लगभग 10,000 किलोमीटर की लंबी यात्रा करती हैं, ताकि वे वहां जाकर भोजन प्राप्त कर सकें। लेकिन हाल के अध्ययनों से पता चला है कि बढ़ते समुद्री तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण इस प्रवास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस अध्ययन को 'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित किया गया है। मैकगिल विवि के शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की गई कि व्हेल यह कैसे तय करती हैं कि प्रवास कब शुरू करना है। 2009 से 2016 के बीच सैटेलाइट टैग की गई 42 व्हेलों के मूवमेंट को ट्रैक किया गया।

### चरम मौसमी घटनाओं से अर्थव्यवस्थाओं पर भारी प्रभाव

वैश्विक तापमान में वृद्धि से होने वाली प्राकृतिक आपदाएं अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं। सूखे की वजह से फसलें नष्ट हो रही हैं। बाढ़ और तूफान से इमारतें ध्वस्त हो रही हैं। आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है, जिससे वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है।

### गर्मी से कार्य क्षमता और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा

शोधकर्ताओं का कहना है कि बढ़ती गर्मी न केवल लोगों की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाल रही है। अत्यधिक गर्मी के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां उन क्षेत्रों में भी फैलने लगी हैं, जहां पहले ये नहीं पाई जाती थीं। जलवायु परिवर्तन के कारण संघर्ष और विस्थापन की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

## वैश्विक मंदी की आशंका से कच्चा तेल 60 डॉलर लुढ़का



नई दिल्ली, (हि.स.)

अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी ने दुनिया भर के स्टॉक मार्केट को तबाह करने के साथ ही ग्लोबल मार्केट में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) की कीमतों को भी 4 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। आज ब्रेंट क्रूड गिर कर 62.53 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड भी 60 डॉलर के लेवल से भी नीचे लुढ़क कर 59 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया।

जानकारों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी के कारण आर्थिक मंदी का डर बन गया है। ऐसा होने पर क्रूड ऑयल के ग्लोबल डिमांड में भी कमी आएगी। इसी आशंका की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। माना जा रहा है कि अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी की वजह से ट्रेड वॉर शुरू हो सकता है, जिसके कारण आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। अनिश्चितता के कारण पिछले सप्ताह भी कच्चे तेल की कीमत में करीब 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञान दान अभियान की प्रेरणादायक शुरुआत



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 7 अप्रैल 2025 से 'ज्ञान दान अभियान' की शुरुआत की गई है। इस सराहनीय पहल का शुभारंभ राज्य कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह ने किया। अभियान का जरूरतमंद विद्यार्थियों तक प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक किताबों को पहुँचाना है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। सीईओ श्रीमती सिंह ने आमजन से आग्रह किया गया है कि वे पुरानी व उपयोग में न आने वाली यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, स्कूल-कॉलेज स्तर की किताबें और सामान्य ज्ञान व संदर्भ ग्रंथ दान कर सकते हैं। ये पुस्तकें आजीविका मिशन के राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यालयों, सीटीसी-सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र या गांवों में मौजूद स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों के माध्यम से एकत्र की जाएंगी। यह अभियान किताबों का आदान-प्रदान कर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की एक सशक्त मुहिम है। आमजन से अपील है कि वे इस अभियान से जुड़कर किसी के सपनों को उड़ान देने में भागीदार बनें।

### विद्युत भार (लोड) स्वीकृत करवायें एवं जुर्माने से बचें

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनों निम्नदाब के गैर घरेलू और औद्योगिक (पॉवर) उपभोक्ताओं के परिसरों का व्यापक चैकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान उपभोक्ता परिसर में विद्युत भार (लोड) में वृद्धि के प्रकरण पकड़े जा रहे हैं। कंपनी द्वारा विद्युत भार की वृद्धि स्वेच्छा से कराने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने का भी अभियान इन दिनों चलाया जा रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कंपनी के पोर्टल पर स्वेच्छिक ऑनलाइन आवेदन कर भार वृद्धि करा लें। बिजली कंपनी में नवीन कनेक्शन के लिए जब कोई व्यक्ति अधिकृत आवेदन देता है तो उसके परिसर में भार (लोड) की गणना कर भार निर्धारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में नया कनेक्शन देने के लिए बिजली कर्मचारी परिसर का लोड सर्वे करते हैं। यह भार (लोड) विद्युत प्रणाली में जोड़ा जाता है। इसलिए इसे संयोजित भार या कनेक्टेड लोड कहा जाता है। उपभोक्ता को बिजली कंपनी के साथ सहयोग कर भार की सही गणना कराना चाहिए ताकि विद्युत प्रणाली सुचारू रूप से संचालित की जा सके। उपभोक्ता द्वारा परिसर में कनेक्शन लेने के कुछ अन्तराल बाद कुछ नये विद्युत उपकरणों को स्थापित कर भार बढ़ा लिया जाता है। यह बढ़ा भार बिजली कंपनी के कार्यालय में यदि स्वीकृत नहीं कराया जाता है तो चैकिंग के दौरान भार वृद्धि का प्रकरण बन जाता है और उपभोक्ता को जुर्माना भरना पड़ता है। यदि उपभोक्ता के परिसर में भार वृद्धि का प्रकरण मिलता है तो ऐसे उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बढ़े हुए भार की अनुपातिक खपत पर दो गुनी दर से शुल्क वसूली का प्रावधान है।

# निष्ठा, धैर्य के साथ न्याय संगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व : राज्यपाल पटेल

## राज्यपाल, एडीपीओ ट्रेनिंग के समापन सत्र में हुए शामिल

विनय उजाला




**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि निष्ठा और धैर्य के साथ न्यायसंगत दलील देना लोक अभियोजक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि तथ्य ही सत्य है। तथ्यों पर आधारित दलील का कानून स्वाभाविक रूप से साथ देता है।**

उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि क्षमताओं और कार्यकुशलता को विकसित कर विभाग को और अधिक ऊँचाइयों पर पहुँचाने की चुनौती में प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान तथा अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी होगा। राज्यपाल पटेल सोमवार को केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी (सीएपीटी) भोपाल में आयोजित सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर 10 सहायक लोक अभियोजकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने अकादमी परिसर में गोल्डन चंपा का पौधा भी लगाया। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सहायक लोक अभियोजक के रूप में उनका चयन कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद हुआ है, क्योंकि सरकारी नौकरी व्यवसाय मात्र नहीं है। यह वंचितों के जीवन में खुशहाली लाकर देश, प्रदेश और समाज के विकास के द्वारा सुखद भविष्य बनाने की प्रतिबद्ध सेवा का संकल्प है। उन्होंने लोक सेवक के रूप में इस चुनौती को स्वीकार करने के लिए प्रशिक्षु अधिकारियों का अभिनंदन किया। यह अपेक्षा की है कि न्याय के मंदिर में वह निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य के उच्च मानदण्ड स्थापित करेंगे।

लोकायुक्त न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लोक शांति राज्य का दायित्व है। लोक शांति के लिए अपराधिक न्याय प्रणाली का मजबूत होना आभारभूत आवश्यकता है। इस कार्य में लोक अभियोजकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे न्याय को सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन अधिकारी के विहित दायित्वों का निर्वहन जितनी कुशलता और निष्ठा से करेंगे, परिणाम उतने ही अच्छे मिलेंगे।

### न्यायपालिका लोकतंत्र का वो स्तम्भ है, जिस पर गहरी आस्था है

राज्यपाल पटेल ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वो स्तम्भ है, जिस पर नागरिकों की गहरी आस्था है। वह उसे सबसे अधिक आदर भाव से देखते हैं। न्याय व्यवस्था में अभियोजन अधिकारियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, बहुआयामी है। उनकी जिम्मेदारी पीड़ितों के लिए मुकदमा चलाने तक सीमित नहीं है। कोर्ट के समक्ष सबूत पेश कर दोषी को सजा और पीड़ित को न्याय दिलाना है। अभियोजन अधिकारी के रूप में अपराध नियंत्रण में पुलिस की जांच में गुणवत्ता लाने, शासकीय विभागों को कानूनी सलाह देने, प्रकरणों में अपील करवाने और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# पारंपरिक चिकित्सा के संरक्षण की दिशा में झाबुआ में ऐतिहासिक पहल

## मंत्री सुश्री भूरिया ने किया डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार कार्यशाला का शुभारंभ

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि वर्तमान में पारम्परिक चिकित्सा पद्धति और औषधीय वनस्पतियों से जुड़े सदियों पूराने ज्ञान को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है।**

झाबुआ जिले में पारम्परिक औषधीय ज्ञान को संरक्षित करने की ऐतिहासिक पहल की गई है। डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार कार्यशाला का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि झाबुआ की धरती पर लोक ज्ञान का अपार भंडार है। इस कार्यशाला में 75 से अधिक पारम्परिक जड़ी-बूटी विशेषज्ञों को एकत्रित किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि जिले के सभी विकासखंडों से एकत्रितहुएइन विशेषज्ञों ने इस अंचल में पाये जाने वाले जड़ी बूटियों का परम्परागत ज्ञान साझा किया है। उन्होंने कहा कि यह परम्परागत ज्ञान विलुप्त न हो जाये और आने वाली पीढ़ियों तक इसके हस्तांतरण के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पूरी दुनिया ने कोरोना काल में आयुर्वेद की शक्ति को पहचाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया है और देश भर में आयुर्वेद का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और इसी से परम्परागत ज्ञान को लिपीबद्ध करने से इसको संरक्षित किया जा सकेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि भविष्य में सभी जानकारियों का सुव्यवस्थित संकलन कर हिन्दी और अंग्रेजी में दस्तावेज तैयार किये जायेगें। इसमें जड़ी बूटियों के नाम, स्त्रोत, प्रयोग विधि, मात्रा, उपलब्धता और उपचार की प्रक्रिया को विस्तार से दर्ज किया जायेगा। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि पिछले 6 माह में जिले के सभी विकासखंडों में जड़ी बुटी विशेषज्ञों का सर्वेक्षण कर 157 विशेषज्ञों की सूची तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रयास केवल जानकारी का संग्रह नहीं बल्कि परम्परिक चिकित्सा पद्धति के दस्तावेजीकरण की एक सशक्त शुरूआत है।

# बनासकांठा दुर्घटना के प्रभावित परिवारों को हर संभव की जा रही है मदद

**भोपाल, निप्र। गत दिनों गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में हरदा जिले के प्रभावित परिवारों को प्रशासन द्वारा हर संभव मदद देने की कार्यवाही लगातार जारी है।**

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि दुर्घटना में मजदूर परिवारों के कुल 11 सदस्यों की मृत्यु हो गई थी। इन सभी 11 मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री सहायता कोष से दो-दो लाख रुपए तथा गुजरात शासन की ओर से चार-चार लाख रुपए की मदद स्वीकृत की गई है। इसके अलावा सभी 11 मृतकों के परिजन को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की राशि से 2-2 लाख रुपए की मदद मृतकों के परिजनों को दी जा चुकी है। साथ ही संबल अनुग्रह योजना से 3 मृतक श्रमिक के परिवारों को चार-चार लाख रुपए की मदद भी दी गई है। हरदा कलेक्टर सिंह ने बताया कि संबल योजना में पंजीबद्ध 8 मृतक मजदूरों के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता के रूप में पांच-पांच हजार रुपए की सहायता भी दी गई है। उन्होंने बताया कि 2 घायल मजदूरों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 50-50 हजार रुपए तथा गुजरात सरकार की ओर से 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की कार्यवाही जारी है। दोनों घायल मजदूरों को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 50-50 हजार रुपए की मदद दी जा चुकी है। प्रभावित परिवारों में से राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत पात्र पाए गए 2 परिवारों को 20-20 हजार रुपए स्वीकृत करने की कार्यवाही भी की जा रही है।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

विनय उजाला




**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण की फैक्ट्री होते हैं और शिक्षकगण इन संस्थाओं के कुशल कारीगर होते हैं। उन्होंने श्री रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए।**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अपने ज्ञान का प्रयोग समाज के उत्थान में करें। केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं, समाज और देश के विकास में भी भागीदारी आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बड़े पद पर पहुँचने के बाद ही असली कार्य प्रारंभ होता है। अपने योगदान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे राष्ट्र के तीव्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अधोसंरचना, आर्थिक समृद्धि, और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को दोहराया और कहा कि 'स्किल, स्केल और स्पीड' के तीन स्तंभों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को उद्धत करते हुए कहा कि धरती से दौलत निकालनी होगी- इस विचारधारा को मूर्त रूप देते हुए 'नदी जोड़ो परियोजना' के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नव युग की शुरुआत हो रही है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज युवाओं के पास विकास के बहुत अवसर हैं। इन अवसरों का लाभ उठायें। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का सदुपयोग स्वयं, समाज, देश और विश्व के कल्याण के लिये करें। उन्होंने कहा कि समाज युवाओं की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है और युवाओं को इस भरोसे पर खरा उतरना होगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह स्मारिका तथा कंप्यूटर एक परिचय पुस्तक के 41वें संस्करण का विमोचन भी किया। समारोह में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे, इसरो के वरिष्ठ एयरोस्पेस वैज्ञानिक श्री राधाकांत पाढ़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को अपने अधिकारों की जानकारियां होना चाहिए : गुलशन बामरा

**भोपाल, निप्र।** प्रमुख सचिव जनजाति श्री गुलशन बामरा ने कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों के साथ अपने से वरिष्ठ अधिकारी के अधिकारों की भी जानकारियॉ होना चाहिए। प्रमुख सचिव श्री बामरा सोमवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के 22 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। हमारी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, जब प्रदेश की कुल जनसंख्या के एक तिहाई से अधिक लोगों के विकास और उन्नति का दायित्व हमें सौंपा गया हो। इस अवसर पर आयुक्त श्री श्रीमन शुक्ल एवं आयुक्त सुश्री वंदना वैद्य भी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त, सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अधिसूचना जाति कल्याण विभाग की दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों के विभागीय प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन प्रमुख सचिव श्री बामरा ने अधिकारियों से उनके स्थापना संबंधी दैनंदिनी कार्य, जिसमें शासकीय सेवा में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशासन संबंधी कार्य जिसमें नियुक्ति, पदस्थापना, अनुकंपा नियुक्ति, गोपनीय चरित्रावली पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण पर अधिकारियों से सवाल जबाव भी किए। प्रमुख सचिव श्री बामरा ने कहा कि हमें अपने दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए।

# नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में राज्य सरकार की और से की जायेगी हर संभव मदद



## नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय की अध्यक्षता में हुई नगर निगमों के महापौर की बैठक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि प्रदेश के 16 नगर निगमों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में राज्य सरकार की और से हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि निकायों को और अधिक अधिकार देकर सशक्त बनाया जायेगा।**

नगर निगम महापौरों को सुरक्षा की दृष्टि से गनमैन दिलाने के लिये गृह विभाग को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को विकास कार्यों में तेजी लाने के लिये महापौर से बेहतर समन्वय रखने के निर्देश भी दिये। मंत्री श्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में प्रदेश के नगर निगम महापौर और आयुक्तों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय और नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त श्री सिबि चक्रवर्ती भी मौजूद थे।

बैठक में 19 जुलाई, 2024 को नगरीय विकास मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन की समीक्षा की गयी। बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनी को वैधता देते समय इस बात का ख्याल रखा जाये कि इससे नगर के विकास में रुकावट न आये। बैठक में सौर ऊर्जा के माध्यम से नगरीय निकायों के बिजली बिलों में कमी लाने पर चर्चा की गयी। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रत्येक नगर निगम इसके लिये कार्य-योजना तैयार कर ले। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि अनेक निविदाकार कम दर पर निर्माण कार्य की निविदा प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन काम की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देते हैं।

### सड़क प्रकाश व्यवस्था में टाइमर लगाने पर चर्चा हुई

कंपाउंडिंग के वर्तमान प्रावधान को 30 जून, 2025 तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। महापौर परिषद को नगरीय निकायों द्वारा दी गयी लीज में भू-अधिकार प्रदान करने के अधिकार प्रदाय किये जायें। इसके लिये एक माह का अभियान चलाया जाये। जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अधिकार नगरीय निकायों को विकेन्द्रीकृत किये जायें। नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्य के अध्ययन के लिये देश के अन्य नगरीय निकाय में नियमित भेजने का कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश। बैठक में चुंगी क्षतिपूर्ति की अनुदान राशि के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में नगर निगमों के सेवा प्रभार की दर को तय करने के लिये संचालनालय स्तर पर स्लेब तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के निर्माण कार्यों की जानकारी संबंधित महापौर को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये।

## केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा अनुबंध

# मध्यप्रदेश में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आय : मुख्यमंत्री

विनय उजाला




**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकार से समृद्धि के विजन के अंतर्गत मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है।**

मध्यप्रदेश सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने विशेष स्थान बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में संपन्न बैठक में यह बात कही।

### स्थापित होंगे नए अत्याधुनिक संयंत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अत्याधुनिक संयंत्र भी स्थापित होंगे। जहां दुग्ध संघों के संयंत्र पुराने हो गए हैं वहां नए अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। प्र-संस्करण क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन से 30 लाख लीटर प्रतिदिन की जाएगी। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि से दुग्ध उत्पादक संस्थाएं भी सुदृढ़ होंगी। किसानों को किसानी के अलावा आमदनी का नया महत्वपूर्ण स्रोत उपलब्ध होगा, जो प्रदेश की प्रगति में भी सहायक होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में आगामी 13 अप्रैल को भोपाल में हो रहे राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता और गृहमंत्री श्री अमित शाह का आगमन प्रस्तावित है। बैठक में डेयरी विकास एवं पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ता मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उतपादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है कि किसानों और पशुपालकों से दूध की खरीद सुनिश्चित हो और उन्हें दूध की सही कीमत प्राप्त हो। श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य होगा। प्रदेश का दुग्ध उत्पादन में देश में तीसरा स्थान है।

# राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 1530 अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण : कृषि मंत्री कंषाना

**भोपाल, निप्र। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।**

खेती की आधुनिक पद्धतियों, कृषि यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर दी जा रही है, जिससे कि वे क्षेत्र में जाकर किसानों को उनसे अवगत करा सकें। राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 में 57 प्रशिक्षणों के द्वारा 1530 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान बरखेड़ी कला, भोपाल कृषि की आवश्यकता अनुसार विभिन्न विषयों पर विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कृषि एवं संवर्गीय विभाग के अधिकारियों के 54 प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिससे 1338 प्रशिक्षणार्थियों को लाभ मिला। आत्मा योजना क्रियान्वयन के लिए 2 रिव्यू वर्कशॉप के माध्यम से 155 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। स्टेट लेवल वर्कशॉप ऑन ट्रेंनिंग नीड असेसमेंट के प्रशिक्षण द्वारा 37 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। मंत्री कंषाना ने कहा कि पिछले एक वर्ष में 30 विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इनमें सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट, एग्रो फॉरेस्ट्री फॉर इंक्रीजिंग फार्मर्स इनकम, ओरिएंटेशन ऑन फ्लैगशिप स्कीम्स, रिफ्रेशर ट्रेनिंग फॉर आत्मा फंशनरीज और रिफ्रेशर ट्रेनिंग फॉर फॉर्म मैनेजर विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 37/1, महादजी मार्ग, कार्तिक चौक, उज्जैन से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - पराग पांचाल*,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, 0734-4011949, मो. 9425910888, 9424515199, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.